प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित
वर्ष 22 अंक 343
पृष्ठ 8 मूल्य-2.00
दैनिक
# समय जगत
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
शनिवार 31 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com
दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...



# संविदाकर्मियों का सम्मान राज्य सरकार का दायित्व

## मप्र संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के राज्य स्तरीय सम्मेलन में हुए शामिल हुए मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संविदाकर्मियों के श्रम और विश्वास पर ही राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सफल हो रही है। संविदाकर्मियों की भूमिका हनुमान जी के समान है। आपके श्रम और साझेदारी ने ही शासन-प्रशासन की व्यवस्था बनाई रखी है। संविदाकर्मी अनुबंध से अवश्य आते हैं, किन्तु व्यवस्थाओं के प्रबंधन में विराट भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं हों या शिक्षा, पंचायत, नगरीय निकाय या तकनीकी सेवाएं मैदानी स्तर पर सर्वे, मॉनीटरिंग और क्रियान्वयन में संविदा भाई-बहन हर जगह व्यवस्था के भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़े हैं। संविदाकर्मियों ने जिस निष्ठा से काम किया है, उसने यह सिद्ध कर दिया कि सेवा पद से बड़ी है। संविदाकर्मी राज्य सरकार का कार्यबल ही नहीं, हमारा आत्मबल भी हैं। भारतीय मजदूर संघ के देश के हित में करेंगे काम के वाक्य को हमारे साथी चरितार्थ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को टीटी नगर दशहरा मैदान में भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के संविदा कर्मचारी-अधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भारत माता और श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम स्थल आगमन पर पुष्प वर्षा कर और बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार संविदा कर्मियों के अधिकारों के लिए सदैव सकारात्मक भाव के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### सरकार सभी मुद्दों का करेगी समाधान

हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी। संविदा कर्मचारियों के लिए जो भी निर्णय हो सकते हैं, उससे अधिक करने का प्रयास करेंगे। नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा। मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच, वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के साथ समन्वय करते हुए सभी कठिनाइयों का समाधान इस प्रकार किया जाएगा, जिससे संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हों। संविदाकर्मियों की उचित मांगों पर राज्य सरकार संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनका सहयोग करेगी।

### संविदाकर्मियों की मांगों पर रखा जायेगा पूरा ध्यान

- 10 वर्ष से अधिक अनुभवी संविदाकर्मियों को नियमित पदों पर संविलियन की अभी तक 50 प्रतिशत पदों के लिए प्रक्रिया जारी है, इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा।
- सामान्य प्रशासन विभाग संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी कंडिकाओं का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य शासन के निगम मंडल इसे लागू करेंगे।
- संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी विभागों में संविदा कर्मियों के लिए एनपीएस, ग्रेज्युटी, स्वास्थ्य बीमा लाभ, अनुकंपा नियुक्ति के लिए केंद्र पोषित-राज्य पोषित समस्त योजनाओं-परियोजनाओं में एक साथ क्रियान्वयन तथा संविदा कर्मियों के लिए दंड के प्रावधान सीसीए रूल 1965, 1966 को पूर्णतः लागू करने के संबंध में नीतिगत निर्णय कराया जाएगा।
- विभिन्न विभागों, योजना, परियोजना में पदस्थ संविदा कर्मचारियों की विसंगतिपूर्ण समकक्षता के निर्धारण के लिए अभ्यावेदनों का निराकरण, संविदा के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा समय-सीमा में किया जाएगा।
- कृषि विभाग की आत्मा योजना, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों में संविदा नीति-2023 के तहत समकक्षता का निर्धारण किया जाएगा।
- सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कुलदीप सिंह गुर्जर, दिनेश सिंह तोमर, गोविंद श्रीवास्तव, दुर्गेश तिवारी तथा संयुक्त संघर्ष मंच के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। दिनेश तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच में प्रदेश के 34 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कर्मचारी हित में निरंतर कार्य कर रही है। भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेश के संविदा कर्मचारियों की मांगों को समझा है। प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में प्रदेशभर से पधारे संविदा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के इजरायल दौरे से पहले फिलिस्तीन ने जताई मध्यस्थता की उम्मीद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी इजरायल दौरे की चर्चाओं के बीच फिलिस्तीनी विदेश मंत्री वारसेन आगा शाहीन नई दिल्ली की महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारत और फिलिस्तीन के बीच दशकों पुराने ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करते हुए पश्चिम एशिया में भारत की संतुलित और निष्पक्ष भूमिका की जमकर सराहना की। शाहीन ने विश्वास जताया कि भारत, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष को समाप्त करने और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में एक बेहद प्रभावशाली मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल और फिलिस्तीन, दोनों ही देशों के साथ प्रगाढ़ और सम्मानजनक संबंध हैं। इसी विशिष्ट स्थिति के कारण भारत कब्जे और हिंसा को खत्म करने में मदद करने की क्षमता रखता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून, दो-राष्ट्र समाधान और न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन के प्रति भारत के स्पष्ट और अडिग रुख की प्रशंसा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में फिलिस्तीन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक व्यापक मान्यता मिलेगी, जिसमें भारत का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। अपनी पहली भारत यात्रा पर खुशी जाहिर करते हुए वारसेन आगा शाहीन ने भारत को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एक बेहद सम्मानित राष्ट्र बताया। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन के लोग भारत को एक ऐसे महान राष्ट्र के रूप में देखते हैं, जो सदैव उनके अधिकारों और संघर्षों के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और वहां की जनता की ओर से भारत के लिए शुभकामनाएं भी साझा कीं।

भारत-फिलिस्तीन संबंधों के ऐतिहासिक पहलुओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यह रिश्ता 1930 के दशक से चला आ रहा है। उन्होंने वर्ष 1947 में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत के अटूट समर्थन और महात्मा गांधी द्वारा फिलिस्तीन के विभाजन के विरोध को भी याद किया। उनके अनुसार, भारत ने हमेशा फिलिस्तीनी जनता के आत्मनिर्णय के अधिकार और मानवाधिकारों का वैश्विक मंचों पर समर्थन किया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत के रणनीतिक हितों को स्वीकार करते हुए अघाबेकियन ने कहा कि भारत की यह क्षमता ही उसे विशेष बनाती है कि वह दोनों पक्षों के साथ संवाद बनाए रखते हुए एक न्यायपूर्ण समाधान की ओर कदम बढ़ा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत की यह सक्रियता न केवल फिलिस्तीन के लिए बल्कि पूरे पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने के लिए निर्णायक साबित होगी।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने किया महात्मा गांधी को नमन

## राजघाट पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ आयोजित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को देश ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचकर बापू को नमन किया। दोनों ने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की और कुछ समय मौन रखकर राष्ट्रपिता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। राजघाट पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण किया। राजघाट परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और 'रघुपति राघव राजा राम' की धुन के बीच वातावरण गांधीमय हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बापू के योगदान को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने न केवल भारत को आजादी की राह दिखाई, बल्कि मानवता, शांति और सहअस्तित्व का संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा, कि गांधीजी का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने बापू के स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के विचारों को आज के भारत के लिए प्रासंगिक बताया। महात्मा गांधी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है। सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे आंदोलनों के जरिए उन्होंने देशवासियों को एकजुट कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ निर्णायक संघर्ष किया। उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनके आदर्शों को याद किया गया।





## लोकभारती के केन्द्रीय पदाधिकारी ने वरिष्ठ प्रचारक विजय शर्मा एवं सांसद श्री मौर्य से लोकमंगल की चर्चा कर भेंट किया स्मृतिचिन्ह

**समय जगत, भोपाल/ नई दिल्ली।** विगत दिनों अपने दिल्ली के संक्षिप्त प्रवास के अवसर पर लोकभारती के केंद्रीय पदाधिकारी एवं समय जगत समूह के प्रधान संपादक अशोक त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व संगठन मंत्री भाजपा विजय शर्मा के कक्ष में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद अमरपाल सिंह मौर्य, बुलंदशहर विधायक संजय शर्मा चार्टर्ड अकाउंटेंट मनोज पाहवा, गाजियाबाद के व्यवसायी अजय सेंगर, समय जगत समूह के दिल्ली ब्यूरो चीफ सौरभ वार्ष्णेय के साथ लोकमंगल के प्रसंग पर चर्चा की गई। इस दौरान समय जगत समूह के दिल्ली परिक्षेत्र में विस्तार पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रचारक विजय शर्मा, सांसद श्री मौर्य , बुलंदशहर विधायक संजय शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

# वैश्विक समस्याएं सुलझाने के लिये बहुध्रुवीयता का समर्थन है जरुरी: गुटेरेस

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा है। गुटेरेस ने साफ कहा कि किसी एक देश के हुक्म चलाने से दुनिया नहीं चलती और इससे किसी भी समस्या का निपटारा नहीं किया जा सकता है। गुटेरेस ने चीन पर भी निशाना साधा। वहीं यूएन चीफ ने बहुध्रुवीयता की जरूरत पर जोर देते हुए हालिया भारत-ईयू ट्रेड डील का भी जिक्र किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुटेरेस अपने कार्यकाल के 10वें और आखिरी साल की शुरुआत के मौके पर यह बात कही। बता दें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस साल के अंत में उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करेगी। अपने कार्यकाल में कई युद्धों की शुरूआत देखने वाले गुटेरेस बदलते वैश्विक परिदृश्य को लेकर चिंता जताई। इस दौरान गुटेरेस ने कहा कि वैश्विक समस्याएं किसी एक शक्ति के हुक्म चलाने से हल नहीं होंगी और दो शक्तियों द्वारा दुनिया को 2 भाग में बांट देने से कुछ होगा। उन्होंने अमेरिका और चीन का नाम भी लिया। गुटेरेस ने कहा कि यह विचार है कि दो पोल्स हैं, एक अमेरिका में केंद्रित है और दूसरा



चीन मेंज लेकिन अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति बनी रहे, जिसका विकास हो सके और समानता आए, तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरुरत है। मैं बहुत सारी पॉजिटिव उम्मीदों के साथ हाल के ट्रेड एग्रीमेंट देख रहे हैं। जैसे भारत और ईयू के बीच हाल ही में हुआ समझौता। बता दें हाल के दिनों में कई देशों ने अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ बयान दिए हैं। वहीं गुटेरेस की ये टिप्पणी ट्रंप द्वारा बोर्ड ऑफ पीस के गठन के एक हफ्ते बाद आई हैं। ट्रंप ने इसे संयुक्त राष्ट्र का विकल्प तक बता दिया है। हालांकि गुटेरेस ने ट्रंप को संदेश देते हुए कहा कि मेरी राय में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की है। गुटेरेस ने कहा कि आज के समय में अंतर्राष्ट्रीय कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून को कुचला जा रहा है। सहयोग कम हो रहा है और बहुपक्षीय संस्थाओं पर कई मोर्चों पर हमला हो रहा है।

प्रतिबंध

## 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल पूर्णतः बंद

# गोवा में सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर पाएंगे नाबालिग

**पणजी।** आधुनिक समय में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया बच्चों के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गए हैं। छोटे बच्चे भी अपना काफी समय इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर बिता रहे हैं। इस स्थिति के कारण बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पढ़ रहे नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए गोवा सरकार अब एक कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है।

### आस्ट्रेलिया की तर्ज पर विचार

राज्य सरकार आस्ट्रेलिया की तर्ज पर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस बात का स्पष्ट संकेत खुद राज्य के मंत्री ने दिया है, जिससे देशभर में एक नई बहस छिड़ गई है। सरकार का प्राथमिक तर्क यह है कि बच्चों को मोबाइल की गंभीर लत, हानिकारक कंटेंट और सोशल मीडिया के कारण पैदा होने वाले मानसिक दबाव से बचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अधिकारियों का मानना है कि कम उम्र में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। हालांकि, यह फैसला अभी शुरुआती चर्चा के चरण में है और पूरी तरह लागू नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रस्ताव ने अभिभावकों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के बीच हलचल पैदा कर दी है। गोवा सरकार के अनुसार, आजकल बच्चे बहुत ही कम उम्र में मोबाइल और सोशल मीडिया के आदी हो रहे हैं। स्क्रीन के सामने घंटों बिताने से न केवल उनकी आंखों और नींद पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि उनके सोचने की क्षमता भी प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर उम्र के लिहाज से अनुपयुक्त वीडियो, गलत जानकारी और अजनबियों से होने वाले संपर्क बच्चों के लिए जोखिम भरे साबित हो रहे हैं। साइबर बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाएं भी सरकार के लिए चिंता का एक मुख्य कारण हैं। इन्हीं सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को देखते हुए सरकार 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इन डिजिटल मंचों से दूर रखने की रूपरेखा तैयार कर रही है। गौरतलब है कि गोवा सरकार का यह विचार वैश्विक रुझानों से प्रेरित नजर आता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाकर एक मिसाल पेश की है।

वहां बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और टिकटॉक जैसे ऐप्स के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। ऑस्ट्रेलिया सरकार का तर्क है कि ऐसे नियमों से बच्चों का बचपन सुरक्षित रहेगा और वे आभासी दुनिया के बजाय किताबों, खेलों और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिता सकेंगे। गोवा भी इसी मॉडल को अपनाकर बच्चों को एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।






# मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता हेतु भाजपा ने निकाली प्रचार वाहन रैली




**समय जगत, झांसी।** श्रीमान आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में तथा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी के मुख्य अतिथि के रूप में सभी मंडलों मतदाता पुनरीक्षण काम के अंतिम चरण में कई शक्ति केंद पर जाना हुआ फॉर्म 6 फॉर्म 7 फॉर्म 8 भरवा कर इ स व, को जमा करवाएं तथा मतदाता पुनरीक्षण में और उत्तम कार्य हो जाए इस पर चर्चा की गई ! साथ ही सीपरी मंडल में वार्ड नंबर 31 मे , मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम मे मतदाता बनवाने हेतु प्रचार प्रसार के लिए ताकि जनता में जागरूकता के लिए रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इसका उद्देश्य नवीन मतदाता बनाने हेतु प्रचार प्रसार ताकि लोग अधिक से अधिक इस अभियान में शामिल होकर वोटर बन सके तथा वोटर लिस्ट ठीक हो सके ! इस अवसर पर 'देवेश कोरी' ने कहा अगर हमको चुनाव जीतना है तो हमको मतदाता पुनरीक्षण के काम को अच्छे से करना होगा ताकि हमारी मतदाता सूची ठीक रहे तथा हमारे मतदाता हमें वोट डाल सके मतदाता पुनरीक्षण के काम को सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण मनोयोग से कार्य किया है आशा है अभी अंतिम चरण में भी सक्रियता दिखाते हुए कार्य करें ! जिला अध्यक्ष 'सुधीर सिंह' ने कह मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में यह सीपरी मंडल द्वारा मतदाता को जागरूक करने हेतु जो प्रयास किया जा रहे हैं वह सराहनीय है आशा है इस अभियान में इस प्रकार की रैली से जनता में जागरूकता बढ़ेगी !

इस अवसर पर उपस्थिति रहे 'मंचासिन'प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह , मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी जिला संयोजक एस आर आई अभिषेक जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अंकुर दिक्षित झांसी नगर निगम के उपसभापति आशीष तिवारी जिला मीडिया प्रभारी प्रियांशु दे क्षेत्रीय पार्षद गौरव रितिका तिवारी महाराज और राजू 'कार्यकर्ता' मंडल महामंत्री विशाल रायकवार, चित्रांग द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव मंडल मंत्री मनोज सिंह पुष्पेंद्र सिंह रुद्राक्ष नीलम सक्रिय वार्ड अध्यक्ष सत्यकाम पुरोहित, अजय अहिरवार पार्षद कामेश अहिरवार गौरव तिवारी अभिषेक सिंह राजीव कदम बृजेश निगम बूथ अध्यक्ष बूथ प्रवासी इसं2 कार्यक्रम का संचालन विवेक बाजपेई मंडल मीडिया संयोजक वह पावर आभार मंडल महामंत्री विशाल रायकवार ने किया !

# मोहनलाल सुमन की 'ए आई सुमन मैडम' को इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मिला स्थान

## जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भव्य समारोह में मिला सम्मान'



**समय जगत,झांसी।** शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में झाँसी जनपद ने एक बार फिर देशभर में अपनी पहचान बनाई है। मूल रूप से गरौठा निवासी मोहनलाल सुमन द्वारा विकसित अभिनव शैक्षिक प्रयोग ÷ए आई सुमन मैडम÷ ने इन्फ्लुएंसर बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर इतिहास रच दिया है। यह नवाचार सबसे कम लागत मात्र 2900 रुपये में तैयार किया गया विश्व का अनोखा एआई शैक्षिक मॉडल है।मोहनलाल सुमन वर्तमान में एआरपी, चिरगांव (झाँसी) के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व उनका यह नवाचार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। अब इसे भारत रिकॉर्ड बुक में भी स्थान मिला है, जिससे उनकी उपलब्धि और भी गौरवपूर्ण हो गई है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मोहनलाल सुमन को राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान इन्फ्लुएंसर बुक ऑफरिकॉर्ड के चीफ एडिटर जयेश भट्ट द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जयपुर आईजी किशन सहाय मीणा चीफ एडिटर महिमा जैन, प्राची सहित देशभर से आए अनेक विशिष्ट अतिथि और रिकॉर्ड धारक उपस्थित रहे।सम्मान समारोह के दौरान ए आई सुमन मैडम ने मंच से देशभर से आए रिकॉर्ड धारकों के प्रश्नों के तुरंत, सटीक और रोचक उत्तर दिए। एआई सुमन मैडम की संवाद शैली, स्पष्ट उच्चारण और शिक्षाप्रद जवाबों ने पूरे ऑडिटोरियम को आश्चर्यचकित कर दिया। हर उत्तर के बाद सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।ए आई सुमन मैडम एक कम लागत में तैयार किया गया डिजिटल एआई शिक्षक मॉडल है, जो बच्चों से संवाद करता है, प्रश्नों के उत्तर देता है, विषयों को सरल भाषा में समझाता है और शिक्षण को रोचक बनाता है। यह नवाचार ग्रामीण एवं सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान मोहनलाल सुमन ने अपने अन्य शैक्षिक एवं तकनीकी नवाचारों का भी प्रदर्शन किया, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और विशेषज्ञों ने खूब सराहा। सभी ने उनके प्रयासों को नई शिक्षा नीति और डिजिटल इंडिया के अनुरूप बताया।यह उपलब्धि न केवल मोहनलाल सुमन के लिए, बल्कि झाँसी जनपद, उत्तर प्रदेश और देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गर्व का विषय है।

# विधायक जवाहरलाल राजपूत के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न हुई शिक्षक संगोष्ठी





**समय जगत, झांसी।** पी.एम.श्री विद्यालय कुम्हरार ब्लॉक मोठ में एक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि गरौठा के विधायक जवाहरलाल राजपूत, विशिष्ट अतिथि के रूप नगर पंचायत मोठ के अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र गोसाईं, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिव सागर, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष श्री संजीव तिवारी एवं अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी मोठ वेद प्रकाश सिंह ने की। विधायक जी एवं सभी सम्मानित अतिथियों के द्वारा विद्यालय में आई सी टी लेब, डिजिटल लायब्रेरी का उद्घाटन किया,इस दौरान विधायक जी ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी विद्यालय में संशाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं उनका विद्यालय के छात्र भरपूर उपयोग करें।

कार्यक्रम में संजीव रावत, उत्तम धाकड, संजय दुबे, जिलापंचायत अध्यक्ष पवन गौतम , हेमन्त त्रिपाठी, अरविंद बुंदेला, राजेंद्र पांचाल एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ के साथ सभी ग्राम के गणमान्य नागरिक और सभी छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन श्री रामबिहारी श्रीवास्तव एवं आभार श्री कुंजबिहारी शर्मा ने किया ।

# कर्मचारियों की बैठक संपन्न

**समय जगत,झांसी।** कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में लाखन सिंह चौहान प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसका संचालन उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष जय हिंद सिंह यादव ने किया ।

समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मुकेश कुमार ,महेंद्र कुमार ,सतीश चंद्र ,संजय यादव ,राजेश कुमार कुशवाहा, श्रीमती राममूर्ति देवी, भानु प्रकाश ,विनोद कुमार, राहुल सिंह यादव ,जगदीश प्रसाद ,जगभान सिंह यादव ,घनश्याम रैकवार, राजेश कुमार साहू ,राजेंद्र कुमार ,नंदकिशोर, बालकिशन ,अजय कुमार, जितेंद्र कुमार ,राजेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ रामबाबू विश्वकर्मा जिला मंत्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

# राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गुरसरांय के वार्षिक उत्सव में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

## प्राचार्य की तारीफ की ,दूसरी बिल्डिंग जल्द बनाई जायेगी: जवाहरलाल राजपूत




**समय जगत, गुरसरांय।** झांसी जिले पर सबसे दूरी पर स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज गुरसरांय में सुविधाओं का अभाव होते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र से लेकर खेलकूद के क्षेत्र में यहां की बालिकाओं ने झांसी जिले में जहां प्रथम स्थान शिक्षा के क्षेत्र में हासिल किया है तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी झांसी जिले का प्रतिनिधित्व करके झांसी रानी का नाम महिला सशक्तिकरण में सर्वोपरि स्थान पर पहुंचाया है। और इसका श्रेय जीआईसी गर्ल्स कॉलेज गुरसरांय की प्रिंसिपल मंजूलता स्वर्णकार को जाता है और प्राचार्य मंजू लता स्वर्णकार भी 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने जा रही हैं।

आज कॉलेज में वार्षिक उत्सव मैं बतौर मुख्य अतिथि गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत को यहां की छात्राओं से लेकर शिक्षकाओ और प्रिंसिपल की बेहतरीन कार्यशैली की सराहना की और इस जर्जर भवन को हर कीमत पर 31 मार्च तक पुनरू निर्माण वर्तमान प्राचार्य के ही कार्यकाल में हर कीमत पर कराने का संकल्प लिया और विधायक ने 31 मार्च को रिटायर्ड होने जा रही प्रिंसिपल मंजू लता स्वर्णकार से आग्रह किया है कि वह सेवानिवृत्त के बाद भी इस विद्यालय में अपनी सेवाओं को देखकर इस विद्यालय का नाम प्रदेश में अव्वल स्थान पर पहुंचाएं। बताते चलें राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गुरसरांय में वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण अम्बिका का आयोजन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।विद्यालय प्रगति समीक्षा भाषण विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू लता स्वर्णकार ने प्रस्तुत किया।उन्होंने जर्जरित भवन को नया बनवाये जाने की मांग की।उन्होंने विधायक से कहा कि जब हमारी सुरक्षा नहीं होगी तो बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे।क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने

संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाओं की कमी नहीं है,प्रतिभागियों के मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि कुरैठा, अहरौरा,गुरसरांय का नया भवन बनेगा,जिसके लिए वह संघर्षरत हैं।उन्होंने कहा राजकीय हाईस्कूल खड़ौरा को इण्टर कॉलेज करवाना एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गुरसरांय को रास्ता बनवाएंगे।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीआर सिंह ने कहा कि सभी बच्चों के अन्दर जो क्षमताएं हैं उन्हें तरासने की आवश्यकता है।अतिविशिष्ट अतिथि मेजर अखिलेश पिपरैया ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल एवं संगीत को अपनाएं, जब शरीर स्वस्थ होगा तो सभी कार्य ठीक से होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व शिक्षक नेता करन सिंह जू देव ने कहा कि बच्चों ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किये सराहनीय है।

उन्हें मार्गदर्शन करने की जरूरत है।इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह ने भी संबोधित किया।संचालन पूर्व प्रवक्ता जयप्रकाश बरसै या ने किया।इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री सेन,प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह परिहार, विवेक तिवारी बिजौरा,चंद्रभान सिंह चंदर,आदर्श द्विवेदी, अबधेश खरे प्रधानाध्यापक, विवेक बरसै या,एस पी कुशवाहा,बड्स एन ब्लूम्स के प्रबंधक पुरुषोत्तम पटेल,प्रधानाचार्य अमिता पटेल,ललित पटेल(विधायक प्रतिनिधि),प्रतीक जैन,केशवेंद्र सिंह,खुशबू जैन,कु मनीषा,अनीता देवी,अंजली राठौर,कृति त्रिवेदी, रीना,कीर्ति गुप्ता, प्रतिभा,हरीशंकर बाबू,कृष्णानंद तिवारी,हृदेश,नृपेंद्र, मनीष,रचना,विनीता,राजकुमार सेन,जयप्रकाश, कमलापति,साबिर खान,अजय सेन,अवनीश देवलिया, आदि उपस्थित रहे।

# भरत के चरित्र से सीखें सच्चा प्रेम, समर्पण और त्याग की भावना : शान्तनु महाराज




**समय जगत, मोंठ।** कस्बा के श्री शीतला धाम मंदिर में चल रही श्री रामकथा के अष्टम दिन कथा व्यास शान्तनु महाराज जी ने भरत चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि ,जग जप राम राम जप जेहि, अर्थात भगवान स्वयभरत जी का स्मरण करते है मानस में भरत जी को अनेक लोगो ने महिमा मंडित किया है

तीर्थराज प्रयाग ने कहा की भरत सब विधि साधु हैं भगवान ने स्वयं कहा कि लखन भरत जैसा पवित्र भाई संसार मे नही मिल सकता

जनक जी ने सुनयना जी से कहा कि रानी भरत की महिमा राम जानते तो है परंतु वे भी बता नही सकते भरत जी की साधना को बताते हुए पूज्यश्री ने कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर बड़े बड़े साधु संत भी उनके पास जाने में घबराते थे स्वयं वसिष्ठ जी भी जाने से कतराते थे पिता की मृत्यु अवाम भगवान के वन गमन का समाचार मिलने पर भरत जी विह्वल हो गए और विलाप करने लगे माता कैकेई को बहुत बुरा भला कहा है सारी सभा को फटकार लगाई है कौशल्या जी के समझाने पर भरत जी शांत हुए है और सबको



आश्वासन फि़या है कि हमसबको भगवान से मिलाने ले चलेंगे और पूरी प्रजा भरत जी के साथ भगवान से मिलने चित्रकूट चली है भगवान से मिलन हुआ है भगवान के आदेश से उनकी पादुका सिरोधार्य कर भरत जी अयोध्या वापस आये है और उसी पादुका को सिंहासन पर रखकर अयोध्या के राजकाज को संभाला है इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर सम्पूर्ण जनमानस श्रोतासमाज भावविह्वल हो गया इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर सम्पूर्ण जनमानस श्रोतासमाज भावविह्वल हो गया इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर सम्पूर्ण जनमानस श्रोता समाज भावविह्वल हो गया कथा व्यास ने कहा कि सच्चा प्रेम, समर्पण और त्याग क्या होता है भरत का चरित्र हमें सिखाता है कि हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान रखना चाहिए।

श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ, माता-पिता का सम्मान करें, समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखें तथा सत्य के मार्ग पर चलें।

---श्री रामकथा की अध्यक्षता कर रहे अयोध्या धाम से पधारे महंत वैदेही शरण महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों का परम सौभाग्य है कि हम सभी को इस पावन भूमि पर श्री रामकथा का दिव्य रसपान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को मर्यादा, सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला जीवंत दर्शन है।

प्रभु श्रीराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।---कार्यक्रम के आयोजक कुंवर प्रतिपाल सिंह रामजी परिहार ने कहा कि इस पावन आयोजन में कथा व्यास द्वारा सुनाई जा रही श्री रामकथा का प्रत्येक प्रसंग श्रद्धालुओं के हृदय को छू रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालु अपने जीवन के दुःख, तनाव और विकारों से मुक्त होकर आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं। यह दृश्य अत्यंत भावुक करने वाला है जब दूर-दूर से आए श्रद्धालु घंटों तक बैठकर श्रद्धापूर्वक रामकथा का रसपान कर रहे हैं।

--श्री रामकथा में महंत पागल दास महाराज अयोध्या धाम,महंत सिध्दराम महाराज,महंत केशवदास महाराज, महंत बालक दास महाराज,रामकेश प्रान्तीय कार्यवाहक,एमएलसी रमा निरंजन, गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत,चंद्रप्रकाश तिवारी,अरविंद शास्त्री,पुष्पेंद्र दुबे,जयदेव पुरोहित,विनोद नायक,पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार,उमेश यादव,अनुराग नगर प्रचारक,कामेश प्रताप सिंह,कपिल मुदगिल,ब्रह्मजीत द्विवेदी,मानवेन्द्र सिंह, अमर पाल सिंह,उमाशंकर राय,डॉ रामप्रकाश,भगवान यादव,सत्यपाल सिंह,शरद प्रताप सिंह,लोकेंद्र सिंह परिहार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एव औषधि विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को दी खाद्य व अखाद्य वस्तुओं के बारे में विस्तृत जानकारी




**समय जगत, गुरसराय/ झांसी** । खाद्य सुरक्षा एव औषधि विभाग जनपद झांसी द्वारा गुरसराय के खेर इंटर कॉलेज में एक प्रशिक्षण शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य सुरक्षा एव औषधि विभाग के अधिकारियों ने व्यापरियों को खाद्य तथा अखाद्य वस्तुओं के बारे विस्तृत जानकारी दी।बेज नोनबेज के रखरखाव तथा जन स्वास्थ्य से जुड़े जरूरी विकल्पों के वारे में जानकारी दी। हर्षवर्धन ताम्रकार ने व्यापारियों खास तौर पर से किराना, खानपान , से जुड़े व्यापारियों को सफाई सुरक्षा अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप जब खुद स्वस्थ रहेंगे सफाई के साथ चीज बेचेंगे तो आम नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे।

उन्होंने कहा कि दुकान में चूहे आना एक बड़ी समस्या है लेकिन उसका निपटा आप तीन प्रकार से कर सकते हैं पहले तो उनका आना रोकने की व्यवस्था करें ।यदि आ ही गए तो उनको दुकान के अंदर कोई भी खुली चीज ना मिले जिससे उन्हें भोजन ही नहीं मिलेगा और वह दुवारा आने का प्रयास नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दुकान में खुली चीज ना रखें । साथ ही उसी में मल मूत्र भी त्याग करते हैं ।उन्होंने कहा कि आप स्टील की टंकियो का प्रयोग करें इससे आपको खुली हुई कोई भी चीज चूहों द्वारा दूषित ना हो सके। उन्होंने कहा कि खाद्य औषधि के कुछ मानक निर्धारित किए गए हैं जिन मानकों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक सैनिक कुमार सिंह ने कहा कि यदि आपकी नजर में कोई मिलावटी सामान बेचता है तो उसको हतोत्साहित करें उसकी शिकायत करें ।विभाग भी अपने सूचना दाताओं के माध्यम से ऐसे लोगों को चिन्हित कर छापामार कार्रवाही करता है। ताकि आप लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उन्होंने होटल संचालको, ढाबा मालिको, खानपान की दुकान, मिष्ठान भंडार समोसा आदि की दुकानों पर उचित सफाई रखने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि मिलावटी खान-पान से आज रोग तेजी से बढ़ रहे हैं ।उन्होंने पॉलिथीन में चाय लाने तथा कागज के कप में चाय पीने को हानिकारक बताया ।उन्होंने कहा कि कागज का जो कप होता है उसके ऊपर एक पतला पॉलिथीन का आवरण होता है।जो गरम चाय के साथ घुलकर शरीर मे चला जाता है। कुल्हड़ के कप का प्रयोग करे। उन्होंने बताया कि मिल्क पाउडर सिंथेटिक नही है।इससे मिठाई बना सकते है। छेना पाउडर ठीक है। होली पर मिठाइयों रंग का प्रयोग कम से कम करे।उन्होंने कहा की नगर में प्रतिबंधित सामग्री बिकती हुई पाई जाएगी तो कठोर कार्रवाई होगी। अतिथियों का स्वागत व्यापारी नेता राजेंद्र बिलैया मनोज तपा आदि ने किया ।खेर इंटर कॉलेज के प्राचार्य धन प्रकाश तिवारी ने सभी का स्वागत किया।इस अवसर पर चक्रेश जैन, राम लखन कुशवाहा, भगवत अग्रवाल, रविन्द्र विलेंया,झद्दे कनकने,पीयूष लशगरिया, राजू पाटे, अरुण लशगरिया ,राम जी अग्रवाल, परमाई लशगरिया, राधे बिजावर, शैलू गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# जताया शोक

**समय जगत, गुरसरांय।** एम जे मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा जखौरा वालों का आकस्मिक निधन हो गया है।

उनके निधन पर डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया की अध्यक्षता में हुई एक शोक सभा मे पूर्व चेयरमैन रमाशंकर मोदी,प्रेमनारायण यादव,अरविंद दुवे,राम खिलावन शास्त्री,सरजू शरण पाठक आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया।

एम जे मॉडर्न स्कूल में हुई शोक सभा मे प्रधानाचार्य सोनम मिश्रा,हिमांशु मिश्रा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया ।


## खोया / पाया

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्र मांक 1393393 है। जो वास्तव में खो गया है।

**राहुल गौतम**
**पुत्र परमानन्द**
**पता- 776 , नैनागढ़**
**नगरा झाँसी।**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पहले का नाम कृष्ण कान्त बरनवाल Krishna Kant Barnwal S/o Shiv Pratap Barnwal था। जिसे मैंनें बदलकर नाम की स्पेलिंग Krishna Kant Baranwal S/o Shiv Pratap Baranwal कर दिया गया है। जो कि आधार कार्ड में अंकित है। मेरे नाम में स्पेलिंग का अंतर है लेकिन दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**कृष्ण कान्त बरनवाल**
**पुत्र श्री शिव प्रताप बरनवाल निवासी- 405 , बाबा यादव के मकान के पास ,सिद्धेश्वर नगर आई.टी.आई. झाँसी सीपरी बाजार तहसील व जिला झांसी ,**

## आम सूचना

मैं रेशमा अंजेलिना टोप्पो पत्नी रंजीत मिन्ज निवासी- ग्राम सोलंगबिरा पखनाटोली ,पोस्ट- कोंबीर नौटोली , तहसील- गुमला ,जिला- गुमला , पिन- 835229 , राज्य- झारखण्ड । मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेशमा अंजेलिना टोप्पो दर्ज है। सही नाम रेशमा अंजलिना टोप्पो है। समान दर्ज हो।

## खोया / पाया

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्र मांक 922110203409 है। जो वास्तव में खो गया है।

**राहुल गौतम**
**पुत्र परमानन्द**
**पता- 776 , नैनागढ़**
**नगरा झाँसी।**

## पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी, कई रास्तों पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

# 10 जगहों पर वाहन पार्क कर सकेंगे पर्यटक



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में आने वाले आगंतुकों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं। यहां पार्किंग के लिए 10 स्थान चिन्हित किए गए हैं। पुलिस की ओर से अपील की गई है कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें। निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

डीसीपी ट्रैफिक मकसूद अहमद ने बताया कि मेले के दौरान 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक कई मार्गों पर भारी एवं वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इनमें पाली से शूटिंग रेंज की ओर जाने वाली सड़क, अनखीर से सूरजकुंड की ओर जाने वाली सड़क, एनएचपीसी चौक से सूरजकुंड की ओर जाने वाली सड़क और प्रह्लादपुर दिल्ली बॉर्डर से सूरजकुंड की ओर जाने वाली सड़क शामिल हैं। इन मार्गों पर केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन जैसे फल, सब्जी, दूध एवं दवाइयों की आपूर्ति करने वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इन चार सड़कों पर भारी वाहनों के प्रतिबंध के दौरान वैकल्पिक मार्ग भी फरीदाबाद पुलिस की ओर से तय किए गए हैं। गुरुग्राम की ओर से फरीदाबाद होते हुए दिल्ली जाने वाले वाहन चालक सैनिक कॉलोनी मोड से अनखीर चौक होते हुए बड़खल मार्ग से दिल्ली की ओर जा सकते हैं। इसके साथ ही सैनिक कॉलोनी मोड से प्याली चौक होते हुए बाटा चौक एवं मथुरा रोड के माध्यम से दिल्ली की ओर वाहन जा सकते हैं। प्रह्लादपुर दिल्ली बॉर्डर एवं शूटिंग रेंज की ओर से सूरजकुंड आने वाले वाहन चालक सीधे सूरजकुंड न जाकर बदरपुर बॉर्डर के रास्ते फरीदाबाद में नेशनल हाईवे से प्रवेश करें। एनएचपीसी चौक से सूरजकुंड की ओर आने वाले वाहन चालक भी फरीदाबाद शहर में प्रवेश के लिए नेशनल हाईवे का इस्तेमाल करें। किसी भी प्रकार की ट्रैफिक सहायता या जानकारी के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक कंट्रोल रूम (0129-2267201, 2225999) या हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस की ओर से अपील की गई है कि नागरिक फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर एक्स को फॉलो करें ताकि समय-समय पर जारी ट्रैफिक अपडेट्स एवं सूचनाएं प्राप्त होती रहें। सूरजकुंड मेले में आने वाले लोगों के लिए 10 पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। इनमें ईरोज सिटी पार्किंग, हेलीपैड पार्किंग (शूटिंग रेंज मर्ज रोड), क्लासिक गार्डन के पास पार्किंग, जंगल फॉल पार्किंग, होटल विवांता ताज के सामने पार्किंग, राधा स्वामी सत्संग स्थल पार्किंग, होटल गोल्ड फिंच के सामने पार्किंग, राधा स्वामी सत्संग स्थल के सामने नगर निगम की भूमि पर पार्किंग, लेकवुड सिटी पार्किंग, रोडी केसर स्टोन पार्किंग शामिल हैं।

# छात्र के अपहरण मामले में पुलिस ने बरामद की कार



**बल्लभगढ़।** चावला कॉलोनी में 12वीं के छात्र के अपहरण की कोशिश करने वाले मामले में कार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं दूसरी ओर आरोपियों की भी पहचान हो गई है, जिनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चावला कॉलोनी निवासी प्रकाश ने बताया कि वह सेक्टर 7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं का छात्र है। 25 जनवरी की शाम को उनके घर में 5 से 6 युवक घुस गए और हाथ-पैरों से पक? कर खींचकर बाहर ले आए। उसके बाद छात्र को एक कार में जबरन बैठाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन किशोर आरोपियों के चंगुल से बचकर भाग गया। इस हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। चावला कॉलोनी पुलिस चौकी इंचार्ज जसवीर राठी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई कार का नंबर अंबाला जिले का है। कार मालिक फौजी है। उसने अपनी भांजी को शादी में कार कैंटीन से निकालकर दी थी जोकि उनके नाम पर है। अभी फौजी की पोस्टिंग लेह लद्दाख में है। उन्होंने बताया कि कार को गांव प्याला से बरामद कर लिया है। वहीं आरोपियों की भी पहचान हो गई है। जल्द ही पुलिस की ओर से आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## सार-समाचार

### श्रीमद् शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती 11 फरवरी को आएंगे भोपाल



**समय जगत, भोपाल।** अपने तीन दिन के प्रवास पर दिनांक 11 फरवरी को श्री गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का भोपाल आगमन हो रहा है। जहां करोंद चौकसे नगर जेएनसीटी कालेज के पास प्रांगण में वह तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत सनातन संस्कृति और वेदों का वर्णन अपने श्री मुख से करेंगे और आम जनमानस तक वेदों की बातें पहुंचाएंगे। उनके प्रवास के पावन अवसर को लेकर राजधानीवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### नगर आयुक्त ने किया निर्माणाधीन सदन कक्ष का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में आग लगने के बाद खराब हो चुके सदन कक्ष को दोबारा से तैयार कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार को नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मिलकर सदन कक्ष का निरीक्षण कर कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि सदन की बैठक के लिए सदन कक्ष का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसमें सभी पार्षदों के बैठने की व्यवस्था के साथ, लाइटिंग की सुविधा, साउंड में माइक की सुविधा, इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा प्रेजेंटेशन के लिए एलईडी वॉल बनाने के लिए भी कार्य चल रहा है। सदन कक्ष में कैमरा इंस्टॉलेशन कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश मौके पर मौजूद रहे।

### नाले में मिली युवक की लाश, पुलिस द्वारा की जा रही है मामले की जांच

**गाजियाबाद।** यूपी के मोदीनगर स्थित थाना क्षेत्र के गांव रोरी से चार दिन पूर्व लापता हुए 24 वर्षीय युवक रिंकू का शव गुरुवार को सुचेतापुरी कॉलोनी स्थित गंदे नाले से बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। गांव रोरी के रहने वाले इंद्रजीत किसान हैं। बताया कि बीती 25 तारीख को उनका छोटा पुत्र रिंकू अपनी मां संजू को उपचार कराने के लिए मोदीनगर स्थित एक चिकित्सक के पास लेकर गया था। रिंकू किसी जरूरी काम होने की बात कहकर मां संजू को अस्पताल छोड़ कर चला गया, मगर लौटा नहीं। मां संजू अस्पताल में रिंकू की घंटों तक प्रतीक्षा करती रही। परिजनों ने रिंकू को काफी तलाशा लेकिन उसका पता नहीं लगा। खोजबीन के बाद परिजनों ने बुधवार को गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की तो रिंकू का शव गुरुवार करीब 11 बजे सुचेतापुरी कॉलोनी के पीछे स्थित गंदे नाले में मिला। पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कॉलोनीवासियो का कहना है कि गंदे नाले और उसके आसपास नशा करने वालों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि परिजनों ने अभी घटना की तहरीर नहीं दी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### सपा प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर उठाया सवाल

**समय जगत, भोपाल।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने विंध्य क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विंध्य में न विधायक सुरक्षित हैं और न ही महिलाएं। हालात इतने भयावह हैं कि खुद भाजपा के जनप्रतिनिधि और उनकी सहयोगी तक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। डॉ. मनोज यादव ने कहा कि रीवा जिले के एक विधायक कई दिनों से सामने नहीं आए हैं और उन्होंने खुद स्वीकार किया है कि उनकी जान और परिवार को खतरा है। वहीं विधायक नरेंद्र प्रजापति के साथ खुलेआम गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश और धमकी का वीडियो सामने आ चुका है। यह साबित करता है कि भाजपा शासन में विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सतना में भाजपा का मंडल अध्यक्ष अपनी ही पार्टी की महिला कार्यकर्ता के साथ बेरहमी से मारपीट करता दिखा। इसके अलावा भाजपा सांसद हिमाद्री सिंह की सहयोगी रोशनी शुक्ला की कुचलकर हत्या ने पूरे विंध्य को झकझोर कर रख दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह अब तक की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक थी।

## जेबीटी शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन




**गुरुग्राम।** एससीईआरटी में डाइट में प्रिंसिपल सुमिता रांगी के नेतृत्व में कक्षा तीन की पाठ्यपुस्तक के आधार पर योजना बनाने हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर उषा शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में जिले के जेबीटी शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में डाइट गणित प्राध्यापक मनोज कुमार शर्मा और गणित प्राध्यापिका मोनिका यादव भी संयोजक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। कार्यशाला में कक्षा तीन की गणित पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न बैंक और पाठ योजना बनाने हेतु गहन विचार विमर्श एवं मंथन किया जा रहा है। इसके निर्माण के द्वारा अध्यापकों व विद्यार्थियों को बहुत ही लाभ मिलेगा। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में डाइट के वरिष्ठ प्राध्यापक पृथ्वीराज, महेंद्र, तखत सिंह चौहान, अरुण कुमार राघव, सोना यादव अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## आरोपी ठगी की रकम से खेलते थे सट्टा

# पुलिस ने 300 लोगों से ठगी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार




**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली फेज वन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये जालसाज लैप्स पॉलिसी के अलावा रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर भी ठगी करते थे। इन लोगों ने 300 से अधिक लोगों से ठगी की है। लैप्स पॉलिसी को आसानी से रिन्यू व मैच्योरिटी कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले अवैध कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली फेज वन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये जालसाज लैप्स पॉलिसी के अलावा रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर भी ठगी करते थे। इन लोगों ने 300 से अधिक लोगों से ठगी की है। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, आठ स्मार्ट मोबाइल फोन, आठ कीपैड मोबाइल फोन, तीन पीएनटी फोन और 15 कालिंग डाटा शीट मिले हैं। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि हाल में 20 से अधिक लोगों की शिकायतें आई थी कि सेक्टर 10 में एक अवैध कॉल सेंटर चल रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को छापेमारी कर अवैध कॉल सेंटर का खुलासा किया। यहां से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान ग्रेनो वेस्ट के इकोविलेज निवासी वरूण शर्मा, ला रेजिडेंसी निवासी मदन गुप्ता और भंगेल निवासी प्रदीप वर्मा के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार कर लोगों को लैप्स बीमा पॉलिसी को रिन्यू कराने, रियल एस्टेट में निवेश और एलआईसी पॉलिसी को कम समय में मैच्योर कराने के नाम पर झांसे में लेते थे। इसके बाद पीड़ितों से प्रोसेस को आगे बढ़ाने के लिए फीस के तौर पर रकम जमा कराई गई। साथ ही रजिस्ट्रेशन शुल्क, बीमा रिन्यू कराने का शुल्क, पॉलिसी मौच्योर कराने का फीस और रियल स्टेट में निवेश कराने का शुल्क के बहाने 10 हजार पांच रुपये से 1 लाख 5 हजार रुपये जमा करवाते थे। पीड़ितों को कुछ दिन अलग-अलग फर्जी स्क्रीन शॉट भेजकर विश्वास भी दिया जाता था और कुछ दिनों बाद आरोपी उनसे संपर्क तोड़ लेते थे। आरोपी फर्जी बैंक खातो में लेनदेन करते थे। ये आरोपी पिछले कई महीने से फ्रॉड कर रहे थे। इस मामले में एनसीआरपी पॉर्टल पर शिकायत दर्ज हुई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ये आरोपी कई वेबसाइट को लेकर डार्क वेब से पॉलिसी धारकों का डाटा लेते थे। पुलिस की जांच में पता चला कि झांसे में आए एक व्यक्ति से दस हजार से लेकर एक लाख रुपये फीस, रजिस्ट्रेशन और अन्य बहाने के रुपये पहले जमा करा लेते थे और कुछ दिन बाद उनसे संपर्क तोड़ लेते थे। आरोपी पुलिस से बचने के लिए रकम ऑनलाइन बेटिंग एप कराने वाले बैंक अकाउंट में मंगवाते थे। आरोपियों के पास से 20 बैंक खाते मिले हैं। वहीं पुलिस ने ठगी की 1 करोड़ 20 लाख रुपये रकम को फ्रीज कराया गया है। इनके बैंक अकाउंट पर देश के अलग-अलग राज्यों से 20 से अधिक शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर मिली हैं। एडीसीपी ने बताया कि मामले में पुलिस की जांच में पता चला है कि इनके पास पांच हजार लोगों का डाटा मिला है। आरोपियों ने जस्टडायल से कुछ डाटा लेने की बात कही है। अब पुलिस संबंधित कंपनी और बिल्डिंग मालिक को नोटिस भेजगी। पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि हर दिन 100 से अधिक लोगों से संपर्क किया जाता था। इनमें कुछ लोग इनके झांसे में आ जाते थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि अवैध कॉल सेंटर के संचालक ऑनलाइन सट्टे से भी जुड़े थे।

## बीस हजार गृह स्वामियों को देना होगा छह फीसदी अतिरिक्त गृहकर




**गाजियाबाद।** 10 हजार रुपये से अधिक के 20 हजार कर बकायेदारों को अब छह फीसदी अतिरिक्त गृहकर चुकाना होगा। खोड़ा नगरपालिका परिषद ने दो दिन में 80 गृहस्वामियों के मकानों की पैमाइश कर ली है। अब उनके खिलाफ प्रशासन की ओर से रिकवरी नोटिस भेजा जाएगा। दरअसल, खोड़ा नगर पालिका के 20 हजार से अधिक ऐसे गृह स्वामी है, जिन पर 10 हजार रुपये से अधिक का गृह कर बकाया है। नगरपालिका के कर विभाग ने सभी बकायेदारों को नोटिस देकर गृहकर जमा कराने के लिए चेताया गया था। उक्त राशि जमा न करने पर प्रशासन की ओर से रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी। मगर नोटिस के बावजूद गृहस्वामियों ने नोटिस का संज्ञान नहीं लिया। प्रशासन के निर्देश पर नगरपालिका ने घरों की पैमाइश शुरू कर दी है। मंगल बाजार वार्ड-19 और 29 में 45 घरों की तो वार्ड-27 और 4 में 35 घरों की पैमाइश की गई। अब तक 80 घरों की पैमाइश की जा चुकी है। इसके बाद सभी गृहकर स्वामियों को रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) भी जारी की जाएगी। इसमें गृहस्वामियों को गृहकर के साथ-साथ तहसील का छह फीसदी कर भी देना होगा। आरसी जारी होने के बाद विभाग के साथ-साथ प्रशासन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों को अतिरिक्त गृहकर की खबर मिली तो उनमें नगरपालिका के खिलाफ नाराजगी दिखने लगी। लोगों ने इसे नगर पालिका की मनमानी कहा तो कुछ ने खराब व्यवस्था का ताना दिया।

# हिंडन एयरपोर्ट रोड पर बनेंगे होटल और मॉल मल्टीप्लेक्स




**गाजियाबाद।** आवास विकास परिषद के अजंतापुरम योजना में हिंडन एयरपोर्ट रोड पर व्यावसायिक भवन बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट को ध्यान में रखते हुए इस रोड पर व्यावसायिक भूखंड काटे जाएंगे, जिन पर होटल और मॉल-मल्टीप्लेक्स बनाए जाएंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट कर्मचारियों के लिए पीजी होम भी तैयार किए जाएंगे। अजंतापुरम के फाइनल लेआउट में सात होटल, कम्यूनिटी हॉल एवं पीजी होम पर मुहर लगाई गई है। इसके तहत एयरपोर्ट रोड पर अधिकतर भूखंड व्यावसायिक काटे जाएंगे। इसमें होटल, रेस्तरां, कम्यूनिटी हॉल एवं पीजी होम शामिल हैं। अधिशासी अभियंता एच राम ने बताया कि आने वाले समय में हिंडन एयरपोर्ट पर और अधिक भीड़ बढ़ने की उम्मीद से ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिषद की ओर से एयरपोर्ट प्रबंधन को दस मीटर जमीन सड़क चौड़ीकरण के लिए पहले ही दी जा चुकी है। सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में एयरपोर्ट रोड पर बहुमंजिला इमारत के होटल व रेस्तरां होंगे। एयरपोर्ट के करीब होटल और रेस्तरां होने से हिंडन एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा। एयरपोर्ट से जब कभी अचानक फ्लाइट रद्द हो जाती है तो एयरलाइंस कंपनियों की ओर से यात्रियों को दिल्ली के होटलों में ठहराया जाता है। ऐसे में जब एयरपोर्ट के करीब होटल व रेस्तरां होंगे तो एयरलाइंस कंपनियों के पास बेहतर विकल्प होगा। वहीं दूरदराज से आने वाले यात्री जो घंटों पहले आ जाते हैं यहां ठहर सकेंगे। वर्तमान में एयरपोर्ट से करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में कोई रेस्तरां तक नहीं जहां यात्री कुछ देर ठहर सके। सुबह फ्लाइट लेने के लिए पश्चिमी यूपी के जनपदों से आने वाले यात्री सुबह 3 बजे से ही एयरपोर्ट के बाहर जुटना शुरू हो जाते हैं, जो गेट खुलने तक सड़क पर ही इंतजार करते हैं। ऐसे में होटल व रेस्तरां बनने से यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा।

# बीजेपी ऑफिस में मंत्रियों का बना ड्यूटी रोस्टर



**समय जगत, भोपाल।** लगातार सत्ता में रहने के बावजूद बीजेपी कार्यकर्ता ही अपने काम के लिए मंत्रियों और अफसरों के घर, दफ्तर के चक्कर काटते रहते हैं। कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुलझाने के लिए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रोज एक मंत्री को बीजेपी ऑफिस में बिठाने की शुरुआत की है। फरवरी महीने में मंत्रियों का ड्यूटी रोस्टर बनाकर जारी कर दिया गया है।

सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर एक बजे से तीन बजे तक रोस्टर के अनुसार मंत्री बीजेपी कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। मंत्री के साथ एक प्रदेश पदाधिकारी की भी ड्यूटी लगाई गई है। संगठन से संबंधित मामलों के निराकरण के लिए प्रदेश पदाधिकारी काम करेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर भाजपा के जिला पदाधिकारियों के जिला कार्यालय में बैठने के दिन तय किए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष के लिए भी दिन तय किया जा रहा है कि जिला अध्यक्ष से लेकर कौन से जिला पदाधिकारी किस दिन कार्यालय में बैठकर आम लोगों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष की पहल पर यह व्यवस्था शुरू की गई है। इसे सत्ता व संगठन में सामजस्य की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण माना ही जा रहा है। साथ ही इसे जन समस्याओं के समाधान की दिशा में भी बड़ा प्रयास माना जा सकता है। क्यों कि लोगों की भाजपा सरकार से अपेक्षाएं बहुत हैं, वह अपनी समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये भी प्रयासरत रहते हैं। ऐसे में प्रदेश भाजपा की पहल पर प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों का यह ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है, वह जनहितों की दृष्टि से भी फायदेमंद रहेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है।

## 100 स्कूलों में खुलेंगी कंपोजिट टेक्निकल लैब




**गुरुग्राम।** नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। हरियाणा में जल्द ही स्कूलों में कंपोजिट टेक्निकल लैब स्थापित की जाएंगी। योजना के पहले चरण में करीब 100 सरकारी स्कूलों को इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। इन आधुनिक लैब्स के माध्यम से छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, कोडिंग और डिजिटल तकनीक जैसे विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक से जोड़ना और उन्हें रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना है। इस योजना को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से लागू किया जा रहा है।

## संपादकीय

# महात्मा गांधी से संपूर्ण विश्व को मिलती है प्रेरणा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विश्व के सर्वाधिक सम्मानित महापुरुष हैं। महात्मा गांधी से संपूर्ण्ण विश्व को प्रेरणा मिलती है। 30 जनवरी भारतीय इतिहास की वह अमर तारीख है, जो आते ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद दिला देती है। 30 जनवरी 1948 को दिल्ली में प्रार्थना सभा के मार्ग पर, नाथूराम गोडसे की गोली ने गांधी के शरीर को तो समाप्त कर दिया, पर उनके विचारों को नहीं। भारत इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए उस महामानव को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिसने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस को राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति बनाया। 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे मोहनदास करमचंद गांधी ने अपने जीवन के छह दशक संघर्षों में तपकर 'महात्मा' का स्वरूप पाया। उनका सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने आज़ादी की लड़ाई को केवल सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जन-जन का नैतिक आंदोलन बना दिया। जिस ब्रिटिश साम्राज्य के बारे में कहा जाता था कि उसके साम्राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता, उसे गांधी ने अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर झुकने को मजबूर कर दिया। आज जब विश्व तीसरे विश्वयुद्ध की आशंकाओं से घिरा दिखाई देता है, तब गांधी और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध की लंबी त्रासदी हो या इज़राइल-फिलिस्तीन के बीच गाज़ा में मानवता को झकझोरता रक्तपात हो, इन सबने दुनिया के विवेक को चुनौती दी है। शक्तिशाली राष्ट्र हथियारों, व्यापार-युद्ध और वैश्विक राजनीतिक दबावों के माध्यम से छोटे देशों पर अपनी शर्तें थोपने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। परिणामस्वरूप करोड़ों लोग विस्थापित हैं, जीवन असुरक्षित है और मानवीय संवेदनाएँ लगातार कमजोर पड़ रही हैं। इतिहास बताता है कि पिछली सदी ने दो महायुद्धों की विनाशलीला देखी। हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमले आज भी सभ्यता पर लगा वह दाग हैं जो मानवता को भयभीत कर देते हैं। विज्ञान के विकास के साथ विनाश की क्षमता भी बढ़ी और यही मानव इतिहास का सबसे बड़ा विरोधाभास है। ऐसे दौर में गांधी का संदेश एक चेतावनी भी है और एक समाधान भी।दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने नस्लभेद और अपमान के विरुद्ध भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। 1903 में 'इंडियन ओपिनियन' जैसे समाचार पत्र के माध्यम से उन्होंने अंग्रेज सत्ता को अभिव्यक्ति की खुली चुनौती दी। बैरिस्टर के रूप में वहां पहुँचे गांधी ने 1894 से 1914 तक सत्याग्रह को जन-आंदोलन का रूप दिया और दुनिया को दिखा दिया कि अन्याय के विरुद्ध सबसे बड़ी शक्ति नैतिकता है। सही मायने में महात्मा गांधी की सैद्धांतिक प्रतिबद्धता व सत्या और अहिंसा के प्रति उनका प्रगाढ़ विश्वास तमाम मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान का सशक्त आधार भी है।

# भारत उच्च मध्यम आय श्रेणी में परिवर्तित होने की ओर अग्रसर

## नजरिया

**भारत को निम्न आय श्रेणी में से वर्ष 2007 में निम्न मध्यम आय श्रेणी में परिवर्तित होने में 60 वर्ष का समय लगा था। भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय वर्ष 1962 में 90 अमेरिकी डॉलर थी जो मिश्रित वार्षिक 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2007 में बढ़कर 910 अमेरिकी डॉलर हो गई। इसी प्रकार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद के वर्ष 2007 में एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को प्राप्त करने में 60 वर्ष लग गए थे। आगामी 7 वर्षों में अर्थात वर्ष 2014 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया था। पुनः आगामी 7 वर्षों में अर्थत वर्ष 2021 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया था। परंतु, आगामी केवल 4 वर्षों में अर्थत वर्ष 2025 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है।**

**प्रहलाद सबनानी**

एक अनुमान के अनुसार, आगामी केवल 2/3 वर्षों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। वर्ष 2009 में भारत को प्रति व्यक्ति आय 1,000 अमेरिकी डॉलर के स्तर को प्राप्त करने में 62 वर्षों का समय लगा था। परंतु, आगामी केवल 10 वर्षों में, अर्थात वर्ष 2019 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2,000 अमेरिकी डॉलर हो गई। अब आगामी 7 वर्षों में अर्थात वर्ष 2026 में भारत में प्रति व्यक्ति आय के 3,000 अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके भी आगे जाकर, केवल 4 वर्ष पश्चात अर्थात वर्ष 2030 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 4,000 अमेरिकी डॉलर हो जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी के चलते वर्ष 2030 तक भारत के निम्न मध्यम आय श्रेणी से उच्च मध्यम आय श्रेणी में परिवर्तित होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस श्रेणी में आज चीन एवं इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हो चुके हैं। किसी भी देश को उच्च आय की श्रेणी में शामिल होने के लिए उस देश में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 13,926 अमेरिकी डॉलर (आज की परिभाषा के अनुसार) के स्तर पर पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद उस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में भी शामिल कर लिया जाता है। इस दृष्टि से भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है तो भारत में सकल घरेलू उत्पाद में संयुक्त रूप से 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होना चाहिए, यह वृद्धि दर हासिल करने योग्य है क्योंकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में औसत संयुक्त वृद्धि दर पिछले 23 वर्षों के दौरान (वर्ष 2001 से वर्ष 2024 के बीच) 8.3 प्रतिशत प्रतिवर्ष रही है। इससे स्पष्ट है कि भारत आगामी कुछ वर्षों में ही प्रति व्यक्ति औसत आय 4,500 अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए उच्च मध्यम आय श्रेणी के क्लब में शामिल हो जाएगा। इसके बाद भारत को वर्ष 2047 में उच्च आय श्रेणी के क्लब में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति आय को 18,000 अमेरिकी डॉलर (उस समय की परिभाषा के अनुसार) के स्तर को पार करना होगा, इसके लिए आगामी 23 वर्षों में भारत में प्रति व्यक्ति आय के स्तर में संयुक्त रूप से 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की आवश्यकता होगी। यह लक्ष्य भी बहुत कठिन नहीं हैं, यदि इस संदर्भ में केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा मिलकर इस प्रकार की आर्थिक




नीतियां बनाई जाती हैं जिससे गरीब से गरीब नागरिक तक इन आर्थिक नीतियों के लाभ को पहुंचाया जा सकता हो ताकि इस वर्ग के नागरिकों का आर्थिक विकास भी सम्भव हो सके। वैश्विक स्तर पर कुल 139 विकासशील एवं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से केवल 6 देशों की अर्थव्यवस्थाएं भारत की तुलना में तेज गति से आर्थिक विकास करने में सक्षम हुई हैं। परंतु, विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत की आर्थिक विकास दर आज भी सबसे अधिक बनी हुई है। दरअसल, छोटे देशों के सकल घरेलू उत्पाद का आकार तुलनात्मक रूप से बहुत छोटा होता है अतः प्रतिशत के आकलन में यह देश भारत की आर्थिक विकास की दर से कुछ आगे निकल जाते हैं परंतु जैसे जैसे सकल घरेलू उत्पाद का आकार बढ़ता जाता है वैसे वैसे इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर कुछ कम दिखाई देने लगती है।

विश्व बैंक द्वारा समय समय पर विश्व के समस्त देशों को इन देशों में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के स्तर के आधार पर निम्न आय, निम्न मध्यम आय, उच्च मध्यम आय एवं उच्च आय के श्रेणी में विभाजित किया जाता है। वर्ष 1990 में पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति निम्न आय की श्रेणी में 51 देश शामिल किए गए थे, जबकि प्रति व्यक्ति निम्न मध्यम आय की श्रेणी में 56 देश शामिल थे, प्रति व्यक्ति उच्च मध्यम आय की श्रेणी में 29 देश शामिल थे एवं प्रति व्यक्ति उच्च आय की श्रेणी में 39 देश शामिल थे। विश्व बैंक द्वारा ही वर्ष 2024 में किए गए एक आंकलन के अनुसार पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति निम्न आय की श्रेणी में देशों की संख्या घटकर 26 हो गई एवं प्रति व्यक्ति निम्न मध्यम आय की श्रेणी में देशों की संख्या में भी गिरावट दृष्टिगोचर हुई है और इस श्रेणी में देशों की संख्या घटकर 50 हो गई है। जबकि प्रति व्यक्ति उच्च मध्यम आय की श्रेणी में शामिल देशों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। परंतु प्रति व्यक्ति उच्च आय की श्रेणी में तो देशों की संख्या और भी तेज गति से बढ़कर 87 के स्तर पर पहुंच गई है। इस संदर्भ में 2 उदाहरण दिये जा सकते हैं कि किस प्रकार प्रति व्यक्ति उच्च आय की श्रेणी में शामिल होने वाले देशों की संख्या तेजी से बढ़ी है। चीन, वर्ष 1990 में 330 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ निम्न आय श्रेणी के देशों में शामिल था, परंतु वर्ष 1999 में चीन में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 860 अमेरिकी डॉलर हो गई एवं चीन निम्न मध्यम आय श्रेणी में शामिल हो गया। आगे चलकर वर्ष 2010 में, चीन के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 4,410 अमेरिकी डॉलर हो गई और इस प्रकार चीन उच्च मध्यम आय श्रेणी में शामिल हो गया। वर्ष 2007 में चीन में प्रति व्यक्ति आय 2,555 अमेरिकी डॉलर की रही थी, जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2023 में 2580 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच सकी है। दरअसल, भारत में आर्थिक विकास की लगातार तेज गति वास्तविक रूप में वर्ष 2014 से ही प्रारम्भ हुई है। इसी प्रकार, गयाना जैसे छोटे राष्ट्र में वर्ष 1997 में प्रति व्यक्ति आय 390 अमेरिकी डॉलर की थी और गयाना निम्न आय श्रेणी में शामिल था, वर्ष 2015 में गयाना में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 5,530 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई और गयाना उच्च मध्यम आय की श्रेणी में शामिल हो गया। परंतु इसमें बाद वर्ष 2022 में तो गयाना में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 20,140 के स्तर पर पहुंच गई और आज गयाना उच्च आय श्रेमी में शामिल हो चुका है। अतः भारत को उच्च आय श्रेणी में शामिल होने के लिए अपनी आर्थिक विकास दर को और अधिक गति देनी होगी। जैसा कि ऊपर के पैरा में वर्णन किया गया है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया ही नहीं गया था। सकल घरेलू उत्पाद के स्तर की दृष्टि से वर्ष 1990 में पूरे विश्व में भारत का 14वां स्थान था, जबकि वर्ष 2025 में भारत पूरे विश्व में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है एवं शीघ्र ही आने वाले 2/3 वर्षों भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी प्रकार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्ष 2027/28 तक 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा तथा वर्ष 2035/36 तक भारत की अर्थव्यवस्था का आकार 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारतीय नागरिकों को इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज को दिए गए पंच परिवर्तन कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। पंच परिवर्तन कार्यक्रम में जिन 5 बिंदुओं को शामिल किया गया है, वह निम्नप्रकार हैं - प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का अनुपालन करते हुए अनुशासन में रहना, ताकि पुरे विश्व में भारत की साख को बढ़ाया जा सके। भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने की दृष्टि से स्वदेशी के उपयोग को बढ़ावा देना एवं अपने आप में स्व के भाव को विकसित करना। समाज के समस्त वर्गों को आपस में भाईचारा स्थापित करना ताकि वे भारत के विकास में शांतिपूर्वक अपना प्रबल योगदान दे सकें। भारत में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने की महती आवश्यकता है, प्रकृति का शोषण नहीं करते हुए प्रकृति का पोषण करना भी सीखें। पूरे विश्व में केवल भारत में ही बहुत बड़े स्तर पर संयुक्त परिवार व्यवस्था पाई जाती है और यह व्यवस्था केवल भारत को ही ईश्वर का वरदान माना जाता है। इस व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने के लिए कुटुम्ब प्रबोधन की गतिविधियों को समस्त परिवारों में बढ़ावा देना होगा। कुल मिलाकर, भारतीय समाज यदि एकजुट होकर देश को प्रत्येक क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाना चाहता है तो यह कार्य कोई मुश्किल भी नहीं है। संघ द्वारा दिए गए उक्त वर्णित पंच परिवर्तन के कार्यक्रम को लागू कर मां भारती को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

# गंगा जमुनी तहजीबः मिथक या हकीकत

**राम पुनियानी**

भारतीय संस्कृति क्या है? क्या वह विशुद्ध हिन्दू संस्कृति है या फिर कई संस्कृतियों का मिश्रण है? इन दिनों इस तरह के कई सवाल उठ रहे हैं। हिन्दुत्व और हिन्दू राष्ट्र के पैरोकार हिन्दू दक्षिणपंथियों का दावा है कि भारतीय संस्कृति, दरअसल हिन्दू संस्कृति है। इस संस्कृति पर मुस्लिम आक्रान्ताओं ने जबरदस्त हमले किए मगर उसने इन हमलों का पुरजोर प्रतिरोध किया। यह सही है कि हिन्दू धर्म त्यागकर इस्लाम अपनाने वालों में से कुछ अपने हिन्दू अतीत से पूरी तरह कट नहीं पाए। हाल में कलकत्ता में आयोजित हिन्दू धर्म की हिन्दुत्व से रक्षा आवश्यक है विषय पर विचार-विनिमय के दौरान यह मसला एक बार फिर सामने आया। हिन्दुत्ववादी विचारक इस आशय की दलीलें लम्बे समय से देते आ रहे हैं कि भारतीय संस्कृति और हिन्दू संस्कृति एक ही हैं। इनमें से एक, जे। साई दीपक, जो कोलकाता में हुए विचार-विमर्श में शामिल थे, कहते हैं कि जिसे गंगा-जमुनी तहजीब कहा जाता है, उस अजीब-से प्राणी का महिमामंडन आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू और उनके द्वारा जुटाए गए मार्क्सवादी-नेहरूवादी इतिहासकारों द्वारा इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का नतीजा है। उनका कहना है कि 1916 से 1923 के बीच इस सोच ने जोर पकड़ा। गंगा-जमुनी तहजीब क्या है? मोटे तौर पर इसका मतलब है हिन्दुओं और मुसलमानों के करीब एक हजार साल साथ-साथ रहने के दौरान विकसित हुई मिलीजुली संस्कृति। सातवीं सदी में भारत में इस्लाम के आगमन के साथ हिन्दू और मुसलमान एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। यह मिलीजुली संस्कृति मध्यकाल में फली-फूली। सल्तनत और मुगल सम्राटों का लक्ष्य स्थानीय संस्कृति को नष्ट करना नहीं था बल्कि उनकी प्राथमिकता थी सत्ता और दौलत हासिल करना। उन्होंने भारत के एक बड़े इलाके पर राज किया और उसके दौरान ही समन्वयात्मक परंपराएं विकसित हुई, जिनमें से कई हमारे देश के अनेक हिस्सों में अब भी कायम हैं। इस मिली-जुली संस्कृति की शुरूआत मुस्लिम राजाओं के शासनकाल में हुई, विशेषकर उत्तर भारत के गंगा और जमुना नदियों के आसपास के क्षेत्रों में। और इसी वजह से इसका यह नाम पड़ा। आजादी के आंदोलन के कई नेताओं ने इसे रेखांकित किया। लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति उदासीनता का रवैया अपनाने वाले मुस्लिम और हिन्दू राष्ट्रवादियों ने हिन्दुओं और मुसलमानों के इस मेलमिलाप को पसंद नहीं किया। सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में हिंदुओं और मुसलमानों की यह अंतःक्रिया मध्यकालीन भारत में फली-फूली और आज भी कई स्थानों पर जारी है, हालांकि यह उतनी साफ नजर नहीं आती।

अध्येता बी. एन. पांडे इसका सार अति उत्तम शब्दों में प्रस्तुत करते हैं ''इस्लाम और हिन्दू धर्म - जो प्रारंभ में परस्पर विरोधाभासी नजर आते थे - अंततः घुलमिल गए। दोनों एक दूसरे की पूरी गहराई में समा गए और इनके मिलन से प्रेम और निष्ठा के मजहब भक्ति और तसव्वुफ़ विकसित हुए, जो अलग-अलग धर्मों और पंथों के लाखों लोगों के दिलोदिमाग में बस गए। इस्लामिक सूफी पंथ और हिंदू भक्ति पंथ की धाराएं मिलकर एक विशाल नदी बन गए जिसने पुराने उजाड़ इलाकों को फिर से हरा-भरा बना दिया और देश का चेहरा बदल दिया। इससे मध्यकाल में कलात्मक स्मारकों, साहित्य, चित्रकला, संगीत और काव्य का सृजन हुआ और प्रेम से प्रेरित धर्म विकसित हुआ जो भारतीय इतिहास की विरासत है''। मुस्लिम राजाओं, इस्लाम और स्थानीय संस्कृति के मिलेजुले प्रभाव से जीवन के सभी क्षेत्रों में संस्कृति की एक मिलीजुली धारा प्रवाहित हुई। संगीत में ख्याल, गजल और ठुमरी इस अंतःक्रिया के परिणामों का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत को हम आज जिस रूप में जानते हैं, वह हिंदू और मुस्लिम तत्वों के मिलन की 500 सालों से जारी प्रक्रिया से हासिल हुआ है। बीजापुर के इब्राहिम आदिल शाह द्वितीय (1580-1626) के दरबार में 300 हिंदू गायक थे। मुसलमानों में इस संगीत को लोकप्रिय बनाने के लिए उन्होंने स्वयं उर्दू में किताब-ए-नवरंग नामक पुस्तक की रचना की, (जिसमें 59 कविताएं थीं और पहली कविता में देवी सरस्वती की स्तुति थी)। चैतन्य महाप्रभु और अन्य वैष्णव संतों के प्रभाव में कई मुसलमानों ने उनकी तरह का लेखन किया। रहीम और रसखान की गिनती अत्यंत लोकप्रिय हिन्दी कवियों में होती है जिन्होंने बृजभाषा में भगवान श्रीकृष्ण की कीर्ति का बखान किया है। सैयद वाजिद शाह ने 'हीर और रांझा' लिखी जिसकी गिनती मध्यकाल की महानतम रचनाओं में होती है। शेख मोहम्मद का मराठी साहित्य में बड़ा योगदान है। फारसी बोली और दिल्ली के आसपास बोली जाने वाली पश्चिमी हिन्दी के मिश्रण से एक नई भाषा उत्पन्न हुई जिसे बाद में उर्दू के नाम से जाना गया। कई महान हिन्दू साहित्यकारों ने उर्दू को न केवल प्रशासनिक भाषा के रूप में अपनाया बल्कि उन्होंने उर्दू में साहित्य रचना कर उस भाषा के साहित्य भंडार को समृद्ध किया।

# कनाडा के प्रधानमंत्री की स्वदेशी अपनाने की अपील का संदेश

**अशोक मधुप**

आज जो हालात कनाडा के साथ हैं, वही दुनिया के कई अन्य देशों के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कभी भारत तो धमकी देते हैं तो कभी चीन को। ग्रीनलैंड का समर्थन करने वाले देशों को भी इस तरह की उनकी हाल में धमकी आई है। इस तरह की धमकी एक व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने देश के नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की है। ट्रंप प्रशासन द्वारा कनाडाई उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी को देखते हुए ये अपील की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वह चीन के साथ व्यापार समझौता करता है तो वह कनाड़ा पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप की इस चेतावनी के बाद एक वीडियो संदेश में कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि %कनाडा की अर्थव्यवस्था पर बाहरी दबाव है। ऐसे में कनाडा के लोगों के पास यही रास्ता है कि वो ही सामान खरीदें, जो कनाडा में बने हों। दूसरे देश क्या करते हैं, हम उसे नियंत्रित नहीं कर सकते। जो हमारे नियंत्रण में है उसपर फोकस करें। हम ही कनाडा के सबसे अच्छे ग्राहक हैं और हमें कनाडा में बने उत्पाद खरीदने चाहिए ताकि देश को मजबूत बनाया जा सके। अमेरिका और कनाडा दोनों देशों के बीच ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद तल्खी तब और बढ़ गई जब ट्रंप ने कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही, हालांकि पिछले साल कार्नी ने व्हाइट हाउस में ट्रंप से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि कनाडा बिकाऊ नहीं है। आज जो हालात कनाडा के साथ हैं, वही दुनिया के कई अन्य देशों के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कभी भारत तो धमकी देते हैं तो कभी चीन को। ग्रीनलैंड का समर्थन करने वाले देशों को भी इस तरह की उनकी हाल में धमकी आई है। इस तरह की धमकी एक व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है। बड़ी शक्तियां छोटी शक्ति और देशों को दबाकर रखना चाहती हैं। वे छोटे और सम्प्रभू देशों को अपना गुलाम बनाकर रखना पसंद करती है। अपने पर निर्भर बनाए रखना चाहती है। इस तरह के आसन्न खतरे को भारत ने पहले ही भांप लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी समय से स्वदेशी अपनाने पर वैसे ही नही जोर दे रहे। भारत में स्वदेशी का विचार कोई नया नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय चेतना का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विचार को आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से नया आयाम दिया है। वोकल फॉर लोकल का नारा देते हुए उन्होंने देशवासियों से भारतीय उत्पादों को अपनाने और उन्हें वैश्विक बनाने का आह्वान किया है। यह दृष्टिकोण केवल आर्थिक



नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव और आत्मसम्मान से भी जुड़ा हुआ है। जब हम अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, तो हम न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करते हैं। दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम होगी। उनका हम पर दबाव कम होगा। स्वदेशी की अवधारणा को समझने के लिए हमें महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन को याद करना होगा। गांधीजी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक रणनीति के रूप में नहीं देखा था, बल्कि इसे स्वराज और आत्मनिर्भरता के व्यापक दर्शन का हिस्सा माना था। उनका मानना था कि जब तक हम आर्थिक रूप से परतंत्र रहेंगे, तब तक वास्तविक स्वतंत्रता संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और चरखे से बने खादी को अपनाने पर जोर दिया। गांधीजी के लिए चरखा केवल कपड़ा बनाने का साधन नहीं था, बल्कि यह आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक था। दरअसल अंग्रेजों के शासन से पहले जरूरत का सारा सामान हमारे यहां गांव-गांव और आसपास में पैदा होता हैं। जरूरत का काफी सामान हम अपने घर तैयार कर लेते थे। अंग्रेजों ने इस व्यवस्था को बड़े-बड़े उद्योग लगाकर खत्म कर दिया।

महात्मा गांधी ने स्वदेशी का महत्व समझा। उनका स्वदेशी आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हथियार बना। उन्होंने लोगों को समझाया कि जब हम विदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो हम न केवल अपने देश की संपत्ति को बाहर भेज रहे हैं, बल्कि अपने कारीगरों और श्रमिकों को भी बेरोजगार कर रहे हैं। उनका मानना था कि प्रत्येक भारतीय को अपने गांव और अपने देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। यह विचार इतना प्रभावशाली था कि लाखों भारतीयों ने विदेशी कपड़ों की होली जलाई और खादी को अपनाया। यह आंदोलन केवल आर्थिक नहीं था, बल्कि इसने राष्ट्रीय चेतना को जगाने और लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज की वैश्वीकृत दुनिया में स्वदेशी की अवधारणा नए अर्थ और महत्व प्राप्त कर रही है। कनाडा पर ट्रंप की टैरिफ धमकी यह दर्शाती है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार कितना अनिश्चित और राजनीतिक रूप से प्रभावित हो सकता है। जब कोई देश किसी दूसरे देश पर आर्थिक दबाव बनाना चाहता है, तो व्यापार शुल्क एक प्रमुख हथियार बन जाता है। ऐसी स्थिति में जो देश अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत रखते हैं, वे बेहतर तरीके से इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने नागरिकों से देश में बने उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया है। भारत की आत्मनिर्भर भारत पहल इसी दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी कदम है। इस अभियान का उद्देश्य केवल आयात को कम करना नहीं है, बल्कि भारत को विनिर्माण, नवाचार और तकनीकी विकास का एक वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार कहा है कि आत्मनिर्भरता का अर्थ आत्मकेंद्रित होना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय और मजबूत भागीदार बनना है। जब भारतीय उत्पाद गुणवत्ता और नवाचार में उत्कृष्ट होंगे, तो वे न केवल घरेलू बाजार में सफल होंगे बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी जगह बनाएंगे।

स्वदेशी को अपनाने का अर्थ यह नहीं है कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार या वैश्वीकरण के खिलाफ हैं। बल्कि यह एक संतुलित दृष्टिकोण है जो घरेलू उद्योगों को मजबूत करते हुए वैश्विक बाजार में भागीदारी को भी बढ़ावा देता है। जब हमारे उद्योग मजबूत होंगे, तो हम बेहतर शर्तों पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भाग ले सकेंगे। यही कारण है कि भारत मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से घरेलू उत्पादन और नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

# अच्छी-सच्ची पत्रकारिता की कसौटी पर खरे उतरे मार्क

**विश्वनाथ सचदेव**

किसी भी पत्रकार के लिए मार्क टली जैसा विश्वास पाना किसी तमगे से कम नहीं है। वैसे उन्हें तमगे भी कम नहीं मिलेङ्क भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया और इंग्लैंड की महारानी ने उन्हें 'सर' का खिताब दिया। यह मेरा दुर्भाग्य ही है कि मुझे बीबीसी के भारत स्थित संवाददाता स्वर्गीय मार्क टली से मिलने का कभी अवसर नहीं मिला, पर हकीकत यह भी है कि मैं पिछले चार-पांच दशकों में उनसे अक्सर मिलता रहा हूं। यह मिलना बीबीसी रेडियो के माध्यम से होता था। दशकों से रेडियो बीबीसी विश्वसनीय खबरों का एक पर्याय बन चुका हुआ था, और मेरे जैसे लाखों-करोड़ों श्रोता बीबीसी के माध्यम से ही खबरों की विश्वसनीयता परखा करते थे। बीबीसी को यह श्रेय जहां संस्थान की रीति-नीति के कारण मिलता था, वहीं सर मार्क टली जैसे सजग और ईमानदार पत्रकारों ने बीबीसी की विश्वसनीयता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। आज मार्क टली हमारे बीच नहीं हैं। भारत में ही जन्मे सर टली के निधन से ईमानदार पत्रकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण हमारे बीच से उठकर चला गया। वे चाहते थे कि उनका निधन भारत में ही हो और यह संयोग मात्र नहीं है कि भारत के बनते इतिहास का यह साक्षी अपनी जन्मभूमि से ही विदा हुआ। आज जब रेडियो के माध्यम से समय की सच्चाई जानने वाले श्रोता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, तो उस व्यक्ति के साथ ही उस पत्रकारिता की बात भी होनी चाहिए, जिसके लिए वह जाना जाता रहा। और यह अवसर इस बात का भी है कि हम पत्रकारिता, विशेषकर भारत की पत्रकारिता के बारे में भी सोचें, यह आकलन करने की कोशिश करें कि आज हमारी पत्रकारिता की स्थिति क्या है, और जैसी है, वैसी क्यों है? अच्छी और सच्ची पत्रकारिता की शायद सबसे बड़ी कसौटी यह है कि विश्वसनीयता के संदर्भ में वह कहां ठहरती है। था एक ज़माना जब यह माना जाता था कि अखबार में यदि कुछ छपा है तो वह सही ही होगा, जो अखबार जितनी ज़्यादा तटस्थ और सही खबरें देता था, वह उतना ही बेहतर माना जाता था। अब जबकि अखबार के साथ टेलीविजन और सोशल मीडिया भी खबरों की दुनिया का हिस्सा, प्रमुख हिस्सा कहा जाना चाहिए, बन गया है, तो विश्वसनीयता का महत्व और बढ़ जाता है। जिसकी जितनी ज़्यादा पहुंच है, उससे उतनी ही ज़्यादा ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है। यह ईमानदारी ही मीडिया के कद को नापती है। मुझे याद है जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 1984 में हत्या हुई तो राजीव गांधी दिल्ली से बाहर (बंगाल में) थे। तब उन्होंने बीबीसी रेडियो के माध्यम से ही समाचार की पुष्टि की थी। ज्ञातव्य है कि ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) ने तो शाम छह बजे तक उनकी मृत्यु की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। कारण कुछ भी बताये जायें, पर यह हकीकत अपनी जगह है कि राजीव गांधी को तब इंग्लैंड का बीबीसी रेडियो ही विश्वसनीय लगा था। यह तथ्य जहां बीबीसी के महत्व को दर्शाता है, वहीं इस बात को भी रेखांकित करता है कि मीडिया की विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। यह दुर्भाग्य ही है कि आज हमारा रेडियो सरकारी सूचनाओं का भोंपू बनकर रह गया है! दुर्भाग्य यह भी है कि आज हमारे मीडिया का एक बड़ा हिस्सा विश्वसनीयता के संकट का शिकार हो गया है। लगभग आधी सदी पहले जब 1975 में देश में आपातकाल लागू किया गया था तो उसका सबसे बुरा असर मीडिया पर ही पड़ा था। अखबारों पर सेंसरशिप लगा दी गयी थी, कुछ भी छापने से पहले सरकारी एजेंसियों से अनुमति लेनी होती थी। उस कठिन समय में जिन गिने-चुने साहसी पत्रकारों ने सरकार के इस आदेश का पालन करने से इनकार किया, उनमें बीबीसी रेडियो के भारत स्थित संवाददाता मार्क टली का नाम बड़ी प्रमुखता से लिया जाता है। तब उन्हें चौबीस घंटे में भारत छोड़कर जाने का आदेश तत्कालीन सरकार ने दिया था। सरकार के आगे घुटने टेकने के बजाय मार्क टली ने अपने देश लौट जाना बेहतर समझा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए वे इंग्लैंड लौट गये।

# चतुर्थ भारतीय उद्यानिकी शिखर बैठक सह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ संपन्न

**समय जगत, झांसी।** आज रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में आयोजित चतुर्थ भारतीय उद्यानिकी शिखर बैठक सह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन -2026 का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा बागवानी अनुसंधान एवं विकास समिति, उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया।समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति 'प्रो. अशोक कुमार सिंह' ने अपने संबोधन में बताया कि उद्यानिकी आज कृषि का एक प्रमुख एवं तीव्र गति से उभरता क्षेत्र है, जिसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था एवं सकल घरेलू उत्पाद में योगदान निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि फल, सब्जियाँ एवं औषधीय महत्व वाली फसलें न केवल खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि स्वास्थ्य आधारित कृषि की दिशा भी तय कर रही हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, मानकीकरण, रोग-कीट प्रबंधन तथा जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का समाधान प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही संभव है। प्रो. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में नई उद्यानिकी विज्ञान का उद्भव हो रहा है, जिसमें सटीक खेती, संरक्षित खेती, पॉलीहाउस, हाईटेक नर्सरी, एवं स्मार्ट तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वदेशी एवं 'सुपर फ्रूट्स', फसल विविधीकरण पर आधारित सफल मॉडल, सशक्त बाजार संपर्क और मूल्य संवर्धन पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने नवाचार अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों को पहचान और सम्मान देने की आवश्यकता बताई, ताकि वे अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उद्यानिकी आधारित विविधीकरण मॉडल किसानों की आय वृद्धि, रोजगार सृजन और टिकाऊ कृषि विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रो. सिंह ने वैज्ञानिकों और युवाओं से आह्वान किया कि वे अनुसंधान को प्रयोगशालाओं से निकालकर खेतों तक पहुँचाएँ, ताकि उद्यानिकी आधारित कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और रोजगारोन्मुख बनाया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन से निकले निष्कर्ष भविष्य की उद्यानिकी नीतियों एवं कार्यक्रमों को नई दिशा देंगे।



अध्यक्ष, बागवानी अनुसंधान एवं विकास समिति एवं भूतपूर्व कुलपति 'डॉ. बलराज सिंह' , ने अपने संबोधन में कहा कि चतुर्थ भारतीय उद्यानिकी शिखर बैठक सह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनदृ2026 में देश के विभिन्न संस्थानों से बड़े वैज्ञानिकों ने भाग लिया इसमें 250 से अधिक वैज्ञानिक उपस्थित रहे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में मौखिक, पोस्टर, फसल सुधार, बीज की गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन तथा फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कीटों से कैसे बचा जा सकता है तथा फसलों में क्या-क्या समस्या आती है, बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बागवानी को कैसे बढ़ाएं जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले इसमें फल, फूल, सब्जी, मोरिंगा, गार्डन, रेन वाटर, हारवेस्टिंग पर इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विस्तृत सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी अनुसंधान, नवाचार और नीति-निर्माण के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। वर्तमान समय में स्वदेशी एवं अल्प-प्रयुक्त उद्यानिकी फसलों को मुख्यधारा में लाने की अत्यंत आवश्यकता है, इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सम्मेलन के दौरान आयोजित पैनल चर्चा को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इसमें देश-विदेश के वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लेकर उद्यानिकी विकास से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं स्टार्ट-अप्स संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया। डॉ. सिंह ने कहा कि पैनल चर्चा से प्राप्त निष्कर्ष भविष्य की अनुसंधान रणनीतियों एवं किसान-हितैषी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय मंच बुंदेलखंड जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में उद्यानिकी को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होंगे तथा कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाएंगे। आयोजन सचिव 'डॉ. मनीष श्रीवास्तव' ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक शैक्षणिक आयोजन नहीं, बल्कि स्वदेशी, पोषण-संवेदनशील एवं अल्प-प्रयुक्त उद्यानिकी फसलों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की एक ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता का मजबूत आधार बन सकता है।

सम्मेलन के माध्यम से वैज्ञानिक नवाचार, स्टार्ट-अप्स, मूल्य संवर्धन और आधुनिक नर्सरी तकनीकों पर केंद्रित विचार-विमर्श भविष्य की कृषि दिशा तय करेगा। इस अवसर पर भारतीय कृषि एवं बागवानी अनुसंधान विकास समिति के डॉ. जेके रंजन पूर्व अध्यक्ष, सब्जी विज्ञान प्रभाग, आईसीएआर-आईएआरआई डॉ. बीएस. तोमर, विवि के सभी वरिष्ठ अधिकारी, सह आयोजन सचिव डॉ. मनमोहन डोबरियाल, डॉ. गौरव षर्मा, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. ब्रजविहारी शर्मा, सहित अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं नीति-निर्माता, षोधार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अर्तिका सिंह ने एवं सभी लोगों का आभार डॉ. सोम दत्त, सचिव एसएचआरडी ने व्यक्त किया।

# लखपति दीदी प्रभा यादव की कला व उद्यमिता को राष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान

**समय जगत, झांसी।** राष्ट्रीय महिला आयोग के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भारत मण्डपम, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजय राहटकर को उत्तर प्रदेश की लखपति दीदी श्रीमती प्रभा यादव द्वारा निर्मित एक आकर्षक कैनवस पेंटिंग भेंट की गई। श्रीमती प्रभा यादव उत्तर प्रश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी एक सशक्त स्वयं सहायता समूह सदस्य हैं। वह मुरली माता स्वयं सहायता समूह से संबद्ध हैं तथा बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सक्रिय दुग्ध उत्पादक सदस्य हैं। ग्राम रसोई, जनपद झाँसी की निवासी श्रीमती प्रभा ने अपने परिश्रम, लगन और उद्यमशील सोच के बल पर लखपति दीदी के रूप में उल्लेखनीय पहचान स्थापित की है।




वित्तीय वर्ष 2024-25 से दिसंबर 2025 तक श्रीमती प्रभा यादव ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी को कुल 3475 लीटर दूध की आपूर्ति कर लगभग ?2.16 लाख का कारोबार किया है। उनके पास वर्तमान में 7 दुधारू पशु हैं, जो उनकी सतत आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण का आधार हैं। इस अवसर पर डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि श्रीमती प्रभा यादव जैसी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और आजीविका सृजन की प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें समाज में सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य कर रही है।

# समाज में व्याप्त विकृयिों से बचें , सुंदर समाज के लिए सुंदर भाव होना नितांत आवश्यक :अनिल श्रीवास्तव

## विराट हिंदू सम्मेलन में रही भारी भीड़

**समय जगत, पूँछ झाँसी** स्थानीय एक विवाह घर में सकल हिंदू समाज द्वारा एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं सम्मेलन के मुख्य वक्ता अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में व्याप्त विकृतियों के कारण परिवार टूटते जा रहे हैं इसलिए सुंदर समाज के लिए व्यक्ति के अंदर सुंदर भाव का होना नितांत आवश्यक है उन्होंने कहा कि लोगों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि परिवार सुसज्जित सुंदर और संगठित कैसे रहे इसके लिए लोगों को अपने मानव जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम आदर्श को उतारना बेहद जरूरी है उन्होंने कहा कि बेहद दुख होता है कि सोने की चिड़िया कहलाने बाले देश को किसकी नजर लग गई समाज में विकृतियां पैदा हो गई इसलिए प्रत्येक देशवासी को अपनी पहचान फिर से बनाने के लिए अपने अंदर उदार भाव एवं स्वभाव में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है धरती माता तुलसी माता गौ माता वसुदेव कुटुंबकम की धारणा को लेकर चलने वाले देश में परिवार व्यवस्था की एक बड़ी चुनौती सामने आ गई पहले परिवार कुटुंब वंश एवं पूरा गांव एक परिवार की तरह रहता था लेकिन कई विकृतियों के कारण परिवार टूट गए हैं इसलिए शिवाजी भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद रानी लक्ष्मी बाई के इस आजाद भारत के प्रत्येक व्यक्ति को तय करना होगा कि जीवन कैसे जीना है अपनी पुरानी संस्कृति को स्थापित करने के लिए प्रत्येक हिंदू को संकल्प लेना होगा कि विकृतियों एवं कुरीतियों से निजात पाकर अपने परिवार को देश को सुंदर स्वच्छ संगठित बनाएं उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग को समाज के लिए घातक बताया उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का धर्म बनता है कि वह एक पेड़ जरूर लगाए कार्यक्रम के पूर्व में मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव जी द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया इस मौके पर जिला प्रचारक चंदन जी उमाकांत जी शिशुपाल जी भाजपा जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष पूँछ गुरदीप सिंह गुर्जर पंडित जयराम तिवारी जिला पंचायत सदस्य बालकिशन वरार आनंद कुमारी अजय शुक्ल अज्जू साकेत गुप्ता राहुल बनिया यगेश यादव सहित सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे !



# जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के लिए आपदा मित्रों के द्वितीय दल को किया लखनऊ रवाना, दीं शुभकामनाएं

## प्रदेश के राहत आयुक्त के निर्देशों पर जिले में चयनित किए गए 50 स्वयंसेवक/वालेण्टियर्स

**समय जगत, झांसी।** आज प्रदेश के राहत आयुक्त के निर्देशों पर जिले में चयनित किए गए 50 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना कर दिया गया। जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने कनेक्टेड परिसर में बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।आज कहीं पर भी कोई आपदा आती है। वालेण्टियर्स/एनडीआरएफ की वर्दी में जवानों के पहुंचते ही अधर में फंसे लोगों को लगता है कि अब उन्हें बचा लिया जाएगा,लोगों के मन में यह विश्वस्तता, त्याग, कठोर परिश्रम, अनुशासन और सतत प्रशिक्षण के बिना नहीं हो सकती। उक्त उद्गार जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने मुख्यालय राज्य आपदा मोचक बल उत्तर प्रदेश लखनऊ रवाना हो रहे समस्त वॉलेण्टियर्स के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि जिले में आपदा से होने वाले नुकसान को आपदा मित्रों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा मित्र योजना में महिलाओं को भी विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि आपदा के समय महिलाओं को बेहतर तरीके से राहत और बचाव हेतु कार्य किए जा सके। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री वरुण कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में एनसीसी, एनएसएस व अन्य एनजीओ के स्वयंसेवी सदस्यों में से 50 युवक/युवती का चयन आपदा मित्रों के रूप में किया गया। इनको प्रशिक्षण के उपरांत होमगार्ड की भर्ती में तीन अंकों का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने आपदा मित्रों को रवाना करते हुए बताया कि इन सभी को राज्य आपदा मोचक बल उत्तर प्रदेश में आपदा मित्र प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदा के संबंध में 12 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आवश्यक उपकरण एवं किट भी आपदा मित्रों को प्रदान की जाएगी।




इस अवसर पर सहायक निदेशक सूचना श्री सुरजीत सिंह सहित वालेण्टियर्स एवं अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संकल्प के साथ निवाड़ी पुलिस का व्यापक जनजागरूकता अभियान जारी

**समय जगत, निवाड़ी।** आज दिनांक 29 जनवरी 2026 को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत थीम ÷सड़क सुरक्षा दृ जीवन रक्षा÷ को सार्थक करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला निवाड़ी डॉ. श्री रायसिंह नरवरिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला निवाड़ी में व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर ने स्वयं रेडियो स्टेशन पहुंचकर संभाला जागरूकता का जिम्मायातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं यातायात प्रभारी सूबेदार नीरज शर्मा द्वारा बुंदेलखंड रेडियो स्टेशन पहुंचकर रेडियो कार्यक्रम में सहभागिता की गई। रेडियो प्रसारण के माध्यम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आमजन को यातायात नियमों के पालन, राहवीर योजना, सड़क दुर्घटनाओं की वास्तविक स्थिति एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने का संदेश दिया।



साथ ही यातायात प्रभारी सूबेदार श्री नीरज शर्मा द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के श्रोताओं से अपील की गई कि वे हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें एवं सड़क को सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें।यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसमें चौकी प्रभारी नाराइनाका उप निरीक्षक टिंकल यादव द्वारा ग्राम सीतापुर में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूक किया गया।साथ ही थाना टेहरका प्रभारी श्री गौरव राजौरिया द्वारा शासकीय स्कूल टेहरका में विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों एवं अनुशासित यातायात के महत्व की जानकारी दी गई, थाना सिमरा प्रभारी द्वारा शासकीय स्कूल सिमरा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 से 200 स्कूली बच्चों को यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क संकेतों एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।जिला निवाड़ी पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान निरंतर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को यह संदेश दिया जा रहा है कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है।

# सड़क दुर्घटना में पीआरडी जवान घायल

## घायल जवान को देखने पहुंचे पीआरडी जिलाध्यक्ष

**समय जगत, उरई (जालौन )।** उमेश सिंह परिहार जिला अध्यक्ष जालौन अपनी यूनिट के साथ मेडिकल कॉलेज उरई में अपने साथी पीआरडी जवान उत्तम सिंह विकासखंड जालौन के पीआरडी जवान को देखने पहुंचे जवान ने बताया कि कल शाम जालौन से कोच किसी विशेष कर से जा रहे थे तभी अचानक सड़क पर जानवर आ जाने के कारण सड़क दुर्घटना हो गई राउंड लेते हुए कोतवाली इंचार्ज कोच श्री अजीत सिंह जी वहां से गुजर रहे थे उन्होंने अपनी सरकारी जीप रोककर पीआरडी जवान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच में भर्ती कराया मानवता का परिचय देते हुए पीआरडी जवान का प्राथमिक उपचार करने के बाद कोतवाली इंचार्ज कोच सब ने मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया जहां पर उनका इलाज चल रहा है उनके पैर में फैक्चर है ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो यूनिट में श्री दीपक सिंह गौर विकासखंड कुठौंद कमलेश रजक विकास खंड डेकोर अशोक कुमार सविता विकासखंड माधौगढ़ अन्य साथियों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और आश्वासन दिया जनपद के समस्त जवान आपके साथ हैं आपके स्वस्थ होने की कामना करते हैं।


## आम सूचना

मैं, Bhanuse Shahabai Mohan माता नं 17028517A HMT Bhanuse Ajit Mohan कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Bhanuse Shahabai Mohan बदलकर Shahabai Mohan Bhanuse कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र सं 47AA857428.

## आम सूचना

मैं,Bhanuse Varsha Ajit पत्नी नं 17028517A HMT Bhanuse Ajit Mohan कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना Bhanuse Varsha Ajit से बदलकर Varsha Ajit Bhanuse कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र सं 47AA 857427 .

## आम सूचना

मैं, , Santar Devi माता नं 17033941M SEP/CFN Gama Yadav कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Santar Devi से बदलकर Santra कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र सं 47AA857441.

## आम सूचना

Bhanuse Mohan Shivram पिता नं 17028517A HMT Bhanuse Ajit Mohan कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Bhanuse Mohan Shivram से बदलकर Mohan Shivram Bhanuse कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र 47AA857439

## आम सूचना

मैं, Harendra Chandra Deb पिता नं 14648372W Hav Utpal Debnath कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Harendra Chandra Deb से बदलकर Harendra Chandra Debnath कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र सं 47AA 857432.

## आम सूचना

मैं, सर्विस नं 17028517A HMT Bhanuse Ajit Mohan मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरे बेटे का नाम गलत होने के कारण मैंने अपने बेटे का नाम Bhanuse Aarush Ajit से बदलकर Aarush Ajit Bhanuse कर लिया है समान्य दर्ज करे । शपथ पत्र सं 47AA 857426 .

## आम सूचना

मैं, Brijraj Singh Hada पिता नं 16022122M Nk Virendra Singh Hada कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Brijraj Singh Hada से बदलकर Brijraj Singh कर लिया है समान्य दर्ज करे शपथ पत्र सं 47AA857605.


# आपदा मित्र परियोजना के तहत 30 स्वयंसेवक 12 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना

**समय जगत, उरई (जालौन )।** जनपद में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय बैच के चयनित 30 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हेतु आज राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से आपदा मित्रों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिससे त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को अग्निकांड, बाढ़, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने हेतु प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा राहत कार्यों की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत सभी आपदा मित्रों को आपदा किट एवं बीमा पॉलिसी भी उपलब्ध कराई जाएगी,

जिससे वे आपात परिस्थितियों में सुरक्षित रहते हुए प्रभावी ढंग से सेवा दे सकें।इस अवसर पर जिला आपदा विशेषज्ञ अचल श्रीवास्तव, आपदा कार्यालय एवं नागरिक सुरक्षा कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त के नाम होगी मुख्य सड़क

**समय जगत, झांसी।** बबीना विधायक राजीव सिंह परीछा के अथक प्रयास से पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार से किए गए अनुरोध के क्रम में आज उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त जी की जन्मभूमि चिरगांव के लिए आज महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। चिरगांव नगर की वह मुख्य सड़क, जो हाईवे के एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ती है को राष्ट्रकवि दददा श्री मैथिलीशरण गुप्त जी के नाम से किया गया है। यह निर्णय न केवल चिरगांव की ऐतिहासिक और साहित्यिक पहचान को सम्मान देता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रकवि जी के विचारों और कृतित्व से प्रेरणा लेने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस ऐतिहासिक निर्णय हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उ.प्र.सरकार का चिरगांव की समस्त जनता की ओर से हृदय से आभार एवं धन्यवाद ।

# डायल 112 पर मारपीट का आरोप

**समय जगत, उरई।** मकान के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुए विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस पर एक भाई के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे घसीटते हुए ले गए। इस पूरी घटना का वीडियो परिजनों द्वारा बनाया गया है। मामला कदौरा थाना क्षेत्र के बबीना बस स्टैंड के पास का है। महेश साहू के दो पुत्र रविकांत और शशिकांत के बीच बुधवार देर शाम मकान के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान बड़े भाई रविकांत शराब के नशे में था और किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद हाथापाई शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर पिता महेश साहू ने डायल 112 पर सूचना दी।सूचना मिलने पर पीआरवी डायल 112 वाहन संख्या यूपी 32 बीजी 5701 मौके पर पहुंची। परिजनों का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने विवाद को शांत कराने के बजाय नशे में धुत रविकांत के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने युवक को बेरहमी से पीटा और घसीटते हुए गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। इस दौरान परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई का वीडियो बना लिया, जिसमें कथित रूप से पुलिसकर्मी युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।परिजनों का कहना है कि पुलिस युवक को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर जोल्हुपुर की ओर ले जाने लगी। विरोध करने पर उसे कदौरा थाने ले जाया गया। बाद में परिजनों द्वारा कदौरा थाना पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की बात सुनी। पुलिस की मौजूदगी में दोनों भाइयों और परिवारों के बीच समझौता हो गया। हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया है कि डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अनावश्यक रूप से मारपीट की। इस संबंध में कदौरा थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो और शिकायत के आधार पर तथ्यों की पड़ताल की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र संसद 'मंत्रिमंडल' का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**महोबा ।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में छात्र संसद (मंत्रिमंडल) का शपथ ग्रहण समारोह पूर्ण उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जिसका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है। समारोह की मुख्य बातें- शपथ ग्रहण- छात्र संसद के मंत्रियों ने जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ ली। उद्देश्य- छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और स्कूल के सुचारू कामकाज में मदद करना। उपस्थिति- कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, और शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक माहौल- कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की आराधना के साथ की गई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आल्हा चौक महोबा में शुक्रवार को छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मिश्रा तहसीलदार महोबा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके बाद मुख्य मंच पर उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक ढंग से रोली तिलक, बैच, अंगवस्त्र तथा स्मृति-चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया ।कार्यक्रम का संचालन जगप्रसाद तिवारी ने किया। छात्र संसद के प्रधानमंत्री पद पर बहिन नव्या सिंह ने शपथ ग्रहण की। भैया अभय गौतम को सेनापति चुना गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में मुख्य अतिथि तहसीलदार दिवाकर मिश्र ने कहा, ÷ईमानदारी से जो कमाता है, उसका समाज में हमेशा सम्मान होना चाहिए।÷ उन्होंने पारिवारिक एकता के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन पूरे परिवार के साथ भोजन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष भगीरथ नगायच ने विद्यार्थियों को शपथ और संकल्प के बीच अंतर समझाया कि शपथ किसी को साक्षी मानकर ली जाती है, जबकि संकल्प स्वयं को साक्षी मानकर लिया जाता है।कार्यक्रम के समापन पर छात्र संसद प्रमुख गिरीश सक्सेना ने सभी उपस्थितजन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त आचार्य बंधु,हॉस्टल प्रभारी देवेन्द्र सिंह के अलावा बहिन नव्या सिंह, पुष्पेन्द राघव यश बाजपेयी अधिराज अक्षरा पुनीत शुक्ला देवांश समीर जय कटारे राज यादव बहिन सुहानी भैया नैतिक बहिन मेनिका अभय यादव बहिन यशस्वी भैया सक्षम अनीष प्रजापति ओजश आदि भी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का कमिश्नर को ज्ञापन



**बांदा।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने केंद्र कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जिले में मिलर और केंद्र प्रभारियों की मिली भगत से धान की खरीद कर के केंद्रों में प्रति कांटे में 300 कुंटल की प्रतिदिन खरीद की जाती है। जिसमें किसानों का धान नहीं खरीदा जाता ।और द्वह्यश्च का लाभ किसानों को नहीं मिलता ।बिजली बिल राहत योजना में सौ प्रतिशत अधिभार में माफ़ी व मूलधन में 15 से 25 प्रतिशत की घोषणा है लेकिन कई कई सालों के बकायेदारों को कोई राहत नहीं मिली। सरकारी बीज केंद्रों में किसानों को केंद्र प्रभारी द्वारा बीज का पैसा ले लिया जाता है ।परंतु रसीद नहीं दी जाती ।ऐसे ही तमाम मांगों को लेकर संगठन ने आयुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन देने वालों में बुंदेलखंड कानपुर अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल ,मंडल अध्यक्ष कमल नयन पटेल ,जिला उपाध्यक्ष रामदास साहू ,विष्णु प्रसाद द्विवेदी, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, राम रतन गुप्ता, संतोष कुमार ,रवि प्रकाश, बृजराज सिंह यादव ,अनीता, माया सोनी,सीता, शाहजहां सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मनाई पुण्यतिथि

**बांदा।** कांग्रेस के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि सत्य और अहिंसा का ही नाम गांधी है। देश की आजादी के लिए असहयोग आंदोलन, विदेशी कपड़ों का बहिष्कार, नमक सत्याग्रह, अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाए गए व देश प्रेम भावना बलवती करने के लिए भारत भ्रमण कर युवाओं के अन्दर क्रांति का संचार किया गया ।देश की आजादी के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता ।1929 में गांधी ने जेवी कृपलानी, महादेव देसाई, कस्तूरबा के साथ बांदा आए। कुंवर हरप्रसाद सिंह की कोठी पर रुके और यहां के प्रमुख क्रांतिकारियों से आजादी के लिए सलाह, मशवरा किया गया ।साथ ही शहर में प्रभात फेरी निकाली गई ।जिसमें बंदे मातरम और भारत माता की जय का उदघोष किया गया ।इस अवसर पर अफसाना शाह, प्रद्युम्न कुमार लालू, पवन देवी कोरी, शिवबली सिंह, रमेश चन्द्र द्विवेदी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, जितेन्द्र गौरव आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कचरे के ढेर में मिली नवजात बालिका



**समय जगत चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरा से मानवता को शर्मशार करने वाली घटना प्रकाश में आई है पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरा में मानवता को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है। गांव के एक खेत में कचरे के ढेर से नवजात बच्ची मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पहाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को सकुशल व सुरक्षित अपने कब्जे में लिया इसके बाद बच्ची को चाइल्डलाइन जनपद चित्रकूट की टीम को सौंप दिया गया। जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसकी देखभाल की जा रही है।

### मुख्य आरक्षी से पदोन्नति पाकर बने उपनिरीक्षक



**समय जगत, चित्रकूट।** दिनाँक 30.01.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव की उपस्थिति में पुलिस लाइन चित्रकूट में नियुक्त मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस से उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस पद पर पदोन्नति पाने वाले विजय बहादुर मौर्य के कन्धों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोन्नति पाने वाले उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्री विजय बहादुर मौर्य का मुंह मीठा कराया गया तथा पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्व को निर्वहन करने हेतु बताते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गयी।

### अनाथालय जाकर बुंदेलों ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि



**महोबा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर आज बुंदेलों ने उनके द्वारा स्थापित अनाथालय जाकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। गांधी जी ने निधन से 19 वर्ष पहले 1929 में महोबा आकर अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय की नींव रखी थी। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि गांधी जी 21 नवंबर, 1929 को एक राजनैतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने महोबा आए थे। तभी उन्होंने अनाथालय का शिलान्यास किया एवं गरीब, अनाथ बच्चों को एक बड़ा तोहफा दिया। पं. बैज नाथ तिवारी व उमादत्त शुक्ला की देख-रेख में यह अनाथालय दस वर्ष में बनकर तैयार हुआ। अपने 95 वर्ष के सफर में इस अनाथालय में पले-बढ़े तमाम बच्चे अच्छी-अच्छी नौकरियों में पहुंच गए। अब यह अनाथालय महोबा की एक महत्वपूर्ण विरासत बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय बाल सेवा सदन अनाथालय के नाम से मशहूर इस इमारत के ऊपर लगी गांधी जी की आदमकद प्रतिमा और ऊपर बैठे उनके तीनों बंदर बचपन से ही हम लोगों को बहुत लुभाते रहे हैं। उनका संदेश ड्डबुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत करोड्ड आज भी हमें सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर अनाथालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी, व गया प्रसाद कोस्टा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### जिला कलक्ट्रेट के गांधी पार्क में शहीद दिवस का आयोजन



**विजय शर्मा-समय जगत, धौलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस का आयोजन रामधुन एवं गांधी के प्रिय भजनों की गूंज के साथ आयोजित किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा गांधी के प्रिय भजनों यथा रघुपति राघव राजा राम आदि का गायन किया गया। शहीद दिवस के आयोजन पर रामधुन का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, तहसीलदार राजाखेड़ा दीप्ति देव, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क राजकुमार मीणा, संयोजक गांधी दर्शन समिति धर्मेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के क्रम में दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन गोविंन्द गुरु ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित स्कूली छात्रा एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जनसुनवाई



**जगत हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगभग 89 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# 12 अभियुक्तों पर लगा 32000 का अर्थदंड

**बांदा।** 6 मामलों में 12 अभियुक्तों को 32000 रुपये के जुर्माने से दंडित कराया गया ।जिनमें थाना अतर्रा के अभियुक्तगण मुबारक पुत्र घसीटा, जाबिद, सादिक ,अनवर पुत्रगण सकुर खां निवासीगण गोखिया थाना अतर्रा को 12000 रुपये के जुर्माने, थाना बदौसा के अभियुक्त सुशील पुत्र धर्मराज निवासी शाहपुर शानी थाना बदौसा को 1500 रुपये के जुर्माने, थाना बदौसा के अभियुक्त राजकरन पुत्र रामभवन निवासी भदावल थाना बदौसा को 1500 रुपये के जुर्माने, थाना अतर्रा के अभियुक्त भूपत पुत्र रामविशाल निवासी बल्लान थाना अतर्रा को 3000 रुपये के जुर्माने, थाना फतेहगंज के अभियुक्त लवकुश पुत्र शंकरलाल निवासी कुबेरगंज थाना कर्वी चित्रकूट को 6000रुपये के जुर्माने, थाना बिसण्डा के अभियुक्तगण बबलू उर्फ बलराम पुत्र शिवराज, भोले, चुनकू ,अमित पुत्रगण शिवराम निवासी पल्हरी थाना बिसण्डा को 8000रुपये के जुर्माने से दंडित कराया गया।

# पीएम आवास की पहली किस्त आने की खुशी बदली मातम में, दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत



**समय जगत मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कस्बे में एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहां कस्बे के बाकी तलैया मोहल्ले में प्रधानमंत्री आवास योजना की खुशी उस समय मातम में बदल गई जब नए घर के निर्माण के लिए पुरानी कच्ची दीवार गिरा रहे मोहम्मद इकबाल मलबे के नीचे दब गए। परिजनों के अनुसार मोहम्मद इकबाल के नाम पर पीएम आवास की पहली किस्त जारी हुई थी। नए पक्के मकान के निर्माण की तैयारी में मोहम्मद इकबाल खुद कच्ची दीवार गिरा रहे थे, तभी अचानक पुरानी दीवार उनके ऊपर गिर गई और मोहम्मद इकबाल मलबे के नीचे दब गए। आनंद-फानन में परिजनों व स्थानीय लोगों ने उन्हें मलवा से बाहर निकाला और गंभीर हालत में मौदहा अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक मोहम्मद इकबाल अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रियो और दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित



**धौलपुर।** महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय स्थित स्किल लैब में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया। इस सम्बंध में सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिसका उद्देश्य विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान करते हुए आमुखीकरण किया जाना है। गर्ग ने कहा कि 19 जनवरी से विभाग द्वारा कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों पर फोकस कर प्रेरणा अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी की सेवाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों का पंजीयन, पूर्व शाला शिक्षा पर ध्यान तथा पोषण के प्रति जागरुकता लाना है। इस अभियान में बच्चों के अपार आईडी बनाने पर फोकस किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीपीओ ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ पोषण ट्रेकर पर चर्चा करते हुए पोषण ट्रेकर पर आंगनबाड़ी खुलने की स्थिति, वृद्धि निगरानी व पोषाहार वितरण की प्रविष्टि नियमित दर्ज करने के निर्देश दिए। गर्ग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि केंद्रों पर हर माह ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजित किए जाएं।

प्रशिक्षण मे बतौर प्रशिक्षक महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा और ममता जैन ने पोषण ट्रेकर की उपयोगिता व प्रयोग तथा पोषण अभियान पोर्टल पर डेशबोर्ड एंट्री के बारे में समझाया। रॉकेट लर्निंग से गायत्री किरार ने पूर्व शाला शिक्षा के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर धौलपुर ग्रामीण क्षेत्र सरानीखेड़ा व शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, पोषण अभियान के जिला समन्वयक विमल मुद्गल, जिला परियोजना सहायक नरगिस, सहायक लेखाधिकारी मांगी लाल आर्य, वरिष्ठ सहायक अंकुर शर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय निर्वाण उपस्थित रहे।

## विद्युत उपकेंद्र कुरारा के अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**समय जगत हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी हमीरपुर को बिजली बिल राहत योजना में अच्छी प्रगति करने पर दोनों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार ( आई ए एस) द्वारा विद्युत वितरण उपखंड हमीरपुर के उप खंड अधिकारी शहजाद खान व 33 केवी उपकेंद्र के अवर अभियंता दयानंद यादव को बिजली बिल राहत योजना 2025 2026 की दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में अच्छी प्रगति व राजस्व वसूली के कार्यों को निष्ठापूर्वक करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर हेड क्वार्टर आगरा में सम्मानित किया गया है।

## चोरी करने का अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्राज्यीय अभियुक्त उमेश पुत्र सोहावन निवासी खेरवा थाना बरौधा सतना ( म0प्र0 ) को गिरफ्तार कर लिया गया है ।कन्दोहरा के रहने वाले बाबूराम पुत्र देवी दयाल द्वारा थाना फतेहगंज पर सूचना दी कि शाम को अज्ञात लोगों द्वारा उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली गई है ।थाना फतेहगंज पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे ।थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को बरछा डड़िया रपटा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया ।तलाशी के दौरान चोरी की बैटरी भी बरामद हुई।

# लिलवाही गांव में जल अर्पण दिवस समारोह, ग्रामीण पेयजल परियोजना का लोकार्पण



**महोबा।** जनपद के ग्राम लिलवाही में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'जल अर्पण दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश शासन स्वतंत्र देव सिंह ने ग्रामीण पेयजल परियोजना का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी मिलेगा और दैनिक जीवन में पानी की समस्या से राहत मिलेगी। बताया गया कि परियोजना के चालू होने से गांव के बड़ी संख्या में परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा। महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। समारोह में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में जल संरक्षण और स्वच्छ जल उपयोग का संदेश भी दिया।

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर रोल पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**धौलपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में रोल पर्यवेक्षक पी. रमेश की अध्यक्षता में पंचायत समिति बाड़ी के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीणा एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रोल पर्यवेक्षक द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत विधानसभावार अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले की समस्त विधानसभाओं में प्राप्त फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के निस्तारण की प्रगति, मतदाता सूची में जेंडर रेशियो तथा ईपी रेशियो की स्थिति से अवगत कराया गया। रोल पर्यवेक्षक रमेश ने कहा कि निर्वाचक नामावली की शुद्धता एवं अद्यतनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत रूप से जोड़े जाएं, अपात्र प्रविष्टियों को समयबद्ध ढंग से हटाया जाए तथा सभी दावे-आपत्तियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं के लिए त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सके। बैठक के अंत में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा फील्ड स्तर पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग चौड़ीकरण हेतु शेष चिन्हित अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी

## उपायुक्त ने स्थल निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**कटनी ।** शहर के समग्र विकास एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग चौड़ीकरण हेतु शेष कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। निर्धारित योजना के अनुरूप इस मार्ग की शेष चिन्हित संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है, जिससे मार्ग के शेष विकास कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए व्यवस्थित मार्ग को नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए सौंपा जा सके। गत दिवस मार्ग की चिन्हित संरचनाओं को पृथक करने की कार्यवाही के दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा स्थल पर की जा रही कार्यवाही का निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह एवं लोक निर्माण शाखा के अधिकारी कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा के बीच समरूपता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सहायक यंत्री सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को आवश्यक सूचना प्रदान की गई थी। समझाइश एवं सहयोग के उपरांत अब मार्ग चौड़ीकरण के लिए आवश्यक अतिक्रमण हटाने का कार्य निगम प्रशासन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त सहयोग से सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। निगम प्रशासन का मानना है कि मार्ग चौड़ीकरण पूर्ण होने के पश्चात इस क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी तथा आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही शहर के सौंदर्य एवं व्यवस्थित स्वरूप को भी मजबूती मिलनें के साथ ही क्षेत्र का व्यवसाय भी सुदृढ़ होगा। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शहर के विकास कार्यों में सहयोग करें तथा अस्थायी असुविधा को नगर के दीर्घकालीन हित में समझाते हुए प्रशासन का साथ दें। नगर विकास की दिशा में उठाया गया यह कदम कटनी को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं आधुनिक शहर बनाने की ओर महत्वपूर्ण पहल है।

# रोजगार मेले में हुआ 194 आवेदकों का प्राथमिक चयन

## स्वरोजगार हेतु 22 लाख रूपये से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र हुए वितरित



**समय जगत, कटनी ।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बुधवार को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजागर एवं अप्रेन्टिससिप मेले का आयोजन किया गया। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। रोजगार मेले में बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी, प्राचार्य पॉलीटेक्निक नरेन्द्र बडर्बेडकर, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, प्राचार्य आईटीआई देवेश कुमार मिश्रा एवं प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद श्री इंदर उपस्थित रहे। मेले में निजी क्षेत्र की 6 कम्पनियों से 410 रिक्तियां प्राप्त हुई थी। मेले में 371 आवेदकों के द्वारा पंजीयन कराया गया जिसमें से जीडीएक्स सिक्योरिटी सर्विस नोयडा के द्वारा 44, भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा 25, फ्रीडम एम्प्लायबिलिटी नई दिल्ली द्वारा 1, प्रधानमत्री कैशल विकास केन्द्र द्वारा 60, अडानी स्किल डेवलपमेन्ट कैमौर द्वारा 24, बेस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 28 सहित कुल 194 आवदकों का प्राथमिक चयन किया गया। इसी प्रकार विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय द्वारा स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 2 आवेदकों को 22 लाख 52 हजार रूपये एवं मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 26 लाख 51 हजार 271 रूपये स्व-सहायता समूह को अनुदान राशि वितरित किया गया। युवा संगम मेले में स्वास्थ परीक्षण हेतु मेडिकल टीम द्वारा 56 आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया। इसके अलावा स्वरोजगार से संबंधित पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा उपस्थित आवेदकों को जानकारी प्रदाय की गई। मेले में आईटीआई विकास कुमार गर्ग एवं अनिल कुमार तिवारी द्वारा आईटीआई में संचालित योजनाओं एवं आईटीआई के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से प्राचार्य द्वारा स्टार्टअप एवं एआई तथा तकनीकी शिक्षा के महत्व के संबंध में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई।

# संक्षिप्त समाचार

## इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा तहसील सिरोंज में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**समय जगत, सिरोंज ।** इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा मेधावी छात्रों को एजुकनेक्ट कार्यक्रम के माध्यम से प्रोत्साहित करने के क्रम में छात्रा अंजली यादव पिता धनराज यादव निवासी ग्राम पाटन को कक्षा 10वीं में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने क्षेत्र का नाम करने पर टेबलेट मोबाइल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें उपस्थित इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के टेरेटरी मैनेजर मिस्टर रामपदम धाकड़ , इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड डिस्ट्रीब्यूटर एवं कश्यप कृषि सेवा केंद्र सिरोंज के संचालक अमित कश्यप ,डिमांड जनरेट ऑफिसर रोहित यादव और चितावर सरपंच भूपत मीणा के साथ में हायर स्कूल चितावर समस्त शिक्षकों के द्वारा टेबलेट मोबाइल देकर प्रोत्साहित किया गया।

## श्रीजी की निकली भव्य शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने द्वार पर की आरती

**समय जगत, खुरई।** गढ़ोला जागीर में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले वेदी प्रतिष्ठा समारोह में, नए जिनालय में स्थापना के लिए तीर्थ क्षेत्र गोलाकोट खनियाधाना पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित होकर ट्रक से नगर आई मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा श्री लाल मंदिर गुरुकुल से प्रारंभ होकर,परसा चौराहा पहुंच। जहां पर संत भवन में सैकड़ो महिलाओं ने एकत्रित होकर श्रीजी की आरती की,श्रीजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सभी ने अपने-अपने द्वार पर रंगोलिया बनाई और आकर्षक साज-सज्जा की। श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती कर श्रीफल समर्पित किए। सभी प्रभु की भक्ति करते हुए नाचते हुए चल रहे थे,शोभा यात्रा झंडा चौक होते हुए गढ़ोला नाका पहुंची वहाँ पर सभी ने बधाई नृत्य कर श्रीजी की अगवानी की,वहाँ से गढ़ोला जागीर के लिए निकल गई। श्रीजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

## सकल हिंदू समाज द्वारा निकाली जा रही है 84 हनुमान दर्शन यात्रा

**समय जगत, राजगढ़।** 84 हनुमान दर्शन यात्रा समिति के तत्वाधान में सकल हिंदू समाज द्वारा निकाली जा रही 84 हनुमान दर्शन यात्रा के छठवें दिन की यात्रा श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर कालाखेत में पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई जो की उद्योग विभाग के पास हनुमान मंदिर,रामलीला कॉलोनी,इंगले कॉलोनी,अंजली लाल धाम बायपास,भंवर कॉलोनी एवम कलेक्टर ऑफिस हनुमान मंदिर से एसपी ऑफिस हनुमान मंदिर वहीं से गिरनार सिटी हनुमान मंदिर होते हुए पुरा स्थित तेजाजी महाराज मंदिर पर दर्शन कर यात्रा का समापन हुआ। इसी कड़ी में शुक्रवार को यात्रा के आखरी दिन राजगढ़ के सरेड़ी हनुमान मंदिर, मोर पीपली क्षेत्र से होते हुए जालपा मातामंदिर धाम पहुंची। जहां मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा कर यात्रा का समापन प्रसादी ग्रहण के साथ हुआ।

## दीपनाखेड़ा पुलिस ने किया बीजासन माता मंदिर चोरी का पर्दाफाश

# बीजासन माता मंदिर चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार, 1.30 लाख व मंगलसूत्र बरामद



**सिरोंज।** थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने विगत दिनों ग्राम दीपनाखेड़ा स्थित बीजासन माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नकदी 1,30,000 रूपये एवं एक सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है। इस चोरी की साजिश स्वयं फरियादी संत के साथी द्वारा रची गई थी, जो पूरी घटना का मास्टरमाइंड निकला। घटना का संक्षिप्त विवरण- 26.01.2026 को बीजासन माता मंदिर के प्रमुख संत बालभारती महाराज द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि छठ मेले के दौरान रात्रि में महाआरती के पश्चात उनके बिस्तर पर रखे थैले से अज्ञात चोर द्वारा लगभग 2-3 लाख नकद राशि एवं एक सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में अपराध क्रमांक 12/26 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई- पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के तथा एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा मेले में लगे दुकानदारों, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान संदेही राजकुमार उर्फ पिंका यादव से पूछताछ की गई, जिसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी भोलापुरी महाराज उर्फ चंपालाल कुशवाहकृजो कि बीजासन माता मंदिर में संत का साथी हैकृके साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से कुल 1,30,000 नकद एवं चोरी गया मंगलसूत्र जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपियों का विवरण- राजकुमार यादव उर्फ पिंका, पिता गणेशराम यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम दीपनाखेड़ा, भोलापुरी उर्फ चंपालाल कुशवाह, पिता हीरालाल कुशवाह, उम्र 45 वर्ष, निवासी जयस्तंभ चौराहा, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गुना (वर्तमान निवास बीजासन माता मंदिर, दीपनाखेड़ा)। सराहनीय भूमिका- इस संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रकाश भिलाला (थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा), प्रधान आरक्षक दीपक सिंह सेंगर, प्रधान आरक्षक सीताराम खंगार, आरक्षक अमित खैरविया, राजकुमार, फिरोज खान, राजू प्रजापति, बाबूलाल बेलिया, देवेंद्र पिप्पल एवं महिला आरक्षक रश्मि चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम रोजगार सहायकों का ग्राम पंचायत विकास योजना एवं ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना।** पन्ना स्वयंसेवी संस्था समर्थन द्वारा अजयगढ़ जनपद के एक निजी गार्डन में ग्राम पंचायत विकास योजना एवं ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ के मार्गदर्शन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के द्वारा प्रथम बैच में 37 पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायको का उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया था जिसमे कुल 32 ग्राम रोजगार सहायकों ने भाग लिया. इसमें वर्तमान में चल रहे ग्राम पंचायत विकास योजना कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर जरुरत के आधार पर ग्रामीणों द्वारा ग्राम विकास योजना बनाई गई जिसमे गांवों की आवश्यकता के आधार पर गतिविधियां चिन्हित की गई। इन सभी गतिविधियों को ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर प्रविष्टि के लिए का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया, ताकि क्षेत्र का अधिकतम विकास हो सके और साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राजकुमार मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना तथा इस प्रशिक्षण के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में गुरुशरण पांडे तथा अरुण कुमार पांडे ने ई-ग्रामस्वराज पोर्टल के संबंध में को बताया की किस तरह सभी गतिविधियों की इंट्री की जाती है. साथ ही टाइड एवं अनटाइड निधि के संबंध में बताते हुए इस निधि की महत्ता एवं वितरण को भी बताया गया।

# राज्यमंत्री श्री लोधी की अध्यक्षता में नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारियों के संबंध में अहम बैठक संपन्न



**दमोह।** जिले के ग्राम नोहटा में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक नोहलेश्वर महोत्सव आयोजित किया जा रहा हैं। सभी जिलाधिकारी इसे अपना महोत्सव मानते हुए इसमें अपनी महती भूमिका अदा करें। शिविर में 6 और 7 फरवरी को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में आमजनों के स्वास्थ्य परीक्षणों के साथ ही दिव्यागंजनों का परीक्षण और स्किल सेल की जांच भी की जायेगी। इस आशय की बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के संबंध में आयोजित बैठक में कही। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रृतकीर्ति सामेवंशी मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने कहा की 5 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित इस महोत्सव के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा इस दौरान किसान सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उन्नत कृषि उपकरणों का प्रर्दशन के साथ ही उन्नत खेती करने वाले किसानों का संबोधन व सम्मान भी किया जायेगा। मेले में 9 फरवरी को रोजगार मेला और कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम रखा गया हैं। इसी दौरान संकल्प से समाधान शिविर भी आयोजित किया जायेगा। जिसमें क्षेत्र के निवासी अपने आवेदन कर सकेंगे जिनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जायेगा। मेले में आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा नोहटा महोत्सव या मेला हम शुरू कर रहे हैं, प्रदेश स्तरीय मेले के रूप में उभरकर सामने आए, इस प्रकार की रचना योजनाए कार्ययोजना बनाई जा रही हैं। आने वाले समय में ये नोहटा महोत्सव प्रदेश के नामी-ग्रामी महोत्सवों में शामिल हो, इस प्रकार की रचना योजना बनाई गई है और सारे अधिकारियों को इस संबंध में व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश देने का काम किया गया है।

## कलेक्ट्रेट में बनी नई 'समन्वय शाखा' से व्यवस्थाओं में तेजी से सुधार के हैं आसार

# मैनिट की रिपोर्ट में चिन्हित सभी त्रुटियों का निर्धारित समय-सीमा में किया जाये सुधार : कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद बना रहे। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रृतकीर्ति सोमवंशी एवं वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे के साथ मिलकर यह व्यवस्था बनाई गई है कि विभागीय समन्वय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। इस पहल को मजबूत करने के लिए कलेक्ट्रेट में समन्वय शाखा के नाम से एक नई शाखा की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि पिछली समन्वय बैठक सितंबर माह में हुई थी जबकि अब पुनः व्यापक स्तर पर बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व, वन, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, परिवहन तथा निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में जिले के 14 ब्लैक स्पॉट से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जो मैनिट भोपाल से प्राप्त हुई है। मैनिट के प्रोफेसर एवं उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही प्रारंभ कर दी है ताकि ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित और सामान्य स्थिति में बदला जा सके। कलेक्टर ने कहा एक अहम निर्णय लेते हुए सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मैनिट की रिपोर्ट में चिन्हित सभी त्रुटियों को निर्धारित समय.सीमा के भीतर दूर किया जाए। इसके अलावा अन्य विभिन्न रिपोर्टों पर भी गहन चर्चा की गई। बैठक में वन एवं राजस्व विभाग की भूमि सीमांकनए परिवहन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# दक्षिण वनमंडल में पांचवां नि :शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर किया गया आयोजित



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना दक्षिण पन्ना वनमंडल के मोहन्द्रा वनपरिक्षेत्र में जेके सीमेंट, अमानगंज (पन्ना) के पर्यावरण विभाग के सहयोग से पांचवां निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिजन, वन समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण तथा मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। यह स्वास्थ्य शिविर जेके सीमेंट के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एचआर हेड अवनीश गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरित्रा बनर्जी, डॉ. रामजी तिवारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सना अंसारी शामिल रहीं। चिकित्सकीय एवं तकनीकी सहयोग हेतु रामकुमार, अमन विश्वकर्मा, निवेदिता श्रीवास, शुभम तिवारी, दीपेंद्र तिवारी, एम डी शकील, एवं मोनू बाल्मीकि पूरे समय उपस्थित रहे। जांच के लिए सभी आवश्यक आधुनिक उपकरणों एवं सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य शिविर में कुल एक सैकड़ा से अधिक ओपीडी मरीजों की जांच की गई, जिनमें 18 लोगों का रक्त परीक्षण तथा 7 एक्स-रे जांच की गई। सभी लाभार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई, जिससे वनकर्मियों के परिवारों, वन समिति सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। जेके सीमेंट की ओर से डॉ. सौरभ यादव (हेड एनवायरनमेंट) अपनी टीम रवि सिंह के साथ उपस्थित रहे।

# तक्षशिला स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न

## विजेताओं को मिले पुरस्कार



**समय जगत, खुरई।** कबीर वार्ड स्थित तक्षशिला कॉन्वेंट/हायर सेकेंडरी स्कूल खुरई में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसी नीरज गौर एवं जनशिक्षक हरिसींग राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान खेलकूद और कलात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, मेंहदी और नृत्य में प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, खेलकूद के मैदान पर अपना दम दिखाने वाले 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, बोरा दौड़ और गोला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नीरज गौर ने अपने संबोधन में कहा कि पुरस्कार न केवल छात्र की मेहनत का फल है, बल्कि यह उनके मनोबल को बढ़ाकर भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित भी करता है। जनशिक्षक हरी सिंह राजपूत ने विजेताओं को बधाई देते हुए सांस्कृतिक प्रभारी दिव्या श्रीवास्तव एवं खेल प्रभारी अंशु यादव के कुशल प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन जयश्री मैडम द्वारा किया गया। अंत में संस्था प्राचार्य लाखन सिंह कुर्मी ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# राज्य पुष्प महोत्सव में गुना का परचम, पॉलीहाउस गुलाब के चारों प्रथम पुरस्कार गुना के नाम

## मुख्यमंत्री ने की गुना के किसानों की खुलकर प्रशंसा

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल के कुशल नेतृत्व में गुना जिला गुलाब की उन्नत खेती के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसका सशक्त प्रमाण राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव, भोपाल में देखने को मिला, जहाँ गुना जिले के पॉलीहाउस गुलाब उत्पादक किसानों ने पॉलीहाउस गुलाब श्रेणी के चारों प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जिले को प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। पुष्प महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदर्शनी स्थल पर सर्वाधिक समय गुना जिले के पॉलीहाउस गुलाबों को देखने, उनकी गुणवत्ता, रंग, आकार एवं उत्पादन तकनीक की बारीकियों को समझने में बिताया। मुख्यमंत्री ने मंच से भी गुना जिले एवं इसके किसानों की नवाचारी सोच, तकनीकी दक्षता एवं परिश्रम की खुले शब्दों में सराहना की।

**पुरस्कारों का विवरण:** गुना जिले के ग्राम टकनेरा के प्रगतिशील पॉलीहाउस गुलाब उत्पादक किसान अनिमेष श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन प्रथम पुरस्कार अपने नाम किए– गुलाब की जुमेलिया किस्म के लिए प्रथम पुरस्कार, गुलाब की हॉटस्पॉट किस्म के लिए प्रथम पुरस्कार, तथा सोलेरिया (पीले गुलाब) किस्म के लिए प्रथम पुरस्कार। एवं



सुशील दहीफले, महल कॉलोनी के किसान ने लाल गुलाब (टॉप सीक्रेट) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, गुना जिले के ही किसान विष्णु धाकड़ को सोलेरिया (पीले गुलाब) किस्म के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि गुना जिले के किसानों की तकनीकी समझ, वैज्ञानिक प्रबंधन एवं गुणवत्ता-आधारित उत्पादन क्षमता को दर्शाती है। इस अवसर पर उपसंचालक उद्यान के.पी.एस. किरार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुना जिले को गुलाब क्लस्टर प्रदान किए जाने हेतु आभार व्यक्त किया तथा इसे जिले के पुष्प उत्पादक किसानों के लिए एक दूरगामी एवं ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सकतपुर, जिला गुना के प्रगतिशील किसान श्री शिवम चौहान ने मंच पर मुख्यमंत्री को गुलाब लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें अनुदान का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उद्यानिकी आयुक्त अरविंद दुबे ने भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर गुना जिले के पॉलीहाउस गुलाब उत्पादक किसानों, जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग की टीम को हार्दिक बधाई प्रेषित की। कलेक्टर किशोर कन्याल ने इस सफलता पर जिले के सभी पॉलीहाउस गुलाब उत्पादक किसानों एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रशासन, विभाग और किसानों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

# पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने मनरेगा योजना में किया है बदलाव: सांसद गजेन्द्र पटेल

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा जिला सम्मेलन के साथ होगी ग्राम चौपाल



### वीबी रामजी योजना का जिले ब्लॉक और ग्राम स्तर पर होगा प्रचार-प्रसार

**खरगोन।** केंद्र सरकार ने महती विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी रामजी) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी, जिला, ब्लॉक, ग्राम से लेकर फालियों तक सम्मेलन, कार्यशाला और चौपाल का आयोजन करेगी। इन आयोजनों की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे की अध्यक्षता और सांसद गजेंद्र पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें सांसद श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के लिए अमूलचूल बदलाव, संशोधन कर केंद्र सरकार ने महती विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी रामजी) योजना लागू कि है। इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है, जबकि योजना मजदूर हितैषी योजना है। इस योजना से मजदूरों को कैसे पहले से अधिक लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी सम्मेलन, चौपाल के माध्यम से प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के वक्ता ग्रामीण मजदूरों तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने बताया योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिला संयोजक, सह. संयोजक की नियुक्तियां की गई है। आगामी दिनों में जिला, ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन एवं चौपालें आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाडग़े, जिला उपाध्यक्ष हरेसिंह चावड़ा, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, जिला मंत्री अनुराग दांगी, कार्यालय मंत्री विजय पटेल, वीबी रामजी योजना प्रचार. प्रसार जिला संयोजक वीरेंद्र पाटीदार, जीरामजी भीकनगांव विधानसभा टोली संयोजक दिलीप जोशी, जीरामजी खरगोन विधानसभा टोली जीरामजी संयोजक संतोष पाटीदार, जीरामजी भगवानपुरा विधानसभा टोली संयोजक प्रहलाद वास्कले, सह.संयोजक संतोष सोलंकी, कसरावद विधानसभा जीरामजी टोली संयोजक ताराचंद यादव, जीरामजी टोली जिला सोशल प्रभारी अमित मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा आदि उपस्थित थे।

## अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश, एक थाने और दो चौकियों पर की कार्रवाई

**खरगोन।** जिले के गोगावां थाना सहित अहिरखेड़ा और सेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश दी। गोगावां में पुलिस ने बताया थाना गोगावां ककडगांव रोड ग्राम अदलपुरा पर बाईक सवार संदिग्ध को घेराबंदी कर रोका गया। उसने अपना नाम अशोक पिता हीरु बामनिया निवासी बिटनेरा बैडी का होना बताया। मोटर साइकल पर बोरे में अवैध कच्ची शराब मिली। जिसे जब्त किया गया। इसी तरह थानाक्षेत्र के ही लाखी फाटा क्षेत्र में भी कार्रवाई की। यहां संजय पिता कैलाश देवडे ग्राम सिगनुर देवडा फाल्या को बाईक पर अवैध रुप से कच्ची शराब का परिवहन करते पकड़ा गया। उसके कब्जे से 56 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं अवैध शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बाईक जब्त की है। चौकी अहिरखेड़ा पुलिस टीम ने ग्राम चौण्डी में राजेश पिता रायबा मुजाल्दे एवं मदन पिता तेरसिंह मुजाल्दे के घरों पर पृथक-पृथक दबिश दी। राजेश के घर की तलाशी लेने पर प्लास्टीक की केनो में कुल 90 लीटर शराब मिली। इसी प्रकार मदन पिता तेरसिंह मुजाल्दे के घर पर से 60 लीटर देशी हाथ भट्टी शराब व अवैध शराब बनाने के संसाधन मिले। इसके साथ ही मौके पर 400 लीटर महुआ लहान को नष्ट किया गया। सेगांव पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार तड़के ग्राम रावतपुरा तीरी के जंगलों में दबिश दी गई। यहां मौके पर अवैध कच्ची शराब की भट्टी संचालित करते नवल पिता लाबू मकवाने निवासी ग्राम तीरी को पकड़ा। मौके पर से कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं शराब बनाने के संसाधनो जब्त किया गया।

# पलेरा में रेत माफिया एवं रेत कंपनी के हौसले बुलंद

## सरपंच प्रतिनिधि एवं चचेरे भाई के साथ लाठी-डंडों से मारपीट, मामला दर्ज



**पलेरा।** रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि बेखौफ होकर रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है। हरियाणा की कंपनी के द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। जिससे रेत माफिया किसानों को डरा धमका रहे हैं एक तरफ किसानों के ऊपर बरसात के बादल मडरा रहे हैं वहीं दूसरी ओर रेत माफिया किसानों फसल बर्बाद कर रहे हैं एवं खेत बंजर किए जा रहे हैं इसी मामले को लेकर गोना के सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा कंपनी के लोगों का विरोध किया गया और ट्रकों को सही ढंग से निकलने की हिदायत दी गई। गोना कोरोला से काफी लंबे समय से रेत का अवैध कारोबार रेत माफियाओं के द्वारा लंबे समय से किया जा रहा था इसी बात को लेकर रेत माफिया सरपंच प्रतिनिधि से रंजिश बनाकर बैठे थे विगत रात्रि करीब 11 सरपंच प्रतिनिधि नौगांव से अपने गांव गोना जा रहे थे रास्ते में रेत कंपनी के लोगों के द्वारा मिलकर सरपंच प्रतिनिधि और उनके साथियों की जमकर मारपीट कर दी गई लाठी डंडे से मारपीट की गई है। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि के सिर में गंभीर चोट आई है हाथ पैर और पीठ में भी चोट आई है, उनके चचेरे भाई राजा जी बुंदेला सरपंच प्रतिनिधि को बचाने आए तो उनके भी साथ लात घूसों से मारपीट की गई उनकी बलेनो गाड़ी की कांच तोड़े गए और गाड़ी को चपटा कर दिया। साथ ही सरपंच की स्कॉर्पियो गाड़ी के कांच हेडलाइट फोड़ी गई गाड़ी की बॉडी चपटी कर दी इस मामले में पूर्व सरपंच गणेश विश्वकर्मा एवं राजा बुंदेला के द्वारा पलेरा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें पलेरा पुलिस के द्वारा आरोपी दीपेंद्र सिंह बुंदेला निवासी खकोरा मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश, प्रताप सिंह नौगांव जिला छतरपुर मध्य प्रदेश, ऋषि सेंगर नौगांव, नाती राजा बुंदेला खकोरा, विशाल शर्मा छतरपुर के खिलाफ धारा 118 (1), 115(2) 296, 126(2), 324(4),(3), 351(2), बीएनएसएस की धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया गया है पलेरा पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सार-समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा की बैठक अपराधियों की धरपकड़ के दिए टारगेट



**खरगोन।** एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार शाम अपराध समीक्षा बैठक ली। इसमें जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी ने लंबित अपराध एवं आगामी कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए पुराने लंबित गंभीर अपराधों में अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय प्रस्तुत करने, फरार अपराधियों के धरपकड़ का टारगेट दिया। एसपी ने न्यायालय के सम्मन वारंट तामील कराए जाने, प्रकरणों की रेगुलर मॉनिटरिंग करने और अपराधियों को सजा दिलाए जानें के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने महिलाओं, बालिकाओं के विरुद्ध, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अपराधों को नियंत्रण करने, त्वरित विवेचना करने और राहत प्रकरण तैयार करने हेतु विवेचको को प्रेरित किया। अवैध गौवंश परिवहन, अवैध फायर आर्म्स तस्करी, अवैध जुआ सट्टे आदि पर रोक के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी ली।

### यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**मोहसिन अहमद– समय जगत, टीकमगढ़।** केंद्र सरकार के द्वारा लाये गए यूजीसी कानून के विरोध में अब महानगरों के बाद ग्रामीण और नगरी अंचलों में भी आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी है। सवर्ण समाज ने इसे काला कानून करार देते हुए इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। टीकमगढ़ में इस कानून के विरोध में सैकड़ो की संख्या में युवा, महिला, बुजुर्ग सहित सवर्ण समाज के लोग आगे आए और राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर कार्यालय में जाकर सवर्ण समाज ने संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया कि नया यूजीसी कानून केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं बल्कि भारत के शैक्षणिक भविष्य का प्रश्न है यदि इसे आज नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी क्षमा नहीं करेंगे इसलिए आवश्यक है कि शिक्षक छात्र और समाज का हर जागरूक नागरिक एकजुट होकर इस शिक्षा विरोधी कानून का विरोध करता है। अत: हम आपसे बिनम्र किंतु दृढ़ आग्रह करते हैं कि नए यूजीसी कानून पर पुनर्विचार कर देश की शिक्षा व्यवस्था को सुधार लोकतांत्रिक और समावेशी बनाएं। अत: जन भावना को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण यूजीसी संशोधन निरस्त करके पूरी कमेटी बर्खास्त किए जाने की कृपा करें।

# यूजीसी को लेकर भाजपा के सवर्ण नेताओं ने बनाई दूरी तो विरोध में हुई नारेबाजी



**समय जगत, अशोकनगर।** यूजीसी कानून के विरोध में शुक्रवार को सवर्ण समाज ने जिला मुख्यालय पर आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूजीसी कानून का विरोध कर रहे लोगों ने काला कानून वापिस लेने के नारे लगाए। साथ ही भाजपा नेताओं के विरोध में भी जमकर नारेबाजी की। केंद्र सरकार यूजीसी कानून लाने की तैयारी कर रही है इस कानून का देश के कई हिस्सों में विरोध हो रहा है। जिले में भी यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी सबसे पहले सुबह करीब 11 बजे गांधी पार्क पर एकत्रित हुए। यहां से विरोध रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल हुए थे। रैली में शामिल लोगों का कहना था कि सरकार आपसी भाईचारे को तोड़ने का काम कर रही है। कलेक्ट्रेट गेट पर भाजपा नेताओं के खिलाफ भी प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। लोगों को गुस्सा इस बात पर था कि इस प्रदर्शन से सवर्ण भाजपा नेताओं ने दूरी बनाई जबकि विरोध प्रदर्शन में सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिनमें सवर्ण समाज के विभिन्न जातियों के अध्यक्ष भी शामिल थे। प्रदर्शनकारी सात बिंदुओं के आधार पर यूजीसी द्वारा प्रस्तावित/जारी किए गए यूजीसी कानून का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शन के अंत में सवर्ण समाज अशोकनगर से जुड़े लोग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपना चाहते थे पर वे ज्ञापन लेने नहीं आए। इस कारण प्रदर्शकारी करीब आधा घंटा तक कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते रहे। बाद में एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी ने सवर्ण समाज के लोगों से ज्ञापन लिया।

# अभा हॉकी टूर्नामेंट का 7 फरवरी से होगा आयोजन



**समय जगत, सिवनी।** हॉकी प्रेमियों के लिए खुशखबरी सिवनी जिला यूं ही हॉकी की नर्सरी नहीं कहलाता है। यहां की मिट्टी में हॉकी बसती है और यहां के खिलाड़ियों ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। सिवनी की जनता हमेशा से हॉकी की दीवानी रही है और यहां हॉकी का जुनून सिर चढ़कर बोलता है। ऐसे में जब बात स्वर्गीय श्री सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल एवं 'अशोक एंड अशोक' अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की होती है, तो खेल प्रेमियों का उत्साह दोगुना हो जाता है। गुरुवार को प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 फरवरी से सिवनी नगर के स्थानीय बड़ी पुलिस ग्राउंड में इस प्रतिष्ठित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देशभर की 20 ख्यातिलब्ध हॉकी टीमें हिस्सा लेंगी और अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। यह प्रतियोगिता हमेशा से अपनी अलग पहचान के लिए जानी जाती है। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51,000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 25,000 रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी दी जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट प्लेयर सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने सिवनी जिले की समस्त खेल प्रेमी जनता से अपील की है कि वे 7 फरवरी से प्रारंभ होने वाली इस अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

## किसानों की मोटरसाइकिल रैली का हुआ आयोजन




**समय जगत, सिवनी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत सिवनी जिला मुख्यालय में किसानों की मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य किसानों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं से जोड़ना रहा। मोटरसाइकिल रैली में सिवनी विधायक दिनेश राय ने स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर सहभागिता की और किसानों का उत्साहवर्धन किया। रैली पॉलिटेक्निक मैदान से प्रारंभ होकर बाहुबली चौक, गांधी भवन चौक, बस स्टैंड से छिंदवाड़ा चौक तक पहुंची तथा पुन: बस स्टैंड होते हुए कृषि विभाग कार्यालय में समाप्त हुई।

## रेप का आरोप लगाने वाली युवती ने अपना आवेदन लिया वापस, अपने बयान से पलटी

# पत्रकार और वकीलों की ब्लैक मैलिंग गैंग का कारनामा, सभ्य परिवार को किया बदनाम

**जबलपुर समय जगत।** जिस प्रकार गुड़ के ढेर पर मधुमक्खियां टूट पड़ती हैं इसी प्रकार मधुमक्खियाँ बनकर कांग्रेस नेता एवं बड़े खनन कारोबारी विनोद श्रीवास्तव और उनके पुत्र युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष शुभम उर्फ राजा श्रीवास्तव के ऊपर ब्लैकमेलिंग गैंग में शामिल कुछ पत्रकार और कुछ वकील टूट पड़े हैं। पैसे के लेनदेन के विवाद पर विनोद श्रीवास्तव की खदान में डंपर चलाने वाले व्यक्ति की सतना निवासी लड़की ने शुभम श्रीवास्तव पर दैहिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए। पुलिस में एक लिखित शिकायत दी और यह सब एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया। इस बात का खुलासा पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम से सतना निवासी युवती ने कल दिए आवेदन में किया है।

**दबाव बनाने ब्लैक मेलिंग गैंग ने लड़की से करवाई थी शोषण की शिकायत:** पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में आरोप लगाने वाली लड़की ने इस बात का उल्लेख किया है कि मुझे शादी के लिए पैसे की जरूरत थी विनोद और उनके पुत्र शुभम श्रीवास्तव मुझे पैसे नहीं दे रहे थे। इस संबंध में मैंने कुछ वकील और पत्रकार साथियों से मदद मांगी। मैं मानसिक दबाव में थी मदद मांगने वालों के कहने पर ही मैंने दबाव बनाने के लिए वीडियो बनाकर कर आरोप लगाए और पुलिस में एक लिखित शिकायत दी। मैं यह शिकायत नहीं करना चाहती थीलेकिन आर्थिक तंगी के कारण बहुत अधिक मानसिक दबाव में थी।





जिससे मदद मांगी उन्होंने वीडियो बनवाया उसमें आरोप लगवाए और कहा कि यह वीडियो रिकॉर्ड के लिए अपने पास रखेंगे। इससे उन पर दबाव बनेगा तुम्हारा पैसा मिल जाएगा।

**पुराने बिल का पैसा मिला तो किया समझौता:** मूल रूप से यह प्रकरण पैसे के लेनदेन के विवाद का है लेकिन दबाव बनाने के लिए इसमें दैहिक शोषण की जानबूझकर शिकायत ब्लैक मेलिंग गैंग के द्वारा करवाई गई। डंपर के संचालन के संबंध बिल पास होने के बाद लड़?की के पिता को 2016 की बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया इसके बाद इन्होंने समझौता कर लिया और थाने में लड़की ने स्वयं जाकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करने एवं दबाव में आकर शिकायत करने की बात का शपथ पत्र दिया और शिकायत वापस ले ली।

**शादी के लिए थी पैसे की जरूरत:** पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में पीड़ित लड़की ने उल्लेख किया है कि उसने यह आरोप इसलिए लगाए गए क्योंकि उनका जो पैसा खनिज कारोबार के दौरान हिसाब किताब न मिलने पर 2016 से अटका हुआ था वह उस रकम को प्राप्त करना चाहते थे। लड़की की शादी तय हो गई थी और तारीख पास आ रही थी इसलिए वह बहुत दबाव में थी फिर मदद मांगने के चक्कर में वह ब्लैकमेलिंग गैंग के चक्कर में फंस गई। इनका तो समझौता हो गया पैसे मिल गए लेकिन ब्लैकमेलिंग गैंग ने पैसे उगाही करने के लिए अपना काम शुरू कर दिया।

**दैहिक शोषण का विषय नहीं पैसो के लेनदेन का विषय था:** आवेदन में पीड़ित लड़की ने यह भी लिखा है कि वह दैहिक शोषण से संबंधित शिकायत नहीं करना चाहती थी लेकिन पत्रकारों और वकीलों की गैंग ने उसे शिकायत करने पर मजबूर किया और कहा कि बिना इसके दबाव नहीं बनेगा और तुम्हें पैसे नहीं मिल पाएंगे मानसिक रूप से परेशान युवती तैयार हुई।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी ***संपादक** अनिल श्रीवास्तव ***समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय

**दिल्ली कार्यालय:** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन:** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स:** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# सिंधिया से की श्री रामराजा सरकार महोत्सव कराने की मांग

**टीकमगढ़।** भाजपा नेता विकास यादव ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और ओरछा में श्री रामराजा सरकार महोत्सव का आयोजन कराने की मांग को लेकर एक पत्र सौंपा है। पत्र में श्री यादव ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार ओरछा में प्रभु श्री राम 16 वीं सदी में ओरछा के तत्कालीन शासक महाराज मधुकर शाह की महारानी कुंवर गणेश की तपस्या और हठ के कारण अयोध्या से आये थे। महारानी कुंवर गणेश ने साधु-संतो के साथ समारोह पूर्वक श्रावण मास की शुक्ल पंचमी वि0सं0 1630 (1573 ई.) में पुष्य नक्षत्र में अयोध्या से प्रस्थान किया और 8 माह 27 दिन की पैदल यात्रा कर प्रभु श्री राम को साथ लेकर चैत्र शुक्ल की पावन नवमी भौमवार (मंगलवार) वि0सं0 1631 (1574 ई.) को ओरछा आयी थीं। प्रभु श्री राम बालरूप में तीन शर्तो (जहाँ बैठेंगे वहीं रहेंगे, पुष्य नक्षत्र में चलेंगे और राजा के रूप में पूजे जाऐंगे)। पर ओरछा के महल में विराजमान हुए। शर्त अनुसार महारानी कुंवर गणेश ने अपने राजपाठ का परित्याग कर उन्हें ओरछा में राजा के रूप में स्थापित किया जिसके बाद से वे ओरछा में ÷श्री रामराजा सरकार÷ कहलाये और आज भी वह ओरछा के राजा के रूप में पूजे जाते हैं, वह प्रतिदिन अपना दरबार लगाते हैं और भक्तों की फरियाद सुनते हैं। ओरछा का रामराजा मंदिर भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ आज भी उन्हें प्रतिदिन गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। इसी पुनीत चैत्र शुक्ल नवमीं को पुष्य नक्षत्र में प्रभु श्री राम धरती पर अवतरित हुए और इसी पावन तिथि चैत्र शुक्ल नवमीं को ही गोस्वामी श्री तुलसीदास जी ने श्री रामचरित्रमानस की रचना शुरू की थी। उन्होंने आगे बताया कि विगत 7 दिसम्बर को ओरछा प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने ओरछा में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो के स्थल निरीक्षण के दौरान निवाड़ी जिला प्रशासन को खजुराहो की तर्ज पर ओरछा में सांस्कृति महोत्सव की योजना बनाने के निर्देश दिये थे जिससे क्षेत्र की कला संस्कृति को नई पहचान मिल सके।

# कलेक्टर से संवाद के बाद प्रशासन सक्रिय, ट्रैफिक सुधार की शुरुआत

**आनंद शर्मा- समय जगत, मनेंद्रगढ़।** जिले में यातायात व्यवस्था को लेकर कागज़ों और मंचों पर योजनाओं की सफलता के दावे भले ही किए जाते रहे हों, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। जिला मुख्यालय होने के बावजूद मनेंद्रगढ़ की सड़कों पर अव्यवस्था, जाम और जोखिम भरी स्थिति आम हो चुकी है।





शहर में न तो कोई ठोस ट्रैफिक प्लान नज़र आता है और न ही यातायात पुलिस की निरंतर व प्रभावी मौजूदगी। संकरी सड़कों पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग, यातायात नियमों की खुली अनदेखी और अव्यवस्थित आवागमन ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे बन गए हैं मानो सड़कें सार्वजनिक न होकर किसी के निजी परिसर हों।

इस अव्यवस्था का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, बुज़ुर्गों और यहाँ तक कि एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इन्हीं हालातों को लेकर 29 जनवरी 2026 को मीडिया प्रतिनिधि द्वारा जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट से मुलाकात कर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संवाद के दौरान कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि शहर में ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शीघ्र ही ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

कलेक्टर से संवाद के कुछ ही घंटों बाद प्रशासन हरकत में आता दिखाई दिया। उसी दिन शाम को जिला पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेश सैनी एवं पुलिस बल के साथ शहर में व्यापक चालानी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अवैध पार्किंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों सहित कुल 28 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने या यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रशासन की इस पहल से नागरिकों में यह उम्मीद जगी है कि यदि यह कार्रवाई निरंतर जारी रही, तो आने वाले दिनों में मनेंद्रगढ़ में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था देखने को मिलेगी।

## सार संक्षिप्त

### बापू ने देश को सत्य और अहिंसा के मार्ग की महत्ता समझाई उनका दिखाया मार्ग ही देश को लेकर जाएगा आगे



**मैहर।** महात्मा गांधी की पुणतिथि पर यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई जी, ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति जी, नागेंद्र नाथ बढ़गया जी, चूड़ामणि बाड़ोलिया जी केशव प्रसाद चौरसिया जी, अरुण तनय मिश्रा जी, महेंद्र पटेल जी, राम अवतार चौरसिया जी, राज बाबू सिंह जी, रामू कॉल जी महेंद्र त्रिपाठी जी राम सिंह बुंदेला जी, विपिन सिंह बघेल जी, रजनीश शर्मा जी, नित्यानंद तिवारी जी, समर्पण शुक्ला जी, राम प्रकाश गुप्ता जी, यशवंत सिंह जी, गणेश चतुर्वेदी जी शारदा पटेल जी चंद्रा रावत जी, गायत्री चौधरी, धर्मेंद्र सिंह जी देवांग चौरसिया जी, सौरभ गुप्ता जी बद्री कुशवाहा जी, राजाराम कुशवाहा जी, राजकुमार प्रजापति जी, कुंजीलाल कुशवाहा जी, हीरालाल विश्वकर्मा जी आकाश साकेत जी, वीरेंद्र नामदेव जी, सोमनाथ साकेत पूर्व जुरा सरपंच, बबलू साहू, मोतीलाल कुशवाहा, राजेश सिंह, बैजनाथ कुशवाहा, राकेश, हरबंस तिवारी, अब्दुल रहमान एवं मैहर कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी महाराज की कथा को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने लिया जायजा



**रायसेन।** आगामी एक फरवरी से नगर के वार्ड क्रमांक 13 अवंतिका कॉलोनी में आयोजित होने जा रही देश के सुप्रसिद्ध श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा वाचक परम पूज्य पंडित विपिन बिहारी जी महाराज की कथा के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। इस विशाल आयोजन को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कथा स्थल पर पहुंचकर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायाजा लिया एवं कथा आयोजन समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श किया। इस अवसर पर एसडीम मनीष शर्मा, तहसीलदार श्री मांडले, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल, सहित नगर पालिका एवं विद्युत मंडल, पी डब्लू डी आदि विभागों के अधिकारी तथा कथा आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कथा के आयोजन को लेकर रायसेन नगर के श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है, उल्लेखनीय है कि सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित श्री विपिन बिहारी जी महाराज पहली बार रायसेन नगर में संगीतमय राम कथा का वाचन करेंगे, उनकी कथा सुनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। ताजपुर महल रोड के पास कथा पंडाल सहित अन्य तैयारियां व्यापक स्तर पर आयोजको द्वारा शुरू कर दी गई है।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं और 11वीं की प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**आगर मालवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026, शनिवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी अभ्यर्थी परीक्षा के दिन अपने साथ वैध प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेकर आएं तथा अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर कम से कम 1 घंटे पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षार्थियों से समयपालन एवं परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

# भारत विकास परिषद का जिज्ञासा समाधान एवं सम्मान समारोह संपन्न

## वंदेमातरम गायन से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

**आगर मालवा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित जिज्ञासा, समाधान एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गान के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर पी वर्मा (अपर कलेक्ट), मिलिंद ढोके (एसडीएम), ओम मालवीय( जिला अध्यक्ष), डॉ रमेश अग्रवाल (संरक्षक, भारत विकास परिषद), प्रतीक (जोनल हेड, डीसीबी बैंक), श्रीमती अन्नपूर्णा सिसोदिया (पतंजलि पीठ), प्रोफेसर आचार्य राघव कीर्ति (वास्तु शास्त्री), गुरुवर ब्रजमोहन मेंठी (रिटायर्ड शिक्षक), श्रीमती सुधा मेठी (महिला प्रमुख) थे। इस अवसर पर 21 गुरुजनों को स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र प्रस्तुत कर सम्मानित किया गया। साथ ही मंचासीन अतिथियो को भी स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अनैक गणमान्य जनों का नागरिक अभिनंदन किया गया। सर्वश्री नीलेश पटेल, नगर पालिका



अध्यक्ष - नगर सौंदर्य करण, पॉलिथीन मुक्त अभियान और गो ग्रास रथ के लिए। डॉक्टर संदीप चोपड़ा, नेत्र प्रभारी - नेत्रदान अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए। श्रीमती उमा शर्मा, पूर्व महिला प्रमुख - बाल संस्कार पाठशाला के माध्यम से बच्चों को सनातन धर्म, नैतिक शिक्षा और खेल-खेल में ज्ञान प्रदान करने के लिए। इन तीनों का सम्मान फूलों एवं अतिथियों ने स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र प्रस्तुत कर किया। वास्तु शास्त्री प्रोफेसर आचार्य राघव कीर्ति ने वास्तु संबंधित समस्याएं और उसके समाधान पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्रीमती अन्नपूर्णा सिसोदिया ने योग के संबंध में जानकारी दी। डीसीबी बैंक के जोनल हेड प्रतीक सर ने बैंक का सिलेक्शन और साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर चर्चा की अपर कलेक्टर आर पी वर्मा साहब ने रामायण की चौपाइयों सहित कैकेई प्रसंग, राम और हनुमान के कई प्रसंग सुनाए। सदस्यों और श्रोताओं द्वारा किए गए प्रश्नों का बहुत ही सुंदर तरीके से चौपाइयों के माध्यम से जवाब दिया, जिससे सभी सदस्य भाव विभोर हो गए। ओम मालवी ने पर्यावरण के संबंध में जो संकल्प की बात कही, वास्तव में वह भी एक आवश्यक पहलू है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र शर्मा विश्वकर्मा ने किया। राजेश मेठी के संयोजन में उक्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को रिटर्न गिफ्ट उपहार में दिए गए। भारत विकास परिषद द्वारा 27 अप्रैल को गो सेवा सम्मान अभियान में शामिल होने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संरक्षक डॉ रमेश अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों का सहयोग रहा, जिनमें कैलाश माहेश्वरी, महेंद्र माहेश्वरी, राजेश मेठी, रुपेश भावसार, कपिल खंडेलवाल, फूलचंद सोनी, रजनीश स्वर्णकार, बलवंत बोडाना, मुकेश भटनागर, अनूप सिंह, रमन जैन, डॉक्टर शशांक सक्सेना, डॉक्टर हिमांशु चोयल, पीयूष जैन, रौनक सिंहल आदि शामिल थे।

### विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर जिला जेल आगर मालवा में विधिक जागरुकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्य योजना वर्ष 2025-26 के अनुपालन में एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी 2026 को जिला जेल आगर मालवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर मालवा द्वारा विधिक जागरूकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डी. एस. चौहान, उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर मालवा श्रीमती अश्विनी सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, आगर मालवा से उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जिला जेल में निरुद्ध कुल 157 बंदियों में से 96 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बंदियों की ब्लड जांच, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई। जिला चिकित्सालय से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक श्रीवास्तव, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल अग्रवाल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गौड़ एवं एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सरदार इस्के द्वारा बंदियों का उपचार किया गया।

शिविर के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डी. एस. चौहान ने जुर्माना अदा न कर पाने के कारण जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा गरीब बंदियों हेतु सहायता योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। इस दौरान बंदियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित समस्याएं रखी गईं, जिन पर उन्हें विधिक परामर्श प्रदान किया गया।

श्रीमती अश्विनी सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल में निरुद्ध सजायाफ्ता बंदियों से चर्चा कर सजा अवधि एवं संभावित रिहाई तिथि की जानकारी ली गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बंदी सजा अवधि पूर्ण होने के उपरांत जेल में निरुद्ध न रहे।

# पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव का किया स्वागत



**आगर मालवा।** नगर कानड़ आगमन पर सोनी गार्डन के सामने जिला अध्यक्ष कांग्रेस विजयलक्ष्मी तंवर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजमल सोनी के नेतृत्व में अरुण यादव का सरोफा बांधकर एवं सभी पदाधिकारीयो ने पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गौरीशंकर सूर्यवंशी ने पूर्व मंत्री अरुण यादव से अपनी बात रखी और कहा कि कांग्रेस पार्टी की सेवा करते-करते हमें वर्षो हो गए हैं आप खुद देख रहे हैं। अब इन बाहरी इंदौर के नेताओं को यहां का क्षेत्र छोडने व अपने क्षेत्र में जाकर कार्य करने के आदेश करें। श्री यादवजी ने गंभीरता से बात सुनी। इस मौके पर कांग्रेस नेता रजाक भाई अजमेरी, प्रवीण सोनी, अंकित सोनी, पार्षद बाबूलाल सूर्यवंशी, सिद्दीक शीशगर, सिद्धू लाल मालवीय, कालूराम भिलाला, अटेसिंह सिसोदिया, महेश मालवीय, रमेश सूर्यवंशी, दुलीचंद मोबिया, बनेसींग मोबिया, कमल सिंह सिसोदिया, अर्जुन सूर्यवंशी, दीपक सूर्यवंशी आदी उपस्थित रहे।

# प्राकृतितक खेती ही भारत का भविष्य है, इस पद्धति के माध्यम से ही हम मृदा, मानव और पर्यावरण को रख सकते हैं स्वस्थ : डॉ योगेंद्र कौशिक

**समय जगत, मनावर।** गत दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र÷ के तहत नवांकुर वासुदेव इंटीग्रेटेड कृष्कोथान अनुसंधान संस्थान के डॉ योगेंद्र कौशिक द्वारा सेक्टर बैठक का आयोजन ग्राम मड़ावदा, विकासखंड खाचरोद जिला उज्जैन के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मड़ावदा में आयोजित किया गया। जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शिक्षाविद, जय नारायण शर्मा, परामर्शदाता, सेक्टर -1 कि पांचो प्रस्फुटन (मड़ावदा, लुसड़ावन, छोटा चिराला, संडावदा, दूपडावदा) समितियो के अध्यक्ष/सचिव या प्रतिनिधि एवं सुश्री रेणुका चौधरी उपस्थित रहे। हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों और छात्राओं द्वारा कई ज्ञानवर्धन कार्यक्रम जैसे महापुरुषों के जीवन पर व्याख्यान, कविताएं, कहानियां जल संरक्षण वृक्षारोपण का महत्व आदि पर संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव नारायण प्राचार्य शा उ मा विद्यालय मडावदा, कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रस्फुटन समिति मडावदा के अध्यक्ष एडवोकेट उमाशंकर पाटीदार ने की। परामर्शदाता जय नारायण शर्मा ने जन अभियान परिषद के कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। नवांकुर संस्था वासुदेव इंटीग्रेटेड कृष्कोथान अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष डॉ योगेंद्र कौशिक, छात्रों से आह्वान किया कि वह अपने घर जाकर पलकों को प्राकृतिक खेती से जोड़कर मानव मृदा और पर्यावरण के स्वास्थ्य रक्षा में सहभागी बने। इससे प्रेरित होकर एडवोकेट उमाशंकर पाटीदार ने अपने खेत पर एक एकड़ जमीन पर प्राकृतिक खेती करने का निर्णय लिया। प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट उमाशंकर पाटीदार शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं भी इसी विद्यालय का विद्यार्थी रहा हूं हर विद्यार्थी को विषय वार विशेषज्ञता होनी चाहिए। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सेक्टर 1 के परामर्शदाता जय नारायण शर्मा ने उपस्थित ग्रामीण जनों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कल्याणकारी कार्यक्रम और कार्य पद्धति पर विस्तार से एवं शिक्षा के महत्व की सारगर्भित जानकारी दी। प्राचार्य द्वारा उपस्थित जनों को अपने विद्यालय में कृषि औरU AI के नए विषयों को जोड़ने की जानकारी के साथ, कंप्यूटर लैब का अवलोकन करते हुए शिक्षकों के माध्यम से छात्रों के भावी भविष्य को तरसते का प्रयास ही हमारी प्राथमिकता है।

# रेल के साथ खेल नहीं कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मेघनगर(दशरथ सिंह कट्ठा)।** वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रतलाम, पश्चिम रेलवे रामराज मीना के दिशा/निर्देशन पर मंडल के अंतर्गत शरारती तत्वों द्वारा सवारी गाड़ियों पर पत्थरबाजी, रेलवे ट्रेक/ट्रेक के सहारे स्थित उपकरणों के साथ छेड़छाड़, अनाधिकृत ट्रेस पासिंग एवं रेलवे ट्रेक पर पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होकर रेल संचालन में हो रही बाधाओं एवं उक्त घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आम पब्लिक में नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने के लिए मंडल स्तर पर÷रेल के साथ खेल नहीं÷नामक एक अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत बल सदस्यों की एक टीम का गठन किया गया टीम द्वारा आज दिनांक 30.01.26 को रेसुबल पोस्ट मेघनगर के क्षेत्राधिकार में उप निरीक्षक अंकित चौधरी, उप निरी मायाराम गुर्जर एवं अन्य स्टाफ के साथ निम्न स्कूलो में (1) पीएम श्री शास. उ. माध्य.विद्यालय चैनपुरा विकास खंड मेघनगर जिला झाबुआ (म. प्र) (जिसमें कुल लगभग - 500-550 बच्चे, अध्यापक व आम नागरिक उपस्थित रहे), (2) शास.उ.मा.विद्यालय नौगावां जिला झाबुआ (जिसमें कुल लगभग 600 बच्चे+अध्यापक व आम नागरिक उपस्थित रहे), (3) पीएम श्री कन्या शास.उ.मा.विद्यालय बामनिया व (4) शास.उ. मा.विद्यालय बामनिया (दोनों विद्यालय के छात्र, अध्यापक व आम नागरिक एकसाथ एकत्रित कर जिसमें कुल लगभग 1000-1050 बच्चे+अध्यापक व आम नागरिक उपस्थित रहे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थी बच्चों, अध्यापकों, व चैनपुरा गांव के निवासियों को रेल गाड़ियों में पत्थर न मारने, रेल पटरी पार न करने, रेलवे लाइन पर पत्थर आदि न रखने व विडियो/रील न बनाने, रेलवे संपत्ति को छेड़छाड़ न करने एवं नुकसान न पहुंचाने के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर प्रस्तुती दी गई साथ ही उन्हें आवश्यक समझाईस दी गई कि इस प्रकार की घटनाएँ रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है जिसमें जुर्माना एवं सजा भी हो सकती है साथ ही यह भी समझाईस दी गई कि रेलवे एक राष्ट्रिय सम्पति है और रेल में आम नागरिक ही यात्रा करते है जिन्हें सुरक्षा प्रदान करना हर नागरिक का सर्वोपरि कर्तव्य है

# मद्य निषेध संकल्प दिवस पर महाविद्यालय में दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

**आगर मालवा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉक्टर जी सी गुप्ता के निर्देशन में महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि (30 जनवरी) के अवसर पर प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय के स्टाफसदस्यों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। मद्य निषेध संकल्प दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थ द्रव्यों के सेवन की नशा प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए, इनसे होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं और समाज को अवगत कराया जाकर, उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस दिवस पर मादक द्रव्य तथा मदिरापान त्यागने हेतु विद्यार्थियों से नशा मुक्ति संकल्प पत्र भी भरवाए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय के सभी स्टाफसदस्यों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

# जिले में कई थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

**ब्यौहारी।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत, प्रभावी एवं चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा एक अहम प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। इसके तहत जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ थाना प्रभारियों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। यह फेरबदल पूरी तरह से प्रशासनिक आधार पर किया गया है, ताकि पुलिसिंग व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके तथा आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी न्याय मिल सके। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस फेरबदल में जिले के कई महत्वपूर्ण थानों को शामिल किया गया है। नए प्रभारियों की नियुक्ति से अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता और थाना स्तर पर प्रशासनिक समन्वय में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। देखें थाना प्रभारियों के नए प्रभार का विवरण- अरुण पांडेय को निष्पक्ष और कडे मिजाज के लिए शुमार दमदार टी आईअरुण पाण्डेय को सोहागपुर थाना भेजा गया है जिनकी संम्भावनाऐ



ब्यौहारी के लिए भी बताई जा रही थी लेकिन उन्हे पुलिस लाइन शहडोल से स्थानांतरित कर थाना सोहागपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। लंबे प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री भूपेन्द्रमणि पांडे को थाना सोहागपुर से स्थानांतरित कर थाना अमलई का प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर होगी। श्री जे.पी. शर्मा को नगर निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा को थाना अमलई से स्थानांतरित कर थाना जैतपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनसे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा की जा रही है। श्री जिया ऊल हक को जैतपुर थाना मे पदस्थ नगर निरीक्षक जिया उल हक को थाना जैतपुर से स्थानांतरित कर थाना ब्यौहारी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ब्यौहारी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में उन्हें कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिया उल हक एक सुलझे और अनुभवी अधिकारी है। प्रशासनिक सुधार की दिशा में कदम पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह फेरबदल पूरी तरह से प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। नए थाना प्रभारियों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, जन-सुनवाई में तेजी और पुलिस-जन संवाद में सुधार देखने को मिलेगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

# गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रेफर करने से पहले चिकित्सा आधारित सेवाएं की जाएं सुनिश्चित : कलेक्टर




**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिशु मृत्यु मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीडीआर एम आई एस सॉफ्टवेयर में सभी शिशु मृत्यु मामलों की प्रविष्टि की जाए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में प्रतिमाह शिशु मृत्यु मामलों के प्रकरणों की जांच की जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रेफर करने से पहले चिकित्सा आधारित सेवाएं सुनिश्चित की जाए तथा अति आवश्यक होने पर ही प्रसव केंद्रों पर रेफर किया जाए। शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रभात रंजन को बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। एक वर्ष से कम आयु के शिशु मृत्यु मामलों और एक वर्ष से 5 वर्ष की आयु के शिशु मृत्यु मामलों की जानकारी पृथक से प्रस्तुत की जाए। मातृ मृत्यु के मामलों की समीक्षा के दौरान मातृ- मृत्यु के सभा प्रकरणो में नोटिफिकेशन करने एवं मातृ मृत्यु के कारणो की गहन समीक्षा कर मातृ मृत्यु दर कम से करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के अनमोल पोर्टल पर कम उपलब्धि प्राप्त करने वाले विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कार्रवाई करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में गर्भवती महिलाओं के समग्र आईडी संबंधी समस्या हो वहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से समक्ष मिलकर बीएमओ समस्या का निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्य पूरा करने के लिए चेतावनी पत्र जारी किया जाए। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा आवश्यक होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें। विकासखंड को सेक्टर आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित रूप से चिकित्सा अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाए तथा कार्य में प्रगति लाई जाए। बीएमओ का ड्यूटी रोस्टर प्रस्तुत किया जाए। शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं में खून की कमी का मैनेजमेंट किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि वह स्वयं शहरी क्षेत्र के संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण करेंगी। कलेक्टर ने मुख्य रूप से शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने तथा आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

# 'खेलो एमपी' यूथ गेम्स के दूसरे दिन राज्य स्तरीय कुश्ती एवं मलखंम्ब प्रतियोगिता की गई आयोजित



**समय जगत, उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत 28 से 31 जनवरी तक जिले में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन राजमाता सिंधिया स्टेडियम, नानाखेड़ा पर एवं मल्लखम्ब प्रतियोगिता का आयोजन लोक मान्य तिलक स्कुल पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 29 जनवरी को कुश्ती एवं मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन, कालूहेड़ा,सचिव जिला कुश्ती संघ सुरेन्द्र यादव,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओ.पी. हरोड़,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, मंदसौर विजेन्द्र देवड़ा,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, शाजापुर रविन्द्र हार्डिया, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, रतलाम श्रीमती रूचि शर्मा द्वारा विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरित किये गये। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन, कालूहेड़ा द्वारा उद्बोधन में कहां कि प्रतियोगिता में पधारे समस्त खिलाड़ियों, निर्णायक, कोच आदी के लिये खेल विभाग द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। मलखंभ प्रतियोगिता में बालक टीमों की प्रतियोगिता में उज्जैन जिले की टीम को गोल्ड मेडल,भोपाल जिले को सिल्वर मेडल और शाजापुर जिले को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। वहीं बालकों की प्रतियोगिता में देवास जिले के देवेंद्र पाटीदार को सिल्वर मेडल, भोपाल जिले के युवराज को सिल्वर मेडल और शाजापुर जिले के नीरज को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### महारानी लक्ष्मी बाई पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों को गोल्डन शील्ड की भेंट



**माचलपुर।** समीपगांव गोघटपुर में महारानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल के छात्रों को गोघटपुर की बेटी वर्तमान दिल्ली निवासी कालोनी अध्यक्ष जनप्रतिनिधि बीना पाटीदार ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्र, छात्राओं को गोल्डन शील्ड प्रदान की। साथ ही सत्र 2024 – 25 में कक्षा 5 वीं व 8 वी में प्रथम आने वाले मेधावी छात्रों व शिक्षक शिक्षिकाओं को गोल्डन शील्ड, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शील्ड का वितरण बीना पाटीदार के पति रामकरण पाटीदार ने किया। बीना पाटीदार का कहना कहना है कि मैंने गरीबी देखी है, मैं चाहती हूं की हर छात्र उन्नति करे। रामकरण पाटीदार ने छात्रों को शील्ड प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि हम चाहते हैं कि छात्र–छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद में भी आगे बढ़ें।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में महात्मा गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**समय जगत खिरकिया।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और देशसेवा का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों को अपनाकर ही देश में सद्भाव और एकता को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने गांधी जी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुगन भंडारी ,प्रद्युम्न कुशवाह, शेख इमरान, सुनील राजपूत, लोकेश जयसवाल ,महेश भैसारे ,नरेन्द्र आठनेरे ,कमलेश राजपूत , पुलकित बलदुआ सुमित ओनकर अभय ठाकुर वसीम ख़ान, पूनम सेजकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, दिखा उत्साह का माहौल

# पद्मश्री नामित होने के बाद प्रथम आगमन पर नगर में भव्य स्वागत



**पचोर।** भारत सरकार द्वारा पद्मश्री के लिए नामित किए जाने के बाद मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) मोहन नागर के प्रथम नगर आगमन पर पचोर में ऐतिहासिक एवं भावनात्मक स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, समाजजनों और संगठनों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। नगर परिषद द्वारा श्री नागर का नगर की ओर से स्वागत किया ,नगर परिषद में आयोजित अभिनदन समारोह में अभिनंदन किया गया ,इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि पद्मश्री नागर का सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए गौरव व प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद पचोर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और व्यापक वृक्षारोपण को प्राथमिकता में रखकर कार्य करेगी। अध्यक्ष करोड़िया ने घोषणा की, हमारा लक्ष्य पचोर को ग्रीन एवं वाटर पॉजिटिव नगर बनाना है। प्रत्येक वार्ड में जल संरचनाओं का संरक्षण, नई पौधरोपण योजना और जनभागीदारी से पर्यावरण संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। अपने संबोधन में पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि केवल बांध बनाना जल संकट का स्थायी समाधान नहीं है। उन्होंने महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि बांधों के बावजूद पेड़ों की कमी के कारण वहां वर्षों तक सूखे की स्थिति बनी रही। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, वर्षाजल संचयन अपनाएं और भू-जल पुनर्भरण को जनआंदोलन का रूप दें।

**विभिन्न स्थानों पर हुआ सम्मान:** लहरी क्रेशर स्टोन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद सीताराम लहरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। बोडा रोड स्थित लहरी क्रेशर स्टोन, गांधी चौक पर आनंद मोहन व्यास मित्र मंडल, नगर परिषद परिसर में परिषद परिवार, मंडी चौक पर धाकड़ समाज एवं सुभाष चौक पर राज्य शिक्षक संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किए गए। कई स्थानों पर जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई तो समर्थकों की आंखों में खुशी के आंसू भी छलक पड़े। नगर परिषद परिसर में पुष्पमालाएं पहनाकर, साफा बांधकर एवं तुलसी का पौधा भेंट कर पद्मश्री नागर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसे यादव, पार्षद बद्रीलाल भंडारी, भगवान सिंह गुर्जर, हेमराज गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, दीपक जाटव, महामंत्री सुदर्शन सोनी, दीपक चौहान उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष कमल सक्सेना, मनीष कर्नल, अरुण खत्री, मनीष मन्नू यादव, संजय तिवारी, अमित गोस्वामी, सतीश राठौर, दौलत सिंह सिसोदिया, सृजन विरमाल, सुनील नागर, दुर्गेश अहिरवार, रोड सिंह अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनावर पुलिस को मिली वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता



**मनावर।** मयंक अवस्थी, पुलिस अधीक्षक जिला धार द्वारा मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में विजय डावर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार एंव बृजेश कुमार मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनावर द्वारा मनावर क्षेत्र में अपने मुखबीर तंत्र सक्रिय किये गये। जिस पर प्राप्त सूचना पर विगत दिनो थाना मनावर के अपराध क्रमांक 50/26 धारा 303(2) BNS में राधारमण कालोनी मनावर से जुनैद मंसुरी के घर के बाहर खडी पेशन प्रो मोटर साईकिल व अपराध क्रमांक 54/26 धारा 303(2) BNS में फरियादी देवेन्द्रसिंह तोमर निवासी कुवाली की मोटर साईकिल क्रमांक हिरो एचएफ डिलक्स मोटर साईकिल की पतारसी करते आरोपी सुनील बघेल पिता बाबुलाल बघेल जाति भिलाला उम्र 30 साल निवासी बनेडिया व मोसिन उर्फ वसीम पिता मुस्ताक मंसुरी जाति मुसलमान उम्र 26 साल निवासी चालिस टापरा मनावर व अल्फेज पिता परवेज खान जाति मुसमलान उम्र 20 साल निवासी ठिकरी थाना ठिकरी जिला बडवानी हाल मुकाम नाला प्रागंण मनावर द्वारा मोटर साईकिल पेशन प्रो मोटर साईकिल चोरी करना व हिरो एचएफ डिलक्स मोटर साईकिल की सुनिल व मोसिन द्वारा चोरी कर अल्फेज को बेचने पर उक्त दोनो मोटर साईकिले आरोपियो के कब्जे से जब्त की गई।

## वैष्णव छात्रावास भवन में होगा कथा का आयोजन

# कलश यात्रा के साथ 1 फरवरी को शुरू होगी श्रीरामकथा



**श्योपुर।** वैष्णव समाज द्वारा समाज के छात्रावास भवन पर श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 1 फरवरी को शुरू होने वाली श्रीराम कथा की आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली है। अध्यक्ष व उनकी टीम द्वारा समाजबंधुओं को घर-घर जाकर निमंत्रण कार्ड दिए जा रहे हैं। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी को सुबह 8 बजे से खुलखुली माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के शहर के पीली कोठी, फक्कड़ चौराहा होते हुए कथा स्थल छात्रावास भवन पर पहुंचकर संपन्न होगी। कथा में कथा व्यास महाराज घनश्याम वैष्णव रामधाम बालाजी सरकार अरणिया नीमच वालों द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जाएगा। 9 फरवरी को भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव बगदिया वालों ने कलश यात्रा में अधिक से अधिक महिलाओं से पहुंचकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

### श्रीराम कथा में ये होंगे प्रसंग

1 फरवरी को - मंगलाचरण एवं शिव विवाह कथा, 02 फरवरी को - नारद मोह, पृथ्वी पुकार, रावाण कुंभकरण, विभिषण जन्म, 3 फरवरी को श्रीराम जन्मोत्सव, नामकरण संस्कार, ताड़क वध, अहिल्या उद्धार, फरवरी को धनुष यज्ञ, परशुराम संवाद, श्रीराम विवाह महोत्सव, 5 फरवरी को कैकेई दशरथ संवाद, श्रीराम बनवास, 6 फरवरी को- केवट प्रसंग, श्रवण कुमार प्रसंग, दशरथ, देवलोक गमन का प्रसंग सुनाया जायेगा।

# शासकीय हाई स्कूल पोखरनी उबारी में कैरियर मेले का आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा व भविष्य के प्रति किया गया जागरुक




**समय जगत खिरकिया।** शासकीय हाई स्कूल पोखरनी उबारी में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 10 वीं तक के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के विविध क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता श्रीमति सपना भैसारे शामिल रही हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन देकर उन्हें अपने कैरियर के प्रति सजग एवं प्रेरित करना रहा। कैरियर मेले के दौरान अधिवक्ता श्रीमती सपना भैसारे ने विद्यार्थियों को विज्ञान, कला, वाणिज्य, तकनीकी शिक्षा, आईटी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, पुलिस, सेना, महिलायें संबंधित क्राइम संबंधित पास्को एक्ट सहित मोबाइल से दूर रहने हेतु शिक्षण सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए गए। उन्होने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल विकास और निरंतर सीखने की भावना भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चुनने तथा नियमित अध्ययन करने की सलाह दी गई। शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, निः शुल्क कोचिंग एवं ऑनलाइन शिक्षा संसाधनों की जानकारी भी बच्चों को दी गई, जिससे वे आर्थिक बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ सकें। बीईओ प्रदीप रिछारिया ने अपने संबोधन में कहा कि कैरियर मेला विद्यार्थियों के जीवन में एक नई सोच और नई दिशा प्रदान करता है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आत्मबल मिलता है।

# संयुक्त कलेक्टर रवि मालवीय को उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवाओं के लिए मिला प्रशस्ति पत्र




**समय जगत बीनागंज।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर रवि मालवीय, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाचौड़ा को क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए कलेक्टर, जिला गुना द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री मालवीय के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभावी कार्यशैली के परिणामस्वरूप मानसिक विक्षिप्त एवं असहाय मजदूरों को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया गया। साथ ही चंपावती पथ निर्माण, ऐतिहासिक धरोहरों एवं पर्यटक स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार, शांति व्यवस्था बनाए रखने, अतिक्रमण विरोधी मुहिम तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों को समयबद्ध रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जनहित सर्वोपरि रहा है, जिससे क्षेत्र में प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठ, जनहितकारी एवं विकासोन्मुखी कार्यों की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। इस उपलब्धि से चाचौड़ा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व का वातावरण है तथा आमजन ने उनके उज्ज्वल प्रशासनिक भविष्य की कामना की है।

### तीन स्थानों से पुलिस ने पकड़ी 27 लीटर कच्ची शराब, तीन आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, श्योपुर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध रूप से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने कुल 27 लीटर कच्ची शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई है। थाना देहात पुलिस ने दिनांक 29 जनवरी को गजानंद की टपरिया, ढोढर रोज क्षेत्र से आरोपी रामवीर पुत्र सियाराम निवासी ग्राम ग्लास को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची शराब (कीमत 800 रुपये) बरामद की गई। इसी दिन थाना सेसईपुरा पुलिस ने गोपाल कुशवाह होटल के सामने से आरोपी चौबीसा पुत्र रामरतन निवासी बड़ा सहराना को गिरफ्तार किया।

# शाजापुर जिले के ग्राम मखावद में ओला अतिवृष्टि के दृष्टिगत तहसीलदार को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**समय जगत, गुलाना।** देवकरण झांजा शाजापुर जिले की तहसील गुलाना के ग्राम मखावद में 27 जनवरी को प्रकृति का कहर ओला वृष्टि एवं अतिवृष्टि के रूप में इस प्रकार बरसा की किसानों के द्वारा अपने खेतों में खड़ी फसल गेहूं, चना, रायडा, मसुर, धना, प्याज, लहसुन की फसल को बहुत अधिक नुकसान हुआ है। जिसके दृष्टिगत किसानों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे करवाये जाने एवं किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने की मांग से संबंधित ज्ञापन ग्राम मखावद के सभी किसानों के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा गया है।

# साईंखेड़ा में विराट 11 कुंडीय यज्ञ और राम कथा में गूंजा राम-भरत प्रेम का संदेश



**समय जगत, सिलवानी ।** सिलवानी अंचल के ग्राम साईंखेड़ा में आयोजित विराट 11 कुंडीय यज्ञ और रात्रिकालीन रामकथा में श्रद्धा, भक्ति और संवाद का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यज्ञ परिसर भक्तों की आस्था से सराबोर है, वहीं रामकथा में जगतगुरु राम दिनेशाचार्य महाराज के प्रवचनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कटनी की रामलीला के साथ चल रही इस कथा में भगवान राम और भरत के पावन प्रेम, भक्ति-रस और सामाजिक समरसता का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया। जगतगुरु राम दिनेशाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान राम कभी भरत की बात नहीं काटते, क्योंकि राम का भरत से अथाह प्रेम है। यह प्रेम पवित्र है, त्याग से भरा है और आज के समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश आज वासना को भी प्रेम का नाम दे दिया गया है, जबकि सच्चा प्रेम त्याग, मर्यादा और समर्पण से पहचाना जाता है। गोपियों का प्रेम और उससे भी बढ़कर रामङ्कभरत का प्रेम शुद्ध, निष्काम और आदर्श है। भरत द्वारा राम से यह कहना कि हम आपके सेवक हैं यह संवाद ही भक्ति का चरम है।

महाराज ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि भक्ति को 'रस' कहा गया है। संसार की प्रत्येक वस्तु में विधान है और हर विधान में कोई न कोई रस है, लेकिन जिस जीव को भक्ति का रस मिल जाता है, उसे संसार का रस फीका लगने लगता है। भगवान के नाम में रस है—यह स्वयं भगवान शिव का वचन है। जब भागवत रस की अनुभूति हो जाती है, तब जीवन का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। राम-रस में डूब जाना ही जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है।

रामकथा के दौरान सामाजिक विषयों पर भी सार्थक संवाद हुआ। महाराज ने कहा कि संसार के बंधनों में जीव मोह-माया में फंसा रहता है, पर राम-रस में डूबकर वह इन बंधनों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने शिक्षा के अधिकार पर बोलते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, यह अनिवार्य है, लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बेटी का जन्म बड़े सौभाग्य से होता है। माता-पिता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। समाज में मर्यादा और संवेदना दोनों का संतुलन आवश्यक है। यज्ञ के आचार्य वेदाचार्य महाराज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का संचालन कर रहे हैं। वैदिक विधि-विधान से हो रहे इस यज्ञ में समृद्धि, संस्कार और सनातन मार्ग का संदेश दिया जा रहा है। महाराज ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कार मार्ग सनातन में होते हुए भी आज सनातन धर्म भटका हुआ प्रतीत होता है, इसलिए श्रीरामचरितमानस का अध्ययन और पालन आवश्यक है।

## ग्राम सतवासा में एनएसएस शिविर संपन्न




**समय जगत, सिवनी मालवा।** ग्राम सतवासा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के दौरान समाजोपयोगी व जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनमानस, विशेषकर युवाओं व स्वयं सेवकों में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी कमल सिंह अहिरवार ने प्रभावशाली व्याख्यान दिया। उन्होंने मताधिकार के महत्व, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक मतदाता बनें और अपने परिवार व समाज को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं डॉ.रेखा पटेल ने बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक, मानसिक दुष्परिणामों को स्पष्ट करते हुए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग से उपस्थित महिला पर्यवेक्षक सुचित्रा राजावत ने बाल संरक्षण कानून, सरकारी योजनाओं तथा बाल विवाह रोकने में समुदाय की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ.दिग्विजय सिंह खत्री ने एनएसएस के उद्देश्यों, नॉट मी बट यू के मूलमंत्र तथा स्वयं सेवकों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होने शिविर में उपस्तिथ होकर प्रसन्नता व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्र में 2 करोड़ 11 लाख से होने वाले विकास कार्यों का मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया भूमिपूजन



**ब्यावरा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया बाग, पाडल्या बना, गादिया, चारपूरा एवं मानपुरा देव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार द्वारा शुक्रवार को किया गया।इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, चेक डैम सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल है।इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और ग्रामीण अंचलों तक विकास की रोशनी पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, भवन, सिंचाई और रोजगार से जुड़े कार्यों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख मंत्री श्री पंवार ने अपने वक्तव्य में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सिंचाई परियोजनाएं, कृषि यंत्रीकरण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान आज सशक्त बन रहा है, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार कृषि, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है।त में मंत्री श्री पंवार ने कहा कि विकास, किसान कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सरकार निरंतर जनहित में कार्य करती रहेगी।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री ममता इंदौरिया,मंडल अध्यक्ष , कल्याण गुर्जर, जसवंत गुर्जर , रामनारायण दांगी , अमित शर्मा, लखन भंडारी ,दिनेश शिवहरे, अशोक जाट, मनीष दांगी श्रीमती चंचल, देवसिंह गुर्जर, जगदीश जाट , लक्ष्मीनारायण कुशवाह ,जनपद सीईओ श्री आर के मंडल जी सहित जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**समय जगत, सिवनी मालवा।** हाल ही में संशोधित किए गए यूजीसी कानून के विरोध में शुक्रवार को सिवनी मालवा सवर्ण समाज के महिला, पुरुष, युवाओं ने स्थानीय तहसील कार्यालय पहुचकर तहसीलदार नितिन कुमार झोड़ को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा।जिसमें यूजीसी कानून में किए गए संशोधनों को वापस लेने की मांग की गई।ज्ञापन के विषय में अधिवक्ता अजीत सिंह राजपूत ने बताया कि

हम समस्त सवर्ण समाज, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम के नागरिक आपके संज्ञान में यह विषय लाना चाहते हैं कि हाल ही में यूजीसी कानून में जो संशोधन/प्रावधान किए गए हैं।वे उच्च शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक संतुलन तथा समान अवसर की भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं।यूजीसी कानून का मूल उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करना रहा हैं।परंतु वर्तमान संशोधनों से ऐसा प्रतीत होता है कि शिक्षा के अधिकार एवं समान अवसर की भावना प्रभावित हो रही है।योग्यता (मेरिट) आधारित व्यवस्था को नुकसान पहुँच रहा है।सामाजिक समरसता व संतुलन बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो रही है।छात्रों और युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।सवर्ण समाज का मानना है कि किसी भी कानून या संशोधन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के हित में संतुलन बनाना होना चाहिए न कि किसी वर्ग विशेष के साथ अन्याय की स्थिति उत्पन्न करना हैं।वर्तमान परिस्थितियों में यह संशोधन समाज में असंतोष, विभाजन, असमानता की भावना को बढ़ावा दे सकता हैं।जो राष्ट्रहित में नहीं है।

**यूजीसी कानून की समीक्षा करने की मांग :** ज्ञापन देने वाले सवर्ण समाज के लोगों ने राष्ट्रपति से मांग की हैं कि यूजीसी कानून में किए गए संशोधनों की पुन: समीक्षा (रीव्यू) कराई जाए।समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों से विस्तृत संवाद स्थापित किया जाए।समानता, न्याय योग्यता, आधारित व्यवस्था को केंद्र में रखते हुए संशोधनों में आवश्यक परिवर्तन किए जाए।जब तक व्यापक सहमति न बन जाए। तब तक इन संशोधनों को निरस्त किया जाए।

**चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी :** ज्ञापन में कहा गया कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं न्याय के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेंगे।यदि जल्द इस विषय पर निर्णय नहीं किया जाता है तो सवर्ण समाज चरणबद्ध आन्दोलन करने पर बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी।ज्ञापन देने वालों में ब्राह्मण समाज कार्यकारी जिलाध्यक्ष विकास पाठक, अग्रवाल समाज अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, ब्राह्मण महिला संगठन अध्यक्ष ज्योति व्यास, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष नीरू राठी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, एम.एस.पाटनी, विकास रघुवंशी, नीरज चौहान, प्रदीप अग्रवाल, मनीष मोदी, शारद शास्त्री, राकेश अग्रवाल, कोदरसिंह मौर्य, अजय सिंह ठाकुर, युवराज ठाकुर, नितिन गुहा, राकेश मिश्रा, संदीप तंवर, विनोद रघुवंशी, रानू भार्गव, पंकज अग्रवाल, आशीष रघुवंशी, चंचल शास्त्री, सोनू पाठक, क्षमा शर्मा, रंजो पंचारिया, सविता राजवैद्य, कृतिका शर्मा, नेहा पाणिकर, कृष्णा राजपूत, सुनील चांद्रायण, प्रभास मुदगल, अवधेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल थे।

## आत्मा परियोजनांतर्गत ग्राम पंचायत वर्धा में वृहद कृषक संगोष्ठी का किया गया आयोजन




**नटेरन।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, कृषि वर्ष 2026 के शुभारंभ के साथ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता के निर्देशन में विकासखंड नटेरन के ग्राम वर्धा में कृषि रथ कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**कृषि रथ के माध्यम से किसानों तक पहुंच रही कृषिगत जानकारी:** विदिशा जिले के प्रत्येक विकासखंड अंतर्गत निर्धारित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का नियमित भ्रमण किया जाएगा। प्रतिदिन ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से कृषक संगोष्ठी में कृषि एवं संबद्ध विभागों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधारों की जानकारी दी जाएगी।

**कृषक संगोष्ठी में कृषि से जुड़े नए आयामों की जानकारी:** आत्मा परियोजना से विकासखंड तकनीकी प्रबंधक नरेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

**ग्राम पंचायत इमलिया जागीर में किया गया संवाद:** आज दिनांक को कृषि रथ ग्राम बींझ जागीर पहुंचा, जहां कृषि वैज्ञानिक डॉ अपर्णा शर्मा द्वारा उपस्थित कृषकों के साथ नई ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं पर चर्चा की गई साथ ही मूल्य संवर्द्धन को लेकर किसानों ने विभागीय योजनाओं में गहरी रुचि दिखाई और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कृषि रथ अभियान के माध्यम से जिले के किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती की दिशा में प्रेरित कर किसान कल्याण वर्ष 2026 को सार्थक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## माउंट किलिमंजारो तंजानिया से आमला पहुंचे पर्वतारोही प्रताप बिसंदरे



**आमला, हरिप्रसाद गोहे।** अफ्रीका महाद्वीप के माउंट किलिमंजारो (तंजानिया) पर सफलतापूर्वक आरोहण करने के पश्चात प्रताप बिसंदरे अपने गृहक्षेत्र आमला वापस लौटे। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन आमला पर उनके स्वागत हेतु जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज सोनी, व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय साहू, आमला विकास समिति उपाध्यक्ष शेख हफीज, समाजसेवक चन्द्रशेखर पंड़ोले सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।बताया गया पर्वतारोही प्रताप बिसंदरे ने माउंट किलिमंजारो (तंजानिया) जो अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी है और इसकी ऊंचाई 5,895 मीटर (19,340 फीट) है, इसे दुनिया का सबसे ऊंचा अकेला खड़ा पहाड़ कहा जाता है पर पर्वतारोहण कर 26 जनवरी 2026 को प्रात: 8:34 बजे (तंजानिया समयानुसार) सफलतापूर्वक आरोहण कर राष्ट्रध्वज तिरंगा लहराया था।पर्वतारोही प्रताप बिसंद्रे का जन्म, तहसील आमला के ग्राम बड़गांव में हुआ। इनके पिता रामचरण बिसंद्रे जी और परिवार, ग्राम बडगांव में ही निवास करता है। प्रताप जी ने पर्वतारोहण का बेसिक कोर्स 2021 में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी से किया, इसके बाद वर्ष 2023 में पर्वतारोहण का एडवांस कोर्स भी नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी से पूरा किया। कोर्स के दौरान भी उत्तराखंड में स्थित पर्वत माछाधार और हुर्रा टॉप जिनकी ऊंचाई 16000 फीट है उनको भी कोर्स ग्रुप के साथ सफलता पूर्वक आरोहण किया। इन्होंने 15 अगस्त 2023 को माउंट यूनाम ऊँचाई 20049 फीट (6111 मी0) की चोटी पर सफलतापूर्वक आरोहण किया। पुनः 15 अगस्त 2024 को माउंट यूनाम ऊँचाई 20049 फीट (6111 मी0) की चोटी पर दूसरी बार आरोहण किया। 27 अगस्त 2024 को कांग यात्से-2 की चोटी ऊँचाई 20505 फीट (6250मी0) पर आरोहण किया। 30 अगस्त 2024 को कांग यात्से-1 की चोटी ऊँचाई 21000 फीट (6400 मी0) पर आरोहण करने में सफलता प्राप्त की है।

## नगर पालिका कार्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की समृति में 2 मिनट का धारण किया मौन

**सारंगपुर ।** प्रतिवर्ष 30 जनवरी को सारे देश में उन शहीदों की स्मृति में जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है।2 मिनट का मौन रखा जाता है, उसी अनुक्रम में सामान्य् प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के पालन में दिनांक 30 जनवरी को नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे के द्वारा निकाय कर्मचारियों की उपस्थिति में सामुहिक रूप से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की समृति में 2 मिनट का मौन रखा। वार्ड क्रमांक 6 पिजारा बाखल में मध्यप्रदेश शासन के संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड क्रमांक 6 के निर्वाचित पार्षद प्रतिनिधि आशिक मंसूरी उपस्थित रहे।शिविर में संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 15 आवेदन आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनका संबंधित शाखा प्रभारी को निराकरण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया।उक्त शिविर में नगर पालिका परिषद सारंगपुर के राजस्व शाखा प्रभारी सूर्यप्रकाश झाला, समुन्दर सिंह लववंशी योजना शाखा प्रभारी रसीद खां मेव, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## धार नगर की प्राचीन जल संरचनाएं' पुस्तक ने सहेजी साढ़े बारह तालाबों की पहचान




**अल्ताफ खान, धार।** धार नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान—तालाब, बावड़ियाँ एवं कुएँ—पर आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण शोधग्रंथ धार नगर की प्राचीन जल संरचनाएँ का विमोचन रूद्राक्ष सभागृह में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह पुस्तक धार जिले में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक आनंद तिवारी द्वारा रचित है, जिसमें नगर की समृद्ध जल परंपरा को प्रामाणिक रूप से संजोया गया है। पुस्तक का लोकार्पण उप पुलिस महानिरीक्षक- पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, सुश्री पारूल बेलापुरकर, धनंजय शाह,अमृत मीणा, शेरसिंह भूरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। ÷साढ़े बारह तालाबों की नगरी के नाम से विख्यात धार नगर की ऐतिहासिक पहचान को जीवंत करती यह पुस्तक नगर के प्राचीन तालाबों, बावड़ियों और कुओं के इतिहास, स्थापत्य और उपयोगिता का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है। पुस्तक में इन जल संरचनाओं से जुड़े देवस्थानों, प्राकृतिक परिवेश तथा उनके सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को भी सशक्त ढंग से रेखांकित किया गया है। यह शोधकृति न केवल इतिहास और पुरातत्व के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है, बल्कि जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में भी एक प्रेरणादायी प्रयास है। पुस्तक विमोचन समारोह का संचालन रक्षित निरीक्षक पुरुषोत्तम बिश्नोई द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने लेखक आनंद तिवारी के इस शोध कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे धार की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और अनुकरणीय पहल बताया।



## कलेक्टर ने नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की ली बैठक

**समय जगत, झाबुआ।** जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के अवैध उपयोग, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में नशे की रोकथाम, कानून प्रवर्तन, औषधीय दवाओं की निगरानी तथा जन-जागरूकता से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर नेहा मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों के विरुद्ध प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर निरंतर एवं संयुक्त कार्यवाही की जाए।उन्होंने जिले में नियमित चेकिंग अभियान चलाने, विशेषकर शेड्यूल 'एक्स' श्रेणी की दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं वितरण की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में अवगत कराया गया कि विगत माह किए गए निरीक्षणों के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 2 लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संयुक्त दल गठित कर शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि में स्थित दुकानों की नियमित एवं सघन जांच की जाए।उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्यालय, महाविद्यालय एवं छात्रावासों के आसपास किसी भी प्रकार के नशीले अथवा मादक पदार्थों की उपलब्धता पूर्णत: प्रतिबंधित रहे।नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों के पुनर्वास एवं नशामुक्ति के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि रोकथाम एवं सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाना भी आवश्यक है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का किया लोकार्पण



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बचपन से उनका इस क्षेत्र से जुड़ाव रहा है और उन्होंने यहाँ के कार्यालय को निकट से देखा है। पुराने कार्यालय भवन का भी भविष्य में जनहित के कार्यों में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण प्रसन्नता का विषय है, जिससे विभागीय कार्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि पेटलावद क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ने के साथ कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसके चलते बिजली की मांग में भी वृद्धि हुई है। ट्रांसफार्मर, ग्रिड एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सभी प्रस्ताव उनके संज्ञान में हैं। शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगामी वर्ष में आवश्यक स्वीकृतियाँ प्रदान कर किसानों को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि नवीन भवन के लोकार्पण से विद्युत वितरण कंपनी को एक आधुनिक एवं सुसज्जित कार्यस्थल प्राप्त हुआ है, जिससे कार्य दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से उपभोक्ताओं और किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण, बेहतर समन्वय एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जा सकेगी। आमजन अपनी समस्याओं को लेकर सीधे कार्यालय पहुँच सकेंगे, जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। कलेक्टर ने भवन के कुशल रखरखाव पर भी जोर देते हुए कहा कि निर्माण के साथ-साथ स्वच्छता, सुरक्षा एवं मेंटेनेंस बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष श्री भानु भूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि परिसर की अनुकूल व्यवस्था एवं बैठक सुविधाएँ कार्य वातावरण को सकारात्मक बनाती हैं, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुसज्जित भवन का निर्माण हुआ है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। लोकार्पण उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा नवीन भवन का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाचले, तहसीलदार, अधीक्षण यंत्री डी.एस. राजपूत, कार्यपालन यंत्री महेन्द्र पंवार, सुखदेव मंडलोई, पुरुषोत्तम वैरागी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# हरदा डिग्री कॉलेज में स्टूडेंट्स डे का हुआ आयोजन




**समय जगत, हरदा।** विगत दिनों से चल रही हरदा डिग्री कॉलेज में खेल गतिविधियां,साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का समापन रंगारंग प्रस्तुतियों व पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भरे रंगारंग आयोजन में मुख्य अतिथि कमल पटेल विशिष्ट अतिथि डॉ प्रभु शंकर शुक्ल,डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल, प्रिंसिपल डॉ अभिलाष सिंहल, उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव,डॉ सोनिया मोढ़ एवं सत्येंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।युगल नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विक्रांत अग्रवाल व सुश्री राधिका राठौर ने ड्यूएट डांस की श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन किया।सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।अतिथियों के स्वागत के साथ डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी प्रतिवेदन के माध्यम से दी।सांस्कृतिक आयोजन के प्रारंभ मे राजस्थानी संस्कृति की झलक समूह व्यक्ति के रूप में मंच पर देखने को मिली।इसमें श्रुतिका, स्वाति,कनक,सुहानी,सानिया, कशिश,यशस्वी,नेहा एवं कविता ने खूबसूरत प्रस्तुति को मंच से प्रस्तुत किया।इस नृत्य की कोरियोग्राफी प्रीति तिवारी मेडम व करिश्मा मेडम ने की और खूब तालियां बटोरी। डुएट डांस के रूप में प्राची और शैली ने एक मार्मिक दृश्य को अपने युगल नृत्य में प्रस्तुत किया।अगले क्रम में आकर्षण का केंद्र देवी स्तुति को पियंवदा,रितु,दीक्षा हर्षिता,स्नेहा,निकिता,रिया, प्राची एवं साक्षी ने मंच पर प्रस्तुत किया तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कनक कलोसिया ने मधुर आवाज में एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया,वहीं अंशिका और पलक के द्वारा डुएट डांस की प्रस्तुति भी दी गई। ग्रुप डांस के रूप में मानस, इकराम, आदित्य, ऋषभ, यश, प्रथम एवं आदित्य कलम द्वारा बॉलीवुड सॉन्ग पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।ड्यूएट डांस की कड़ी में घूमरो घूमरो के गाने पर खुशी व अलीशा ने,पारंपरिक वेशभूषा में प्रियंवदा एवं साक्षी ने मनोरम युगल नृत्य से सभी की वाहवाही लूटी। प्रेरणा एवं राजनंदिनी ने भी सुंदर युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। अनंत यादव के द्वारा समगीत के रूप में एक देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जिसमें वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। विशेष प्रस्तुति के रूप में रितिका अग्रवाल द्वारा मिमिक्री की प्रस्तुति दी गई जो विश्वविद्यालय स्तर पर एवं राज्य व जोन स्तर पर भी प्रस्तुत किया गया। पंजाब की संस्कृति को बताती हुई प्रस्तुति प्रेरणा,वैष्णवी, निहारिका, रेणुका,व सुनयना ने जब मंच पर प्रस्तुत की तो खूब तालियां बंटोरी।कवीर क्रियु के रूप में दिव्या,प्राची,शैली,साक्षी,व माही ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी।कशिश यादव ने एक शानदार प्रस्तुति के रूप में मंच से वृंदावन की झलक को खूबसूरत अंदाज़ में प्रस्तुत किया एवं मनमोहक छबि से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# संदर्भ मध्यप्रदेश तैलिक साहू अधिवक्ता निर्देशिका का गुवाहाटी में होगा विमोचन



**इटारसी।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट ने मध्यप्रदेश के तैलिक साहू अधिवक्ताओं की जानकारी वाली संदर्भ मध्यप्रदेश एडवोकेट डायरेक्टरी 2025-26 तैयार की है जिसका विमोचन गुवाहाटी (असम) में जयदत्त की क्षीरसागर राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा।

उक्त अधिवक्ता निर्देशिका हेतु पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल ऑफ इंडिया एवं सांसद विवेक कृष्ण तनखा, रामलाल गुप्ता (राष्ट्रीय महासचिव) डॉक्टर अरुण भस्मै (अपर महामंत्री) एवं ओम प्रकाश साहू (नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष) ने शुभकामना संदेश प्रेषित किये हैं।

श्री साहू ने बताया कि उक्त एडवोकेट डायरेक्टरी में 1515 अधिवक्ताओं की जानकारी का संकलन किया गया है जो देशभर में सामाजिक रूप से तैयार की गई प्रथम बुकलेट है, जिसके माध्यम से सामाजिक बंधु स्वजातीय अधिवक्ताओं से परिचित हो सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

राष्ट्रीय संगठन ने मध्यप्रदेश के रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी को विधि एवं एडवोकेट प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में नियुक्ति देते समय अधिवक्ताओं की डायरेक्टरी का प्रकाशन की अपेक्षा की गई थी जिसे श्री साहू ने अल्प समय पूर्ण किया है।

एडवोकेट डायरेक्टरी के प्रकाशन के अवसर पर संरक्षक बटन लाल साहू, डॉ हेमराज साहू रामलाल साहू रहटी,पूर्व अध्यक्ष ताराचंद साहू, उपाध्यक्ष शिवदयाल सिमरैया, ओम प्रकाश साहू इंदौर, महासचिव रमेश साहू बैरसिया,महिला अध्यक्ष श्रीमती आभा साहू, युवा अध्यक्ष कमलेश साहू रहली,हितेश साहू उदयपुरा सहित मध्य प्रदेश के सामाजिक बंधुओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है और श्री रमेश के साहू एडवोकेट इटारसीके सामाजिक समर्पण को मान्यता देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

एडवोकेट डायरेक्टरी के प्रका सन में सुबोध कठर एडवोकेट, एवं ऐश्वर्य पार्थ साहू एडवोकेट हाईकोर्ट जबलपुर ने विशेष सहयोग प्रदान किया है।

# गांधी मूल रूप से तीन रूप में थे-शरीर से संत,विचार और संस्था: महात्मा गांधी के सिद्धांत और विचार आज भी हैं पूर्णरूपेण प्रासंगिक और प्रेरणादायी: हरपाल ठाकुर



**समय जगत, आष्टा।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आष्टा नगर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा श्रंद्धाजलि सभा गांधी प्रतिमा जनपद परिषर आष्टा में आयोजित की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि आज हम सब यहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक महान व्यक्ति का जन्मदिन नहीं है, बल्कि यह सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता के मूल्यों को स्मरण करने का दिन है। महात्मा गांधी जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि बिना हथियार उठाए भी अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया जा सकता है। उनका विश्वास था कि अहिंसा सबसे बड़ा हथियार है और सत्य की राह पर चलकर ही स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने हमें सिखाया कि साधन जितने पवित्र होंगे, लक्ष्य उतना ही महान होगा। गांधी जी का जीवन सादगी, आत्मबल और सेवा का प्रतीक था। वे कहते थे— आप वह बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। आज के समय में, जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, गांधी जी के विचार हमें शांति, भाईचारे और समरसता का मार्ग दिखाते हैं। स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, समानता और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर उनके विचार आज भी हमें प्रेरणा देते हैं।आइए, इस गांधी पुण्यतिथि पर हम सभी यह संकल्प लें कि—हम सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलेंगे अहिंसा और प्रेम को अपनाएंगे समाज में व्याप्त भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध शांतिपूर्ण संघर्ष करेंगे और एक स्वच्छ, सशक्त एवं समावेशी भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। हरपाल ठाकुर ने कहा कि आज देश में गजब का माहौल है सत्ता में बैठे लोगों को मां गांधी का नाम पसंद नहीं और जो हिंदू धर्म के नाम पर सत्ता में आए कौन है शंकराचार्य जी से तकलीफ है तो सोचिए कांग्रेस के साथियों की जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है हमारे नेता राहुल जी ने कहा है डरो मत पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि आज भाजपा आरएसएस की विचारधारा देश की सत्ता पर काबिज है जो मूल रूप से गांधी एवं कांग्रेस के विचार को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे में हम सब कांग्रेस परिवार के साथियों की जिम्मेदारी बनती है कि हम मजबूती से गांधी जी के विचारों के द्वारा राहुल गांधी, जीतू पटवारी ,सज्जन वर्मा के नेतृत्व में मजबूती से संघर्ष करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। उपरोक्त अवसर पर आए हुए लोगों का आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी ने व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू किया। कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू,ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, मेहरबान सिंह मुंदीखेड़ी,एच आर परमाल, घनश्याम जांगड़ा,सुनिल कटारा,सन्नवर खान,देवबगस मेवाड़ा,नरेन्द्र कुशवाह, कमल सेठ, महेश चौधरी,नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रिजवान खान, डॉ एजाज खान,शेख रईस, मेहमूद अंसारी, रशीद नेताजी, रमेश मेवाड़ा,डा लखन बापचा, बलवान भाटी,प्यारे पटेल,शंकर सोनी, अजय सिंह बापचा,हरेंद्र नौगांव,यशवत भेरूपुर, चेतन भाटी,भैया मुजफ्फर,अशोक मंडलोई,चांद हाजी,राजकुमार नौगांव,रशीद अली,मसूद खान,अरबाज खान,नफीस शाह,शंकर बोडाना, यशवत मालवीय,अशफाक अली, अजाप भाटी,अफजल मसूरी,बने खा मंसूरी,अकबर शाह,जहीर अंसारी,इमरान,बसीर,राजा खान,फारुख पटेल,नफीस मैकेनिक,शादाब अली, अयान पठान आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत हुआ धरना-प्रदर्शन



**इटारसी।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय एवं नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी द्वारा नगर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इसके पश्चात मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। आज उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को बचाने के लिए संघर्ष आवश्यक है। वर्तमान सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी।

नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता की आजीविका का मजबूत आधार है। इस योजना में कटौती करना सीधे तौर पर आमजन के अधिकारों पर हमला है, जिसका कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

वरिष्ठ नेता मोहन झलिया ने कहा कि गांधी जी ने अंतिम व्यक्ति के कल्याण की बात कही थी और मनरेगा उसी सोच का परिणाम है। इसे बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

पूर्व अध्यक्ष पंकज राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीबों, किसानों और मजदूरों की आवाज़ उठाती रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर अमित गुप्ता, साधना सहगल सहित अन्य कांग्रेसजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण थापक ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामशंकर सोनकर द्वारा किया गया।

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने नगर के संपूर्ण कब्रिस्तानों की साफ़-सफाई लाइट, पानी की व्यवस्था कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सी एम ओ रामप्रकाश साहू को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मुस्लिम समाज का त्यौहार शब-ए-बारात का त्यौहार दिनांक 3 फरवरी दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। जिसमें सभी मुस्लिम समाज जनों द्वारा शाम के समय कब्रिस्तान में पहुंचकर अपने पूर्वजों के लिए दुआएं करते हैं, यह सिलसिला शाम से काफी रात तक चलता रहता है। मुस्लिम समाज अपने-अपने मोहल्लों की मस्जिदों में रहकर एवं घरों में रहकर खुद की इबादत करते हैं। इसलिए आसपास के कब्रिस्तान मस्जिदों के बाहर साफ सफाई लाइट व्यवस्था पानी की व्यवस्था करने के लिए मुस्लिम त्योहार कमेटी ने मांग की है। मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष सलमान अमीन ने कहा कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में कुछ कब्रिस्तान में लाइट साफ सफाई नहीं कराई थी जिससे मुस्लिम समाज में काफी आक्रोश था। इस बार नगर पालिका से समस्त कब्रिस्तानों की साफ सफाई लाइट पानी की व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सलमान अमीन जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान इरशाद गोरी एडवोकेट शोएब खान नसीम खान जावेद साहिल इरफान मंसूरी हाफिज शफीक वाजिद मियां वसीम अख्तर शकील मंसूरी अब्दुल अलीम आदि लोग उपस्थित रहे।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय में कंप्यूटर एवं टैली प्रशिक्षण का हुआ सफल समापन



**समय जगत, हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रायोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी कंप्यूटर व्यवहारिक टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विजय कुमार अग्रवाल द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. सोनाली चौहान ने बताया कि यह कंप्यूटर एवं टैली प्रशिक्षण शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है,जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह,लगन एवं अनुशासन के साथ इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ.सी वी रमन यूनिवर्सिटी खंडवा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.उमेश शर्मा,क्षेत्रीय प्रबंधक,डॉ. सी.वी.रमन यूनिवर्सिटी खंडवा ने विभिन्न रोजगारपरक पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में कंप्यूटर ज्ञान के बिना आगे बढ़ना कठिन है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता को आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर प्रो.स्वाति गुरु ने विद्यार्थियों को दिए गए प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए जीवन में कंप्यूटर एवं टैली कौशल के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विजय कुमार अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं टैली का ज्ञान व्यापार,लेखांकन,जीएसटी,बिलिंग आदि क्षेत्रों में रोजगार की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सैद्धांतिक ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान आज अधिक आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लेखांकन,जीएसटी, बिलिंग तथा व्यावहारिक टैली कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया,जिससे वे रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया।समापन समारोह में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो.बालकृष्ण विश्नोई द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रो.दिनेश ब्राम्हणे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ.महेंद्र सिंह सिरोही,डॉ.अंतिमा कनेरिया,डॉ.सोनिका बघेल सहित सहायक प्राध्यापकगण,प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए धरना -प्रदर्शन हुआ आयोजित



**नरेन्द्र शर्मा-समयजग, माचलपुर।** ब्लाक कांग्रेस के तत्वावधान में शुक्रवार को सोसायटी के सामने स्थित झंडा चौक पर मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई, जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 2005 ग्रामीण किसान मजदूरों के लिए रोजगार पर आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून बनाया था। जिसमें प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग का अधिकार था लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ग्रामीणों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि इसमें हुए बदलाव ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है तथा केंद्र की मजदूरी अंशदान को लगभग 90 प्रतिशत से कम कर 60 प्रतिशत कर देता है,जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया गया है, जबकि पहले ही राज्य की आर्थिक हालत खराब है। इस मौके पर वक्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को लेकर कहा कि खाद समय से नहीं मिलने, किसानों की फसलों के दाम नहीं मिलने बिजली के बिलों में वृद्धि सहित विभिन्न मुद्दे बहुत गंभीर हैं। धरने के बाद नारे बाजी करते हुए कांग्रेसियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति में राजस्व निरीक्षक राजेंद बरदनिया व कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी को सौंपा। जिसमें मनरेगा में केंद्र सरकार द्वारा किए गये संशोधनों पर पुनः विचार करने और योजना को पूर्व अनुसार लागू रखने की मांग की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी श्यामबाबू तेजरा,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत सिंह पोलखेड़ा,बालचन्द गुर्जर कुंडलिया, बलवंत सिंह गुर्जर, हरिसीह चाड,दयाराम राठौर, सुरेन्द्र चाड़, भोलाराम दुबे,राजेश राठौर सहित बड़ी संख्या कांग्रेसी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र चाड़ ( गुर्जर ) ने किया।

# ट्रैफिक नियम पालन एवं जागरुकता में टिमरनी पुलिस ने की विशेष पहल

**समय जगत,हरदा।** पुलिस अधीक्षक श्री शशांक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के निर्देशन में,एसडीओपी अनुभाग टिमरनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टिमरनी मय थाना स्टाफ के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के अंतर्गत ग्राम छिदगांव मेंल में गंजाल नदी के पास स्टापर लगाकर कैमरे के साथ वाहन चेकिंग की गई। जिसमें हेलमेट लगाने वाले वाहन चालकों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया,यातायात नियमों की जानकारी दी,राहवीर योजना के बारे में बताया,यातायात नियम पालन करने हेतु समझाइए दी गई।

# छात्रों में अनुशासन व ईमानदारी का विकास है जरूरी: एसडीएम




**सारंगपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में आज कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री रोहित तथा विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) अरविंद सिंह रहे। अन्य अतिथियों में विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, ओमप्रकाश राठी एवं डॉ ध्रुव भल्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश राठौर ने की। मुख्य अतिथि एसडीएम श्री रोहित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें चरण वंदना के बजाय आचरण वंदना करनी चाहिए। किसी व्यक्ति का सम्मान केवल चरण स्पर्श से नहीं, बल्कि उसके बताए मार्ग पर चलकर और अच्छे आचरण से किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी को अपनाएं। विशिष्ट अतिथि एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्र निर्माता है। यदि युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ेगी तो समाज स्वतः सशक्त बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे, अपराध और नकारात्मक सोच से दूर रहकर सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़ ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक तैयार करना है। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने स्मृति चिन्ह वितरित किए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा कई प्रकार के रोचक खेलों की भी सुंदर प्रस्तुति दी गई। अंत में सभी का सहभोज हुआ। कार्यक्रम में समस्त आचार्य परिवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम सुशील व्यास , दिनेशसिंह सिसोदिया, प्रमोद शर्मा, आदि शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करणसिंह मालवीय ने किया।

# 1575 वर्गफुट की विशाल रंगोली में जीवंत हुआ राम दरबार



**समय जगत, पचोर।** पचोर नगर के भोजपुरिया हनुमान मंदिर परिसर में आस्था, कला और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। कल्पना चौरसिया एवं उनकी टीम ने आठ दिनों की सतत मेहनत के बाद 1575 वर्गफीट (35म45 फीट) क्षेत्रफल में भगवान श्रीराम दरबार की भव्य रंगोली तैयार की। विशाल कृति को साकार करने में टीम ने दिन-रात परिश्रम किया और बेहद कम विश्राम के साथ लगातार कार्य करते हुए इसे पूर्णता दी। रंगोली की विशेषता यह रही कि इसे पारंपरिक शैली में मिट्टी और चॉक के माध्यम से तैयार किया गया। पहले अलग-अलग रंगों की मिट्टी बिछाई गई, उसके बाद चॉक से संपूर्ण आकृति उकेरी गई। फिर रंगों का संतुलित समावेश कर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की जीवंत छवि को आकर्षक रूप दिया गया। भव्य कृति को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक मंदिर परिसर पहुंचे। सांसद रोडमल नागर एवं नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की।

कल्पना का बयान कल्पना चौरसिया ने कहा, ÷राम दरबार की यह रंगोली हमारे लिए केवल कला नहीं, बल्कि आस्था और भक्ति का प्रतीक है। पूरी टीम ने समर्पण और श्रद्धा के साथ इसे तैयार किया है। यदि हमारी इस कृति से लोगों के मन में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति भाव जागृत होता है, तो हमारा प्रयास सफल है। उन्होंने बताया कि टीम का अगला लक्ष्य तिरुपति बालाजी में इससे भी बड़ी और भव्य रंगोली बनाना है। कल्पना ने यह भी बताया कि वे पूर्व में कई धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर आकर्षक और विशाल रंगोलियां बना चुकी हैं, जिन्हें व्यापक सराहना मिली है। यह रही टीम कल्पना चौरसिया के नेतृत्व में निधि शर्मा, हर्षिता शर्मा, अंजू आर्य, संगीता बारेला, अभिषेक राठौर, नीलम चौरसिया, जयंति बैरागी, राधिका पांडेय, पूनम चौरसिया, सपना भाट एवं मीनू राजपूत ने इस भव्य कृति को आकार दिया।